# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 30 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-43 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में रामनवमी उत्सव के दौरान खूनी संघर्ष में दो की मौत

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग शहर में लगभग 72 घंटे तक चलने वाली रामनवमी, दशमी और एकादशी शोभायात्रा के दौरान आपसी रंजिश और अखाड़ों के बीच हुए हिंसक टकराव ने उत्सव के रंग में भंग डाल दिया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में हुई झड़पों, पत्थरबाजी और भारी भीड़ के दबाव के कारण अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है। शोभायात्रा के दौरान अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन के दौरान 450 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में पांच की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है।

### प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या चार आरोपित गिरफ्तार

**उरई।** जनपद के थाना कैलिया क्षेत्र में एक युवक की हत्या के बाद शव को जलाकर सबूत मिटाने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने मात्र 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि 26 मार्च को थाना कैलिया में ग्राम उमरी का पुरा, थाना रेंढर निवासी गिरजाशंकर ने तहरीर दी कि उनके पुत्र अमित नरवरिया (24) की हत्या कर शव को जला दिया गया है।

### ईंट भट्ठा के पास एक गड्ढे में डूबने से दो बच्चे की मौत

**भागलपुर।** जिले के महेशी पंचायत के मोतीचक स्थित एक ईंट भट्ठा के पास एक गड्ढे में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजन मुंनीलाल सदा ने बताया कि वो मोतीचक एन एम ईंट भट्ठा में काम करते हैं। रविवार को दोनों बच्चे ईंट भट्ठा के पास एक गड्ढे में डूब गए। गड्ढे से निकालकर आनन फानन में दोनों बच्चे को रेफरल अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मध्य प्रदेश: एक ही परिवार के तीन लोगों की जलकर मौत

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में दुर्घटना के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। हालांकि, 3 लोगों को राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बचा लिया। यह दुखद घटना शनिवार देर रात बैहर-मलजखंड सड़क पर केवलारी चौराहे के पास घटी। जानकारी के मुताबिक, कार को सीताम केलकर (30) चला रहे थे, तभी कार एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और एक ढलान से नीचे गिर गई।

## बिहार बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी, 81.79% छात्र हुए उत्तीर्ण

# पुष्पांजलि व सबरीन बनीं स्टेट टॉपर

### टॉप-5 में 13 और टॉप-10 में 139 छात्र शामिल



**पटना (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने रविवार को मैट्रिक 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बोर्ड कार्यालय में रिजल्ट जारी किया। इस बार 12 लाख 35 हजार 743 छात्र सफल हुए हैं यानी 81.79 परसेंट छात्र पास हुए हैं। जमुई की सिमुलतला आवासीय विद्यालय की छात्रा पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली की उच्च माध्यमिक विद्यालय चौड़ाही की छात्रा सबरीन परवीन ने टॉप किया है। 98.4% मार्क्स के साथ दोनों छात्रा फर्स्ट रैंक लाई हैं। दोनों ने 500 में 492 नंबर लाए हैं। वहीं बेगूसराय की नाहिद सुल्ताना ने 489 नंबर लाकर स्टेट में सेकेंड टॉप किया है। जबकि थर्ड टॉपर में दो छात्र हैं। बक्सर की अनूपा कुमारी और बेगूसराय के ओमकार कुमार, इन दोनों को 488 नंबर मिले हैं। वहीं टॉप-10 में कुल 139 छात्र शामिल हैं। इनमें टॉप-3 में कुल 5 छात्र हैं, जिनमें 3 लड़कियां शामिल हैं। वहीं टॉप-5 में 13 छात्र हैं, जिनमें 7 लड़के शामिल हैं। जबकि रैंक 6 से 10 के बीच 126 छात्र हैं।

**सबसे ज्यादा औरंगाबाद के छात्र टॉपर :** टॉपर्स में सबसे ज्यादा 14 छात्र औरंगाबाद के हैं। इसके बाद बेगूसराय में सबसे ज्यादा 13 छात्रों ने टॉप किया है। वहीं बांका, नवादा और गया में 6 छात्र टॉपर रहे। बता दें मैट्रिक की परीक्षा 17 से 26 फरवरी के बीच प्रदेश के 1762 परीक्षा सेंटर्स पर हुई थी।

**लड़कियों ने फिर मारी बाजी :** छात्राओं का रिजल्ट प्रतिशत छात्रों से बेहतर है। 6 लाख 01 हजार 390 छात्र (48.66%) सफल रहे। वहीं 6,34,353 छात्राओं ने सफलता पाई है, जिनका प्रतिशत 51.33 है। लड़कियां का पासिंग परसेंटेज लड़कों से करीब 3% ज्यादा है।

### 12 दिनों के मूल्यांकन के भीतर रिजल्ट जारी : शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मैट्रिक का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। वेबसाइट पर सभी छात्र-छात्राएं परीक्षाफल को दिखे सकते हैं। आनंद किशोर और उनकी टीम को बधाई देता हूं। बिहार पहला राज्य जहां इंटर और मैट्रिक का रिजल्ट मार्च में निकला है। 12 दिनों के मूल्यांकन के भीतर रिजल्ट जारी किया गया है।

### साइंटिस्ट बनना चाहती हैं पुष्पांजलि

**बोली-स्टेट टॉपर दोनों छात्राएं**




**पटना (एनएसबी)।** स्टेट टॉपर बनी दोनों छात्राएं मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं। पुष्पाजंलि कुमारी के पिता सरकारी स्कूल के टीचर हैं। पुष्पांजलि ने कहा कि उन्हें विज्ञान और गणित में विशेष रुचि है। इसलिए वह बड़ा होकर साइंटिस्ट बनना चाहती है। पुष्पांजलि ने कहा, मैं शुरू से ही टॉपर बनना चाहती थी। इसके लिए मैंने दिन-रात मेहनत की और सेल्फ स्टडी पर खास ध्यान दिया। आज मेरा सपना पूरा हो गया है। मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और शिक्षकों को देना चाहती हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

### टायर की दुकान चलाते हैं सबरीन के पिता

वैशाली की रहने वाली सबरीन परवीन के पिता मो. सज्जाद आलम पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में टायर की दुकान चलाते हैं, जबकि उनकी मां अंगूरी खातून गृहिणी हैं। सबरीन तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं और उनके दो छोटे भाई हैं। सबरिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा, कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित पढ़ाई की बदौलत ही मुझे आज यह सफलता मिली है।

### मैट्रिक परिणाम पर मुख्यमंत्री नीतीश ने दी बधाई



**पटना (एनएसबी)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक परीक्षा-2026 में सफल हुए छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस वर्ष कुल 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जिनमें छात्राओं का प्रदर्शन विशेष रूप से बेहतर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छात्राओं की उत्तीर्णता दर 86.23 प्रतिशत रही, जबकि छात्रों की सफलता दर 84.09 प्रतिशत दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि इस बार दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है।

## पूर्व प्रधानमंत्री ओली को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया



**काठमांडू (एजेंसी)।** अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तथा पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को हिरासत में रख कर जांच आगे बढ़ाने का आदेश दिया है। जिला अदालत काठमांडू के न्यायाधीश आनंद प्रसाद श्रेष्ठ की इजलास ने रविवार को 5 दिनों की रिमांड की अनुमति दी। सरकारी वकील ने 10 दिनों की हिरासत की मांग की थी। जेन-जी आंदोलन के दौरान ओली प्रधानमंत्री थे, जबकि रमेश लेखक गृहमंत्री थे। उस आंदोलन में हुए दमन की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक के खिलाफ आपराधिक मामले में कार्रवाई की सिफारिश की थी। उसी सिफारिश के आधार पर आवश्यक गिरफ्तारी वारंट जारी कर शनिवार सुबह ओली और लेखक को गिरफ्तार किया गया था।

### भागलपुर में सड़क दुघर्टना में दो किशोर की मौत

**भागलपुर (एनएसबी)।** जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क के समीप बीते देर रात हुए सड़क हादसे में दो किशोर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान सचिन कुमार (16 वर्ष), पिता सुभाष मंडल, ग्राम एकचारी, थाना रसूलपुर, जिला भागलपुर तथा अभिषेक कुमार (15 वर्ष), पिता (स्व.) की दादी बी मेहता, ग्राम कटोरिया, थाना कटोरिया, जिला बांका के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अभिषेक अपने नानी के घर मेला देखने आया हुआ था।

## पटना स्थित सीएम आवास पर जदयू नेताओं की हुई बैठक

# नीतीश आज एमएलसी पद से दे सकते इस्तीफा


**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर के बाद प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। नीतीश कुमार के बिहार विधान परिषद के सदस्य पद से इस्तीफा देने की आखिरी तारीख 30 मार्च तय है। वे सोमवार को एमएलसी पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस बीच पटना स्थित सीएम आवास पर जदयू नेताओं की अहम बैठक हुई। बैठक में मोकामा विधायक अनंत सिंह, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, मंत्री विजय चौधरी समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। इससे पहले राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान गायब रहने वाले कांग्रेस के बागी विधायक सुरेंद्र कुशवाहा मंत्री अशोक चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। कांग्रेस विधायक के जदयू में शामिल होने की चर्चा है। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधायक पद से इस्तीफा देने का कार्यक्रम अचानक टल गया है। वे असम के डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। वे आज विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले थे।

**अशोक चौधरी से मिले कांग्रेस विधायक सुरेंद्र कुशवाहा**

**नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद बांकीपुर सीट पर उपचुनाव की संभावना**


**नीतीश को कहा इस्तीफा नहीं देने, वो नहीं माने :** विधायक अनंत सिंह सीएम नीतीश से मिलने के बाद तुरंत निकल गए। बाहर आकर उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई है। उनको प्रणाम किए हम चल दिए। कल एमएलसी पद से नीतीश इस्तीफा देंगे, के सवाल पर अनंत ने कहा कि नीतीश कुमार को बहुत मनाने का कोशिश किए कि वो इस्तीफा नहीं दें, लेकिन वो नहीं माने।

### प्रेम कुमार को दिल्ली बुलाया गया



इस बीच विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को भी दिल्ली बुलाया गया है। वो सुबह 10 बजे दिल्ली के लिए निकल गए। प्रेम कुमार शनिवार की रात ही दिल्ली से पटना पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुछ कार्यक्रम था, जिसके लिए मैं गया था। प्रदेश अध्यक्ष ने मुझे इस्तीफे की जानकारी दी तो मैं आ गया, लेकिन किसी इमरजेंसी के कारण बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन असम रवाना हो गए। अब जल्द ही जो तारीख निर्धारित होगी, उसमें इस्तीफा होगा। बता दें हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। अब वे संवैधानिक प्रक्रिया के तहत विधायक पद से इस्तीफा देंगे। बांकीपुर विधानसभा के पिछले 5 बार विधायक रहे हैं।

## केंद्र का फैसला : पेट्रोल पम्प पर अब केरोसिन भी मिलेगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने रविवार को फैसला लिया है कि अब राशन की दुकानों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन मिल सकेगा। अब सरकारी तेल कंपनियां तय किए गए पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन रख और बांट सकेंगी। हर जिले में राज्य सरकार या केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन अधिकतम 2 पेट्रोल पंप चुनेंगे, जहां यह सुविधा दी जाएगी। इन पेट्रोल पंपों पर अधिकतम 5 हजार लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा। सरकार ने सप्लाई आसान बनाने के लिए 60 दिनों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के नियमों में ढील दी है, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक तेल समय पर पहुंच सके। सरकार का ये फैसला अमेरिका-इजराइल की ईरान संघर्ष के कारण लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण भारत में गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी है।

### केरोसिन का इस्तेमाल सिर्फ खाना बनाने और रोशनी के लिए ही होगा

1. एक पेट्रोल पंप पर 5,000 लीटर से ज्यादा स्टॉक नहीं रखा जाएगा
2. सभी सुरक्षा नियमों और संचालन गाइडलाइन का पालन जरूरी होगा
3. केरोसिन के स्टॉक, सप्लाई और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा
4. प्रशासन और संबंधित एजेंसियां कभी भी इसकी जांच कर सकती हैं

### नियमों में क्या छूट दी गई

1. केरोसिन बांटने वाले एजेंट और डीलरों को कुछ लाइसेंस लेने से छूट दी गई
2. टैंकरों से केरोसिन उतारने (सप्लाई) के नियम भी आसान किए गए
3. पेट्रोल पंपों पर केरोसिन स्टोर और वितरण की अस्थायी अनुमति दी गई

## पारंपरिक मुंडू पहनकर पलक्कड़ पहुंचे पीएम मोदी, बोले-

# केरल में अब चुनावी माहौल नहीं, जनआंदोलन की लहर



**नई दिल्ली/पलक्कड़ (एजेंसी)।** केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को केरल के पलक्कड़ पहुंचे, जहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल वेशभूषा मुंडू (धोती) पहने नजर आए। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "उन्हें केरल में एक नई ऊर्जा और बदलाव की लहर महसूस हो रही है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय राज्य की जनता और भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकताओं की मेहनत को दिया।" उन्होंने कहा कि कई कार्यकताओं ने राजनीतिक हिंसा के कारण अपने प्राण गंवाए हैं और उन्होंने मंच से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल अब बदलाव का संदेश दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और लोगों का भरोसा भाजपा पर मजबूत हो रहा है। उन्होंने सभा में मौजूद भारी भीड़ को इस बदलाव का संकेत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ चुनावी माहौल नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने पलक्कड़ की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि पलक्कड़ को केरल का प्रवेश द्वार कहा जाता है और यहां की हरियाली, परंपराएं और मेहनतकश लोग इसे विशेष बनाते हैं।

### मन की बात

**जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट : प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं।

## बंगाल चुनाव : कांग्रेस ने 284 नामों की पहली लिस्ट की जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए रविवार शाम 284 नामों की लिस्ट जारी की। राज्य में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं। लोकसभा चुनाव हारे अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर से प्रत्याशी बनाया गया है। मालातीपुर से मौसम नूर को टिकट दिया गया है। इधर, पीएम मोदी ने रविवार को केरल पहुंचे। उन्होंने यहां भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरूआत की। पलक्कड़ में पहली रैली की। इसके बाद वे त्रिशूर पहुंचे थे। यहां उनकी रैली 34 मिनट की थी। पलक्कड़ में पीएम ने कहा-दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ छ्‌ऊ‍ॠ‌ दूसरी तरफ वऊ‍ॠ‌ एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। छऊ‍ॠ‌ और वऊ‍ॠ‌ की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं।

## कुरियर से 16 लाख की शराब पहुंची पटना, एजेंट गिरफ्तार

**नलबाड़ी में एक जनसभा में बोले-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**



**पटना (एनएसबी)।** जक्कनपुर थाना क्षेत्र के करबिगहिया ट्रैफिक पोस्ट के पास से भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की गई है। इस खेप की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 10 से 16 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार (23 वर्ष) नाम का एक एजेंट भी पकड़ा है, जिससे फिलहाल पूछताछ जारी है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात लगभग 10:49 बजे के करीब एक पिकअप वैन करबिगहिया से गुजर रहा था। पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को देखकर पिकअप वैन का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस की महिला कर्मी संगीता ने पिकअप वैन में रखे कार्टून को देखकर थाने को खबर की। जिसके बाद गश्ती गाड़ी पहुंची और पिकअप वैन को थाने लाकर चेक किया गया, जिसमें अलग-अलग कार्टून में लगभग 881 लीटर चंडीगढ़ निर्मित शराब की बोतल पाई गई। पुलिस के मुताबिक, कुरियर के जरिए शराब पटना आई है। जिस कंपनी के नाम से कुरियर मंगाया गया है। उसके एक कर्मी को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसने बताया कि शराब किसकी है, मुझे पता नहीं। कुरियर के जरिए निटको करबिगहिया में कार्टून आया था। जो हाइड्रो केमिकल के नाम पर बुकिंग की थी। इधर, गिरफ्तार एजेंट धर्मेंद्र ने बताया कि पटना सिटी में इसकी डिलीवरी होनी थी। उसने पुलिस के सामने मुख्य तस्कर का नाम भी बताया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस फिलहाल छापामारी कर रही है। अभी तक की पूछताछ में कई राज्यों से इसके कनेक्शन सामने आए हैं।

## छत्तीसगढ़: सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी माओवादी ढेर

**रायपुर/सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के पोलमपल्ली पुलिस थाना इलाके में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया।

माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खास इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर सुकमा की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) टीम ने यह ऑपरेशन शुरू किया था। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि डीआरजी टीम ने घने जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कॉम्बिंग के दौरान रविवार सुबह से सुरक्षाकर्मियों और माओवादी ग्रुप के बीच रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। उन्होंने बताया कि फायरिंग रुकने के बा, सर्च टीम ने एनकाउंटर वाली जगह की अच्छी तरह से तलाशी ली। इस दौरान एक पुरुष माओवादी का शव और हथियार बरामद किया गया। मारे गए माओवादी की पहचान पीपीसीएम मूचाकी कैलाश के रूप में हुई है, जो सुकमा जिले के चिंतलनार पुलिस स्टेशन के पूलनपाड़ का रहने वाला था। वह सीपीआई (माओवादी) संगठन के प्लाटून नंबर 31 में सेक्शन कमांडर के पद पर था।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने मैट्रिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दी बधाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने वाले तमाम छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। इस बार परीक्षा में 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। छात्राओं की उतीर्णता का प्रतिशत 86.23 जबकि छात्रों का प्रतिशत 84.09 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मैट्रिक की परीक्षा में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है, साथ ही कुल मिलाकर सभी छात्राओं का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। छात्राओं की यह उपलब्धि महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण है। बालिकाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों ने भी अच्छी सफलता हासिल की है। सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मैं कामना करता हूं।

### अवैध हथियार के साथ पैक्स अध्यक्ष समेत दो गिरफ्तार

**पटना।** नौबतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार और कारतूस के साथ पैक्स अध्यक्ष और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने पत्रकारों को दी। पुलिस के मुताबिक शनिवार/रविवार की रात्रि में पुलिस को सूचना मिली की नौबतपुर थाना अन्तर्गत ग्राम साबरचक निवासी रवींद्र कुमार, जो वर्तमान में पैक्स अध्यक्ष है, अपने घर पर अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए हैं। सूचना के आलोक में नगर पुलिस अधीक्षक, (पश्चिम) पटना के निर्देशन में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-2. फुलवारीशरीफ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने साबरचक निवासी रवींद्र कुमार के घर पर छापामारी कर इनके घर से बैग में 02 देशी कट्टा, 16 जिंदा कारतूस, 20 खोखा एवं नकद राशि-89810 तथा 01 चाकू बरामद किया। इनकी निशानदेही पर साबरचक में ही रवींद्र कुमार के पुराने वाले घर पर भी छापामारी कर वहां से 0.315 बोर का 01 राइफल बरामद करते हुए घर के मालिक संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में नौबतपुर थाना में काण्ड दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### शोरूम में चोरी करने वाले चार बदमाश 11 मोबाइल के साथ गिरफ्तार

**पटना।** बिहटा थाना क्षेत्र स्थित शोरूम से मोबाइल फोन चोरी मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को दबोच लिया है। यह जानकारी प्रेस कन्फ्रेंस में सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने दी। पुलिस के मुताबिक पहली मार्च की रात्रि में बिहटा थानान्तर्गत कन्हौली बाजार में वर्ल्ड मोबाइल दुकान से 72 मोबाइल एवं अन्य सामग्री की चोरी हुई थी। इस संबंध में लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध बिहटा थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक, (पश्चिम) पटना के निर्देशन में थानाध्यक्ष बिहटा एवं तकनीकी टीम, पश्चिमी कार्यालय के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी एवं तकनीकी सहयोग से 27 मार्च को दो व्यक्ति को चोरी के 07 मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा शेष मोबाइल एवं अन्य सामान की बरामदगी तथा घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में तकनीकी सहयोग एवं गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान पर घटना में संलिप्त 04 अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा इन सभी के पास से उक्त चोरी के 11 मोबाइल एवं 01 वाशिंग मशीन बरामद की गयी।

### बढ़े बिजली दर का सबसे ज्यादा प्रभाव छात्रों और गृहिणियों पर : राजद

**पटना।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने पीक आवर (शाम छः बजे से रात्रि दस बजे) में बढ़ाए गये बिजली दर को वापस लेने और 24 घंटे एक ही दर से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जब से राज्य सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है, तब से पूरे बिहार में बिजली की कटौती काफी बढ़ गई है। पीक आवर में ही बिजली की कटौती ज्यादा होती है जिसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की पढ़ाई और गृहिणियों की रसोई घर में पड़ता है। अब सरकार ने शाम छह बजे से रात दस बजे तक बिजली की कीमत महंगी करने का निर्णय लिया है जबकि शाम छह से रात दस बजे तक ही बिजली की ज्यादा आवश्यकता रहती है और खपत भी ज्यादा होती है। सरकार के इस निर्णय से सबसे ज्यादा छात्र और गृहिणी प्रभावित होंगे। यह समय छात्रों के पढ़ने और गृहणियों के खाना बनाने का रहता है। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली शुल्क की अनियमित और मनमानी कटौती के कारण पहले से ही उपभोक्ताओं की परेशानी काफी बढ़ गई है और अब बढ़े हुए शुल्क के कारण उपभोक्ताओं पर और भी ज्यादा आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। मार्च महीने में ही गर्मी पड़ने लगी है। पूरे बिहार में बिजली की कटौती भी शुरू हो गई। साथ ही सरकार ने नया फरमान भी जारी कर दिया है। शाम में बिजली की कीमत बढ़ाई जाती है तो मुफ्त बिजली देने के फैसले का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। यह बिहार की जनता के साथ नाइंसाफी और वादाखिलाफी होगा।उन्होंने राज्य सरकार से बिजली कटौती बंद करने, सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने, स्मार्ट मीटर वापस लेने और 24 घण्टे एक ही दर पर बिजली उपलब्ध कराने की मांग की।

### डॉ. रश्मि रेखा के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र राम ने जताई गहरी संवेदना

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री विश्वामोहन शर्मा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रश्मि रेखा का आज मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में लगभग 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लंबे समय तक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहीं। सिविल सर्जन एवं डायरेक्टर के पद पर कार्य करते हुए उन्होंने उल्लेखनीय सेवाएं दीं थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने डॉ. रश्मि रेखा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन समाज और चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि डॉ. रश्मि रेखा ने अपने सेवा काल में हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे अपने समर्पण एवं मानवीय संवेदना के लिए सदैव याद की जाएंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की। डॉ. रश्मि रेखा की अंत्येष्टि कल 30 अप्रैल को प्रातः 8 बजे पटना के दीघा घाट पर की जाएगी। पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ ने भी डॉ. रश्मि रेखा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नेमन सिंह की याद में शोकसभा लोगों ने चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**फतुहा।** वाणी पुस्तकालय में रविवार को कांग्रेस के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष नेमन सिंह की याद में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोगों ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। हमलोगों को उनके आदर्शों का संवरण करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे। गत मंगलवार को नेमन सिंह का निधन हो गया था।

### 84 वर्ष की आयु में भाकपा माले नेता एनामुल हक का निधन, साथियों ने दी श्रद्धांजलि

**पटना।** भाकपा माले राज्य सचिव कुणाल ने वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एनामुल हक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। 84 वर्ष की आयु में आज सुबह एनामुल हक ने पटना के रुबन अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से फेफड़ों के संक्रमण से पीड़ित थे और उपचाररत थे। एनामुल हक पार्टी के शुरुआती दौर से ही पटना शहर में पार्टी निर्माण से जुड़े रहे और जीवनपर्यंत सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे। कठिन परिस्थितियों और अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा अडिग रही। बढ़ती उम्र और अस्वस्थता के बावजूद वे लगातार पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेते रहे, जो उनकी प्रतिबद्धता और जुझारूपन का प्रमाण है। वे सच्चे कम्युनिस्ट थे, जिनके भीतर पार्टी और जनआंदोलनों के प्रति गहरा उत्साह और चिंता थी। देश-दुनिया की घटनाओं पर उनकी पैनी निगाह रहती थी और वे हमेशा साथियों के सुख-दुख में सहभागी रहते थे। पार्टी के विकास और विस्तार को लेकर उनकी निरंतर चिंता और सक्रियता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। भाकपा माले ने उनके निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि पार्टी शोक संतप्त परिजनों पत्नी रकीबा खातून, तीन पुत्रों और पुत्रियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है। भाकपा माले एनामुल हक के समर्पित जीवन और उनके संघर्षशील व्यक्तित्व को सलाम करती है और संकल्प लेती है कि उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए पार्टी और जनआंदोलनों को आगे बढ़ाया जाएगा।

# तेजाब पीड़ितों का करें मुफ्त इलाज

## सभी अस्पतालों में लगे इस आशय का बोर्ड : जस्टिस राजीव रंजन

नवसंदेश ब्यूरो

**पटना।** एसिड अटैक के पीड़ितों को सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मुहैया कराने का प्रावधान है। उनके कानूनी अधिकारों की उन्हें समुचित जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। ये बातें पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने कहीं। जस्टिस प्रसाद बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से तेजाब पीड़ितों को जागरूक करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इसमें नालसा (नेशनल लीगल सर्विस अथिरिटी) स्कीम, 2016 के स्तर से एसिड अकैट के शिकार लोगों को न्यायिक सेवाएं मुहैया कराने से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में इस तरह का बोर्ड लगाना चाहिए, जिसमें यह लिखा हो कि यहां एसिड अटैक के पीड़ितों का मुफ्त इलाज कराया जाता है। इसके लिए राज्य के स्वास्थ्य महकमा को सभी अस्पतालों को तुरंत निर्देश जारी करना चाहिए। महिला से जुड़े सभी प्रमुख अपराधों में मुफ्त इलाज करने का प्रावधान है।

जस्टिस प्रसाद ने कहा कि कई मामलों में तेजाब पीड़ितों का मुफ्त इलाज करने वाले अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के स्तर से समय पर राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। ऐसे मामलों में भी सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तेजाब से पीड़ितों को समय पर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही मुआवजा और कानूनी सलाह भी ससमय उपलब्ध कराई जाए। मुआवजा देने से संबंधित कई मामले 2015, 2016 से लंबित हैं, इनका निपटारा तुरंत कराने की जरूरत है। हर जिले में मुआवजा समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कमेटी गठित है, लेकिन इनके समय पर बैठकें नहीं करने के कारण मामले लंबित पड़े हैं। बालसा ने इसके पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए आवंटित 9 करोड़ रुपये की राशि सरकार को वापस कर दी, यह दर्शाता है कि हम पीड़ितों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। लोगों से कहा कि अगर राज्य समय पर मुआवजा नहीं दे रहे हैं, तो वे कोर्ट आएं। उन्होंने कहा कि जिनके लिए काम करने का मौका मिला है, उनके लिए काम करें। ऐसा नहीं करने वाले भी उतने ही दोषी हैं, जितने इन वारदातों को अंजाम देने वाले गुनहगार दोषी हैं। यह सिर्फ कानून का विषय नहीं है, बल्कि, सवाल इसके प्रावधानों को लागू करने का है। जो लोग उच्च पदों पर बैठें हैं, उनमें इस मामले को लेकर अधिक संवेदनशीलता पैदा करने की जरूरत है।

मौके पर पटना हाईकोर्ट के जस्टिस मोहित कुमार साह ने कहा कि नए कानून में एसिड अटैक के दोषियों को कम से कम 10 वर्ष और अधिकतम उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान है। उन्होंने इसे रोकने के लिए कुछ खास नियमों को सख्ती से लागू करने की बात कही। तेजाब की बिक्री को लेकर सख्त नियम-कायदा का पालन हो और इसे तोड़ने वालों को भी सख्त सजा दिलाई जाए। लोगों को इन नियमों की जानकारी देनी चाहिए। इसे लागू करने वाले सभी हितधारकों की समुचित ट्रेनिंग कराई जाए। अगर कहीं कोई घटना होती है, तो सरकारी महकमा को तुरंत हरकत में आना चाहिए और चिकित्सीय सहायता, मुआवजा देने, कानूनी सलाह देने से लेकर सभी जरूरी मदद तुरंत मुहैया करानी चाहिए।

**विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यक्रम में बोले पटना हाईकोर्ट के जज**

**तेजाब पीड़ितों को अधिकारों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता**

गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार तेजाब पीड़ितों को मुआवजा देने से लेकर हर सहायता समय पर उपलब्ध कराने में लगी है। मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में अभियोजन पदाधिकारी के अलावा कम समय में सटीक रिपोर्ट के लिए एफएसएल की संख्या भी बढ़ाई गई है। आज मुकदमों में पांच गुणा अधिक गवाह उपस्थित हो रहे हैं। इन मामलों की स्पीडी ट्रायल कराने की जरूत है।

डीजीपी विनय कुमार ने तेजाब कांड से जुड़े सूबे की एक दलित परिवार की पीड़िता की मार्मिक घटना सुनाते हुए कहा कि इस मामले में सभी अभियुक्त अभी जमानत पर हैं। कोर्ट में 2012 से अब तक लगातार सुनवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में एसिड अटैक से जुड़े 2012 के बाद से अब तक 160 मामले सामने आए हैं, जिसमें 108 को मुआवजा मिल चुका है। मुजफ्फरपुर के एक मामले में अभियुक्त को ट्रायल कराकर सजा दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी घटना कहीं होती है, तो रेंज आईजी और डीआईजी घटनास्थल का भ्रमण करें। एसपी लगातार इन घटनाओं की मॉनीटरिंग करें और पीड़िता को मुआवजा दिलाने से लेकर आरोपियों को सजा दिलाने में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करें। तेजाब बेचने वाली सभी दुकानों को नियंत्रित करते हुए बिना पहचान पत्र लिए किसी को एसिड नहीं दी जाए। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदन प्रेयषी ने कहा कि बिहार में एसिड अटैक के ममलों में बढ़ोतरी हुई है। 2021 में 176, 2022 में 202 और 2023 में 207 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनकी सहायता के लिए विभाग के स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 181 भी कार्यरत है। पीड़िताओं की कउंसिलिंग से लेकर उन्हें हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाने के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को इसके पीड़ितों को मुफ्त उपचार करना अनिवार्य है। किसी आय वर्ग के लोग इससे पीड़ित हैं, तो उन्हें मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत लाभ देने का प्रावधान है। सभी तरह की चिकित्सा पीड़िता को मुफ्त उपलब्ध कराने का नियम सरकार ने बना रखा है।



नीट की छात्रा की दुष्कर्म और हत्या के आरोपितों को सजा दिलाने की मांग को लेकर गर्दनीबाग में दिया गण धरना।

## म्यूजिक डायरेक्टर साजिद के भाई को जेल

**पटना के डॉक्टर से लाखों रुपए की ठगी का मामला**

**पटना (एनएसबी)।** पटना के डॉक्टर से 71 लाख रुपए की ठगी के मामले में बॉलीवुड के म्यूजिक डायरेक्टर साजिद-वाजिद के सौतेले भाई सिंगर जावेद शराफत अली खान को पटना पुलिस मुंबई से गिरफ्तार कर पटना लाई थी। रविवार को पुलिस ने उसे पटना सिविल कोर्ट में पेश किया था जहां से उसे उसे 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जावेद खान पर पटना के डॉक्टर सैयद शाहिद महमूद से करीब 71 लाख रुपए की ठगी करने का आरोप है। यह रकम म्यूजिक तैयार करने के नाम पर ली गई। वर्ष 2024 में पीड़ित ने गांधी मैदान थाने में इसकी प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## मगही लघु फिल्म 'दोस्ती' को प्रथम पुरस्कार

**पटना (एसएनबी)।** मगही कनेक्शन के तत्वावधान में आयोजित मगही महोत्सव के दूसरे दिन मगही फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दरम्यान मगही लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई, दिसंबर 2025 में घोषित इस प्रतियोगिता में कुल 48 फिल्मों की प्रविष्टि आई थी। प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध फिल्म पटकथा लेखक शैबाल जी, बॉलीवुड फिल्मों के निर्देशक अभिलाष शर्मा और फिल्म अभिनेता बुल्लू कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में सामाजिक सरोकारों पर आधारित फिल्मों ने खास प्रभाव छोड़ा। प्रथम पुरस्कार 'दोस्ती' फिल्म को दिया गया, जो साधारण गांव की पृष्ठभूमि में लड़कियों की शिक्षा के महत्व को दर्शाती है। द्वितीय स्थान महिलाओं पर केंद्रित फिल्म 'एक कप चाह' को मिला, जबकि तृतीय स्थान भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित फिल्म 'आशाएं' को दिया गया। इसके अलावा लस्ट, शहर से निमन गांव' और 'बनकहि' को प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लघु फिल्म के विजेताओं को यूरोलजिस्ट डॉ. कुमार राजेश रंजन, वरिष्ठ फिल्म पटकथा लेखक शैबाल, स्वाहा फिल्म के निर्देशक अभिलाष शर्मा,

**मगही लघु फिल्म महोत्सव में 48 लघु फिल्मों की एंट्री**

पाहुन हॉलीडेज के आदित्य, मगही महोत्सव के रविशंकर उपाध्याय, विजेता चंदेल व विद्या सागर ने सम्मानित किया।

**गया घराने की परंपरा और संगीत पर चर्चा**

महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत गया घराने के इतिहास पर आधारित बातचीत और गायकी के कार्यक्रम से हुई। गया घराने के प्रसिद्ध गायक राजन सिजुआर ने कहा कि पुरबिया गायकी में ठुमरी की चर्चा गया घराने के बिना अधूरी है। उन्होंने हारमोनियम वादन में सोनी जी के योगदान को भी विशेष बताया और कहा कि उन्होंने वादन की एक अलग शैली विकसित की। राजन जी ने सुझाव दिया कि बिहार के हर प्रमंडल में संगीत शिक्षा के लिए गुरुकुल खोले जाने चाहिए, जहां बच्चों को छात्रवृत्ति देकर विभिन्न संगीत विधाओं की शिक्षा दी जा सके, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत संरक्षित रह सके। पहले सत्र में मगही फिल्मों के इतिहास, वर्तमान और भविष्य पर विस्तृत चर्चा हुई। अभिनेता अली खान ने कहा कि मगही सिनेमा को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ना चाहिए। शैबाल ने जानकारी दी कि पहली मगही फिल्म 1961 में 'भैया' बनी थी। इसके बाद लंबे अंतराल के बाद 'देवन मिसिर' और 'स्वाहा' जैसी फिल्में बनीं, लेकिन इस क्षेत्र में निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। फिल्म इतिहासकार प्रो. रविकांत ने कहा कि मगही का इतिहास समृद्ध रहा है और अब जब एआई का दौर आ रहा है, तो हमें अपनी भाषा के कंटेंट को डिजिटल प्लेटफर्म पर बढ़ाना होगा, ताकि भविष्य में भी मगही की मजबूत उपस्थिति बनी रहे।

## जहीर ने गजल को दिया नया मिजाज : आजमी

**जहीर कुरेशी स्मृति व्याख्यानमाला-5**



**शायर कभी नहीं मरता वह दिलों में जिंदा रहता है : नवाब आरजू**

**मुंबई (एनएसबी)।** जहीर कुरेशी जीवन को बारीकी से देखनेवाले गजलकार हैं। मैं अभिनेता हूं जो कविताएं मुझे अच्छी लगती हैं मैं उनका पाठ करता हूं। जहीर कुरेशी की गजलें मुझे अच्छी लगती हैं। वे लिखते हैं किस्से नहीं हैं यह किसी विरहन की पीर के, ये शेर हैं अंधेरों से लड़ते जहीर के। ये पंक्तियां एक शायर की प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं। यह विचार अभिनेता राजेंद्र गुप्ता ने जहीर कुरेशी स्मृति व्याख्यानमाला-5 में व्यक्त किए। वे आयोजन के मुख्य अतिथि थे।

अध्यक्षता शिक्षा विद शायर ओबैद आजम आजमी ने की। उन्होंने कहा, जहीर कुरेशी ने गजल को नया मिजाज दिया। उनकी शायरी दिलों दिमाग पर छा जाती है। प्रख्यात शायर नवाब आरजू ने कहा, शायर कभी मरता नहीं है, वह दिलों में जिंदा रहता है। जहीर कुरेशी हमारे दिलों में हैं। फिल्मकार संदीप नाथ ने कहा, उनसे जो संस्कार मिले वे मेरे जीवन में बहुत काम आए। वे लेखक के तौर पर मेरे भीतर हमेशा रहेंगे।

आयोजन के प्रयोजन पर कथाकार, पत्रकार हरीश पाठक ने कहा, मेरे जीवन के कठोर दिनों में वे दिशा निर्देशक की तरह रहे। वे मेरे जीवन का कोमल कोना हैं। उन्हें भूलना मेरे लिए नामुमकिन है। कथा, दीनदयाल मुरारका फाउंडेशनष व जलधारा के इस संयुक्त आयोजन का संचालन विवेक अग्रवाल, स्वागत भाषण दीनदयाल मुरारका व आभार कमलेश पाठक ने दिया।

दूसरे सत्र में हुए रचना पाठ की अध्यक्षता नवाब आरजू ने की। इसमें राजेंद्र गौतम, अशोक कुमार नीरद, संध्या यादव, अनिल गौड़, सुभाष पाठक जिया (करेरा, मध्यप्रदेश) ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। इस मौके पर अभिनेता विष्णु शर्मा, श्रुति भट्टाचार्य, मंजू श्री, अंजू शर्मा, सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, धनंजय कुमार, शैलेन्द्र गौड़, बनमाली चतुर्वेदी, हेमा चंदानी, कमर हाजीपुरी, प्रमोद दुबे, संतोष ओझा, अनिल गलगली, प्रतिमा चौहान, साधना तिवारी सहित साहित्य, कला और संस्कृति के तमाम रचनाकार मौजूद थे।

## घर-घर पहुंचे बापू का संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो अपना देश : नीतू

**पटना (एनएसबी)।** स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ाने तथा स्वच्छ पटना, सुंदर पटना के लिए युवाओं को कम करने के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा घर के ज़ेडी वीमेंस कलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पटना नगर निगम स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर ड नीतू कुमारी नवगीत तथा जानकी देवी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कोऑर्डिनेटर ड़ हिना रानी ने किया ने किया। सात दिवसीय कैंप के दौरान पांचवें दिन पूरा फोकस स्वच्छता तथा स्वच्छ भारत अभियान पर रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाले कैंप के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मीरा कुमारी मैडम ने सामुदायिक सेवा के महत्व को समझाया। साथ ही छात्राओं को एकजुट होकर सेवा के लिए तत्परता से कार्य करने की आदत व्यक्तिगत जीवन में उतारने की सलाह दी स एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी ड हिना रानी एवं ड मंजरी नाथ ने छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को तत्परता के साथ चलाने की जरूरत पर बल दिया।कार्यक्रम के लिए 50 स्वयं सेवकों का चयन किया गया सपटना नगर निगम और जेडी वुमेंस कलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को पटना नगर निगम की ओर से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनमें वंदना सिंह धात्री चंद्र, अनुष्का, अंशु कुमारी, अमीषा कुमारी, सलोनी कुमारी, तुलसी, खुशी, अर्चना कुमारी,नेहा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, पिंकी कुमारी, अंशिका कुमारी, अंतरा कुमारी, कोमल कुमारी, सोनी खातून, प्रीति कुमारी, ईशा कुमारी, शानवी पोद्दार, संस्ति राठौर, येशु कुमारी, जिया सिंह, अलीशा परवीन, आलिया परवीन, श्रुति कुमारी, राज लक्ष्मी कुमारी, गुड़िया कुमारी, सुफिया परवीन,अलीशा रानी, अक्षरा कुमारी, मुस्कान कुमारी, शांभवी कुमारी, सौम्या चौहान, प्रियंका कुमारी, अनामिका झा, पूजा कुमारी, राधा प्रियदर्शनी आदि शामिल रहे।



## शिक्षक व संगठन को सशक्त बनाने की आवश्यकता : सिद्दीकी




**पटना (एनएसबी)।** शिक्षक आंदोलन के बहुचर्चित हस्ताक्षर, स्वतंत्रता आन्दोलन के सेनानी, इतिहासकार, लेखक तथा पूर्व विधायक एवं विधान पार्षद प्रो. परमानंद सिंह 'मदन' की 95 वीं जयंती का उद्घाटन करते हुए बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार के लिए सभी कोटि के शिक्षकों व संगठन को सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए विश्व शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष प्रो. एके महंथी ने सभी शिक्षक संगठनों का आह्वान किया कि वे एक मंच पर आकर मौजूदा व्यवस्था के विरुद्ध सशक्त आवाज उठायें। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में आमूल परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया। विधान पार्षद डॉ. संजीव कुमार सिंह ने शिक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की।

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (एआईफुक्टो), बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुटाब) एवं बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बिहार का शिक्षक आन्दोलन और प्रो. परमानंद सिंह मदन विषय पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो डॉ. कार्यानन्द पासवान ने किया, जबकि मंच संचालन समाजसेवी अनिल कुमार राय ने किया।

एआईफुक्टो की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रो. परमानंद सिंह मदन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व आईएएस अधिकारी व्यास जी, प्रो. तरुण, प्रो. पारस नाथ, प्रो. लाल बाबू यादव, डॉ. शरद कुमारी, रामबाबू कुमार, रविन्द्र कुमार राय, सुधीर कुमार आदि ने संबोधित करते हुए प्रो. परमानंद सिंह मदन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपना अनुभव साझा करते हुए उन्हें अद्वितीय की संज्ञा से नवाजा।

**प्रो. परमानंद सिंह मदन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर पुस्तक का किया गया विमोचन**

द्वितीय सत्र प्रो. लाल बाबू यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस सत्र में एआईफुक्टो के 34वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बिहार से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों महासचिव डॉ. अरुण कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सिंह व डॉ. हरिशचन्द्र शाही और क्षेत्रीय सचिव डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा को अंगवस्त्र व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अनेकों शिक्षाविद, राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, प्रबुद्धजन और शिक्षक नेतागण उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख प्रो परमानंद सिंह मदन की पुत्री कुमारी शरद, अनिल कुमार राय, अजय कुमार सिंह, प्रो अरुण गौतम, डॉ. सुमंत कुमार सिन्हा, शिव ईश्वर सिंह , डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह, प्रो. सुशील कुमार झा और डॉ. पितृ कुमार आदि शामिल थे।

## संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल रामबाग ने किया शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन


शैक्षणिक परिभ्रमण पर निकले विद्यालय के बच्चे।

**दरभंगा (एनएसबी)।** संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, रामबाग, दरभंगा द्वारा वार्षिक परीक्षा की सफल समाप्ति के उपरांत विद्यार्थियों के लिए 29 मार्च से 1 अप्रैल तक चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को तरोताजा करना तथा आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए नई ऊर्जा एवं उत्साह प्रदान करना था।

इस सुव्यवस्थित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को चंद्रधारी संग्रहालय पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर तथा पूसा कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कराया गया। इन स्थलों के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास, संचार प्रणाली एवं कृषि नवाचार से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, जो उनके समग्र विकास में सहायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर निदेशक डॉ. राहुल मिश्रा, सचिव डॉ. बी.के. मिश्रा एवं प्राचार्या अनीता रानी भट्ट ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं व्यवहारिक समझ को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्या ने विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु निदेशक एवं सचिव के निरंतर एवं अमूल्य सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियों ने इस यादगार एवं ज्ञानवर्धक अनुभव के लिए शिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने भी कार्यक्रम की सफलता हेतु शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समर्पण और सहयोग की सराहना की।

## गुरुकुल क्लासेस का बंपर रिजल्ट, हरिओम झा बने टॉपर

नव संदेश ब्यूरो

**बिरौल।** सुपौल बाजार डुमरी रोड स्थित गुरुकुल क्लासेस ने 10वीं बिहार बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित की है। पिछले 13 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलग पहचान बना चुके इस संस्थान के सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। संस्थान के छात्र हरिओम कुमार झा ने 468 अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। वे प्रखंड बिरौल के समहौती गांव निवासी हैं। उनके पिता मुकेश झा पेशे से एक साधारण किसान हैं तथा माता रानी देवी गृहिणी हैं।

सीमित संसाधनों के बावजूद हरिओम ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल संस्थान में टॉप किया,बल्कि दरभंगा जिला में आठवां स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।

अन्य सफल छात्र-छात्राओं में हरिओम झा (468), आदित्य कुमार राय (463), राजा चौपाल (451), श्वेता कुमारी (438),दिलदार 453,दिव्या कुमारी (436), कन्हैया साहू (434), राम नरेश मुखिया (430), माधव कुमार (410), किशोर कुणाल (408), अनुभव कुमार (406), जिया रॉय (404), राजन यादव (396), ऋषि कुमार (395), गौतम कुमार (395), कुमारी विशाखा (382), विशाल कुमार (377), रानी कुमारी (374), त्रिशा कुमारी (373), सचिन कुमार झा (371), पुष्पम कुमारी (364), रितु कुमारी (360), अभिलाष कुमार राय (360), चांदनी कुमारी (358), सीता कुमारी (355), विद्यानंद साहू (354), प्रियंशु राज (349), बंदना कुमारी (349), साक्षी आचार्य (347), चुनचुन कुमारी (343), मणिकांत कुमार (345), सचिन कुमार तांती (340), अर्श कुमार

**बिहार बोर्ड**

**मैट्रिक परीक्षा में मिला जिले में आठवां स्थान, पप्पू सिंह ने किया पुरस्कृत**

अक्षर (334), सुरज पंडित (330), विक्रम कुमार (327), अंजलि कुमारी (326), विकास कुमार शर्मा (323), कृतिका कुमारी (322), रोशनी कुमारी (320), आलोक मंडल (317), सुरज चौपाल (311), रेशमी कुमारी (311), अंशु कुमारी (311), पिंटू कुमार (310), राम शंकर कुमार (305), गौरांग कुमार नायक (300), सुमन कुमार राम (300)। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी संस्थान लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता रहा है। संस्थान के छात्र शिवम कुमार ने 470 अंक प्राप्त कर बिहार राज्य में 13वां स्थान हासिल किया था। वहीं वर्ष 2025 में गौतम कुमार राम ने भी 470 अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया था।

इस उत्कृष्ट परिणाम पर क्षेत्र के बीजेपी दरभंगा जिला महामंत्री सह समाजसेवी संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरुकुल क्लासेस आज केवल एक कोचिंग संस्थान नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुका है। यहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी जाती है। लगातार उत्कृष्ट परिणाम यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन मिलने पर गांव के बच्चे भी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रथम हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. राजेश झा ने कहा गुरुकुल क्लासेस ने ग्रामीण प्रतिभाओं को नई पहचान देकर शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत मिसाल कायम की है।

श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर नवलेश चौधरी ने संस्था को ग्रामीण निर्धन परिवार के लिये शिक्षा जगत का एक बड़ा स्तंभ बताया।वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल, कुशेश्वरस्थान के निदेशक मो. शमीम हैदर ने कहा की लगातार उत्कृष्ट परिणाम यह साबित करता है कि गुरुकुल क्लासेस गुणवत्ता और अनुशासन का केंद्र बन चुका है। इस शानदार उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन से ग्रामीण प्रतिभाएं भी नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

## हिंदी समाहार मंच द्वारा दिनेश्वर प्रसाद कल्प के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**दरभंगा (एनएसबी)।** हिन्दी समाहार मंच, दरभंगा के तत्वावधान में स्वनामधन्य दिनेश्वर प्रसाद कल्प के निधनोपरांत स्नेह अगेही शिक्षण संस्थान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

सर्वप्रथम उपस्थित साहित्यकारों एवं साहित्यानुरागियों ने दिनेश्वर प्रसाद कल्प के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन के क्रम में अखिलेश कुमार चौधरी ने कहा कि - साहित्यकार दिनेश्वर प्रसाद कल्प के निधन से समाहार मंच को अपुरणीय क्षति हुई है। संचालन करते हुए समाहार मंच के सचिव अमिताभ कुमार सिन्हा ने कहा कि - दिनेश्वर प्रसाद कल्प हिन्दी बज्जिका के शीर्ष रचनाकार थे। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष सूबेदार नंदकिशोर साहु ने किया।

**अंतरजातीय प्रेम विवाह से नाराज साले ने अपने ही बहन का उजाड़ा सुहाग**

## चाकू से मार कर जीजा की हत्या

नव संदेश ब्यूरो

**सिंहवाड़ा।** अंतरजातीय विवाह ने नाराज भाई ने बहन का सुहाग उजार दिया। अस्थुआ पंचायत के वार्ड दो में अंतरजातीय प्रेम विवाह से नाराज साला ने चाकू से हमला कर जीजा की हत्या कर दी। बीच बचाव करने आए शिवम कुमार पर भी चाकू से ही हमला किया गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

मृतक गांव का ही 27 वर्षीय शंकर ठाकुर बताया गया है। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने लाश को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच दे दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में बताये जा रहे आरोपी आलोक राय उसके पिता एवं मां को हिरासत में ले लिया है। मौके पर पहुंची एसएफएल की टीम ने जांच के लिए नमूने एकत्र करना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि मृतक शंकर ठाकुर एवं उसकी प्रेमिका का घर आमने-सामने है। प्रेमिका चार बहन में सबसे छोटी है। जबकि उसे तीन भाई भी है। अलग-अलग जातियों के होते हुए लड़का और लड़की के बीच चार पांच वर्षों से प्यार पनप रहा था। कोलकाता में कैब चलने वाला शंकर ठाकुर लगभग बीस दिन पूर्व गांव आया था। लड़की को उसके परिवार से छुपा कर वह कोलकाता ले गया। वही दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। एक सप्ताह पुर्व दोनों गांव लौटे तो दोनों परिवारों के बीच तनातनी बढ़ गई थी। मृतक के पिता गणेश ठाकुर ने बताया

**रिश्ते का खून**

**दरभंगा में अंतरजातीय विवाह फिर हुआ रक्तरंजित**

**कुछ माह पहले भी ससुर ने डीएमसीएच में घुसकर मारी थी दामाद को गोली**

**आरोपी आलोक राय उसके पिता एवं मां को पुलिस ने हिरासत में ले लिया**

कि लड़की के छोटे भाई ने 28 मार्च की रात उसे फोन कर बुलाया। जैसे ही वह घर से निकलकर गया। लड़की के छोटे भाई चाकू से तब तक हमला करते रह गया। जब तक उसकी जान नहीं चली गई। मृतक की भाभी रिंकू देवी ने बताया कि बहुत दिन से चल रहे प्रेम प्रसंग को देखते हुए दोनों ने कोलकाता में ही शादी कर ली थी। अस्थुआ पहुंचकर हत्या मामले की जांच कर रहे सदर एसडीपीओ टू कमतौल एसके सुमन ने बताया कि लड़का और लड़की दोनों बालिक है।

शादी करके कोलकाता से आने के बाद दोनों थाना आया था, जिसे समझा बुझा कर गांव में पारिवारिक तनाव को देखते हुए दूर रहने की सलाह दी गई थी। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया के साथ अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री की अपील, अफवाहों में न आएं और सरकार की जानकारी पर भरोसा करें

**अलीनगर (एनएसबी)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरमा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। यह आयोजन बूथ संख्या 177 पर स्थित स्वतंत्रता सेनानी द्वारका प्रसाद सिंह पुस्तकालयह्व भवन परिसर में मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया की अध्यक्षता में संपन्न


मन की बात कार्यक्रम में विधायक मैथिली ठाकुर महामंत्री पप्पू सिंह एवं अन्य।

हुआ। कार्यक्रम में अलीनगर की विधायक मैथिली ठाकुर और दरभंगा जिला पूर्वी भाजपा के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

वहीं दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट लेकिन भारत चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से भी अपील की है कि अफवाहों में न आएं और सरकार की जानकारी पर भरोसा करें। मौके पर पंचायत अध्यक्ष श्रवण झा,बूथ अध्यक्ष मुकेश सिंह,मिथिलेश सिंह,त्रिवेणी सदा,अमित सिंह, कुंदन सिंह,राजेश मंडल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टॉपर छात्र-छात्राओं को एचएम ने किया पुरस्कृत

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** मैट्रिक परीक्षा मे स्कूल टॉपर हुए छात्र-छात्राओं को एचएम ने पुरस्कृत किया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भरवाड़ा संस्कृत के छात्र रामलखन साह के पुत्र अभिषेक कुमार ने 465 अंक प्राप्त किया, तो वही अली इमाम की पुत्री सबीना प्रवीण 460 एवं शंभू कुमार के पुत्र पियुष कुमार ने 447 अंक प्राप्त किया है। इनकी सफलता पर विद्यालय के एचएम मोना कुमारी एवं शिक्षक -शिक्षिका ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 67 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध जन जागरण यात्रा 22वें पड़ाव पहुंचा ताजपुर

**ताजपुर (एनएसबी)।** रामराज्य को लाना है, तो मानव धर्म अपनाना है। स्लोगन के साथ 21 दिनों से बिहार में आध्यात्मिक चेतना जगाने के उद्देश्य से जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज 67 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा, रविवार को 22वें पड़ाव ताजपुर प्रखण्ड के ग्राम भैरोखड़ा पहुंची। जहां स्थानीय भाई-बहनों ने बैंड बजा, घुड़सवार, व आरती व कलश के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महाराज जी ने कहा ह्यह्यमिली नर देह यह तुमको, बनाओ काज कुछ अपना। पचो मत आय यहि जग में, जानियो रैन का सपना। ईश्वरीय चमत्कार का सारा खजाना इसी मनुष्य के शरीर में छिपा है। बिना मर्मभेदी सन्त सतगुरु के उसे पाया नहीं जा सकता है। यही बात कबीर साहब ने भी कहा है कि ह्यह्यज्यो तिल माहीं तेल है, ज्यो चकमक में आग, तेरा साईं तुझमें जाग सके तो जाग। इसी मानव मन्दिर में चौबीस घण्टे मृदंग, बादलों की गरजन आदि पांच प्रकार के बाजे बजते रहते हैं लेकिन हमको सुनाई नहीं देता, कारण कि अच्छे बुरे कर्मों की गन्दगी से जीवात्मा के कान बन्द हो गये, जीवात्मा की आंख बन्द हो गई। जब महात्माओं की दया कृपा से कलयुग की सरल साधना सुरत षब्द योग मार्ग की युक्ति से कर्म जल जाते हैं तो हमारी दिव्य आंख भी खुल जाती है और हमें ईश्वरीय बाजे गाजे भी सुनाई पड़ने लगते हैं। उन्होंने बताया कि, गोस्वामी जी ने कहा कि कलयुग सम युग आन नहिं, जौ नर कर विष्वास। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने देष में करोड़ो लोगों को इसी साधना के द्वारा उनका जीवन बदल दिया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष ने कहा वर्तमान समय के युवापीढ़ी में संस्कारों का अभाव देखने को मिल रहा है। शिक्षा जीवन में बहुत आवश्यक है, लेकिन केवल बड़ी बड़ी उपाधियां लेने मात्र से संस्कार नहीं आयेंगे। संस्कार आयेंगे तो महात्माओं के सत्संग वचनों से और महात्माओं के संसर्ग से। अतः हमारी सभी वर्ग के युवाजनों से अपील है कि आप सब शाकाहार अपनाएं और नशे का परित्याग करें जिससे अच्छे समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के पावन वार्शिक भण्डारा सत्संग मेला में आने के लिये सबको आमंत्रित किया।

## बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी दक्षिणी पंचायत में छतदार चबूतरा का विधायक ने किया उद्घाटन


उद्घाटन करते विधायक डॉ. रामचंद्र प्रसाद।

**हायाघाट (एनएसबी)।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी दक्षिणी पंचायत में स्थित महादेव मंदिर के समीप 6,09,000 छः लाख नौ हजार रुपए की लागत से अपने ऐच्छिक कोष से निर्मित छतदार चबूतरा का विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने कहा कि धार्मिक स्थलों के विकास से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलती है, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि इस छतदार चबूतरा के निर्माण से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बैठने एवं विश्राम की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं और आधारभूत संरचना के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर बहेड़ी जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवीन सिंह,राजीव सिंह, विमल सिंह, सरोज यादव, दिनेश सिंह, जगरनाथ साह, मुकेश सिंह, अमर श्रीवास्तव ,जितेन्द्र मांझी, बिशुनदेव यादव,रामशंकर सिंह, मुरारी मंडल ,शिवम सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शिक्षावाला एकेडमी ने मैट्रिक की परीक्षा में लहराया परचम


सफल छात्र-छात्राओं के साथ डायरेक्टर रंजीत रंजन ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा शहर के कोतवाली थाना,नाका 5 के निकट आजाद चौक स्थित कोचिंग शिक्षा वाला एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में अच्छे मार्क्स लाकर अपने कोचिंग का नाम रोशन किया है। इस कोचिंग के डायरेक्टर रंजीत रंजन सर ने जानकारी दी कि सोनु कुमार ने 382 अंक प्राप्त किये है, जबकि आनंद कुमार ने 364, रविन्द्र ठाकुर ने 350, ज्योति कुमारी ने 366 तथा केशव कृष्णा ठाकुर ने 309 अंक लाकर कोचिंग का नाम रौशन किया है।

अभी तक जो परिणाम प्राप्त हुए उसके हिसाब से लगभग संस्थान के सभी

**लगभग संस्थान के सभी बच्चों ने 85 से अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किये**

बच्चों ने 85 से अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। शिक्षा वाला एकेडमी कोचिंग के डायरेक्टर रंजीत रंजन सर ने बताया कि इस बार भी अच्छा शानदार प्रदर्शन रहा। छात्रों का प्यार और भरोसा हमें और आगे बढ़ने के लिए अग्रसर करता है। छात्रों के परिणाम शिक्षकों के लिए काफी ही ऊर्जावान होते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शिवदत्त ठाकुर बने अमित शाह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश अध्यक्ष

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र क्षेत्र के कटका गांव निवासी शिवदत्त ठाकुर को अमित शाह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एस.के. शुक्ल ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया है।



कर्मयोगी अमित शाह गृह मंत्री भारत सरकार के नीतियों, सिद्धांतों, विचारों एवं उनके द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में पहुंचाने के उद्देश्य से अमित शाह यूथ ब्रिगेड ने भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अपने प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारियों की सूची जारी किया है। इनको बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बिहार में संगठन बहुत मजबूत होगा। राज्य सभा सांसद संजय झा, विधायक छोटी कुमारी, विधायक सुजीत कुमार, बिहार संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, डॉ रेखा सिन्हा,देवानंद कर्ण, मनोज पोद्दार, पप्पू सिंह, प्रकाश सहनी, सूनील कुमार मंडल, ऋषि राज,पंडित राज नारायण झा,कटका पंचायत के मुखिया कुमार किसलय, पुर्व मुखिया लाल पासवान आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश भेजा है।

## हेमा की यह शानदार सफलता उसकी कड़ी मेहनत और माता-पिता के त्याग का प्रतिफल : विधायक

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा ग्रामीण विधानसभा के विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने शिक्षा के क्षेत्र में जिले की बिजुली गांव पहुंच स्थानीय अमरेश यादव की पुत्री हेमा कुमारी को पाग चादर से सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि अमरेश कुमार यादव की सुपुत्री हेमा कुमारी ने इंटरमीडिएट (विज्ञान) की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे दरभंगा जिले की बालिकाओं में प्रथम स्थान तथा समग्र जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया है।

इस अवसर पर विधायक ईश्वर मंडल ने हेमा कुमारी को मिथिला परम्परा अनुसार पाग, अंगवस्त्र एवं कलम भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया हैं। छात्रा के परिजनों से संवाद करते हुए विधायक ने कहा "बेटियां हमारा गौरव हैं। हेमा की यह शानदार सफलता उसकी कड़ी मेहनत और उसके माता-पिता के त्याग का प्रतिफल है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त करना यह दशार्ता है कि हमारे क्षेत्र की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं।"


हेमा को सम्मानित करते विधायक ईश्वर मंडल।

विधायक ने शिक्षा के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आगे कहा कि बिहार सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संकल्प के साथ बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके सपनों को साकार करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार एवं जदयू जिला उपाध्यक्ष विनोदानंद झा उपस्थित रहे।

**इंटरमीडिएट विज्ञान की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विधायक ईश्वर मंडल ने हेमा को किया सम्मानित**

## बहेड़ा में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभा जुलूस

**बेनीपुर (एनएसबी)।** राम-जानकी-हनुमान मंदिर बहेड़ा परिसर में आयोजित श्रीश्री 108 श्रीमद् भागवत नाम नवाह संकीर्तन महायज्ञ के समापन पर रविवार को गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर के सचिव शंकर भगवान पूर्वे ने बताया कि टायर गाड़ी पर सभी देवी-देवता के प्रतिमा को सजाकर, बिजली कनेक्शन के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष, युवक, युवती, वृद्ध, बच्चे शामिल थे। जुलूस में शामिल लोग जय श्री राम सहित अन्य देवी-देवता के जयकारे लगा रहे थे तथा हाथ में ध्वज आदि लिए हुए है। शंकर-पार्वती की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।जुलूस बहेड़ा यज्ञ स्थल से शुरू होकर छोटी बाजार, रजिस्ट्री ऑफिस, धरौड़ा, मझौड़ा, आशापुर, बेनीपुर होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची तथा स्थानीय भतन साह तालाब में प्रतिमा को जल प्रवाह किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रिश्ता आप तय करें शादी हम कराएंगे - टीम शहनाई

**ओईनी (एनएसबी)।** हर माता पिता धूमधाम से अपने बेटी का विवाह संपन्न कराना चाहते हैं। हर बेटी भी अपने शादी को लेकर सपने बुनती है। मगर आर्थिक कारणों से उनके सपने अधूरे रह जाते हैं और उन्हें मन को समझाना पड़ता है। मगर अब ऐसा नहीं होगा। शुक्रवार को ओईनी स्थित चैती दुर्गा स्थान परिसर में आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए टीम शहनाई के संयोजक सुप्रसिद्ध समाजसेवी फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. नीरज मिश्रा ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि, रिश्ता आप तय करें, शादी संपन्न कराएगी टीम शहनाई। डॉ. नीरज ने कहा कि, बेटी अमीर या गरीब नहीं होती। बेटी हमेशा बेटी रही है और सदियों से वह एक परिवार नहीं समाज की प्रतिष्ठा रही है। इसे साकार करने की एक कोशिश है टीम शहनाई। इस दौरान टीम शहनाई के सह संयोजक मिथिलेश कुमार ने लोगों को टीम शहनाई से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि, आप सक्षम हैं तो गरीबों के घर धूमधाम से शहनाई बजवाने में मदद करने के लिए जुड़ें, अगर गरीब हैं तो बेटी की शादी संपन्न कराने में सहयोग लेने के लिए जुड़ें। टीम शहनाई दोनों ही सूरत में आपका स्वागत करेगी। बताते चलें कि, गरीब के बेटियों की धूमधाम से विवाह कराने के लिए प्रसिद्ध असंगठित युवाओं की टोली टीम शहनाई ने महाकवि विद्यापति की कर्मभूमि ओईनी डीह को, चैती दुर्गा पूजा के बहाने जीवंतता प्रदान करने के लिए पूजा समिति के सदस्यों केलिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने समिति के सभी सक्रिय कार्यकताओं यथा, धनंजय कुमार झा, चंदन कुमार झा, कुमार विकास, सचिन जायसवाल, शुभम जायसवाल, राकेश ठाकुर, मोनी पासवान, सुधांशु कुमार, अरुण कुमार शर्मा, अभिषेक कुमार, देबू राय, अमर कुमार, आदि को शॉल एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया।



### महाकवि विद्यापति की कर्मस्थली के रूप में ओईनी को नहीं मिला समुचित सम्मान : डॉ धर्मांश रंजन

**ओईनी (एनएसबी)।** मैथिल कोकिल, मैथिली कुलभूषण महाकवि विद्यापति की जन्म भूमि और महाप्राण स्थली को जो पहचान और प्रतिष्ठा मिली उसकी तुलना में ओईनी को समुचित सम्मान नहीं मिला। जबकि इतिहासकार बताते हैं कि, बचपन से अधेड़ावस्था तक का समय उन्होंने यहीं बिताया था। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान पार्षद चुनाव की तैयारियों में जुटे शिक्षाविद सह होली मिशन हाई स्कूल ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ. धर्मांश रंजन अंकुर ने उक्त बातें महानवमी पूजन के बाद आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि यह देख कर बेहद खुशी हो रही है कि, चैती दुर्गा पूजा के बहाने ही सही यहां के युवा इस स्थान को जीवंत बनाए रखने के प्रयास में जुटे हैं। बताते चलें कि, श्री अंकुर चैती दुर्गा स्थान के महिमा की चर्चा सुन कर ओईनी पधारे थे। इस दौरान उन्होंने आईनी को जीवंतता प्रदान करने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास में जुटे युवाओं यथा, धनंजय कुमार झा, कुमार विकास, चंदन कुमार झा, टीम शहनाई के डॉ. नीरज मिश्रा, एवं मिथलेश कुमार सहित पूजा समिति के सभी सदस्यों की जम कर सराहना की और उन्हें अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, इस स्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में हर संभव सहयोग करूंगा। मौके पर राकेश ठाकुर, सचिन जायसवाल, शुभम जायसवाल, अरुण कुमार शर्मा, सुधांशु कुमार मुंशी, मोनी पासवान, श्याम कुमार, निशांत कुमार, सुशांत कुमार, अभिषेक कुमार बिट्टू, देबू राय, हरिओम कुमार, अमर कुमार, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



### प्रधान शिक्षक मो. मेराज को शिक्षा प्रतिभा सम्मान

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल के प्रधान शिक्षक मो० मेराज को शिक्षा सारथी ई पत्रिका ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर प्रस्तुत उत्कृष्ट शैक्षिक छायाचित्र हेतु शिक्षा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। इस क्रम में पत्रिका ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया। जानकारी देते हुए मो. मेराज ने बताया कि, यह सम्मान विद्यालय के बच्चों को समर्पित है। साथ ही शिक्षा सारथी पत्रिका की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि, पत्रिका हम शिक्षकों को एक मंच प्रदान करती है जहां शिक्षक अपने नवाचारों द्वारा अपनी पहचान बना रहे हैं। मौके पर प्रखंड मध्याह्न भोजन प्रभारी चंदन कुमार, नकहत सबा, अरविंद कुमार, सुषमा कुमारी, मृत्युंजय कुमार, मंजूर आलम, मो० इकराम हुसैन, विजय कुमार, मनोज कुमार शिक्षक मौजूद थे।



### समस्तीपुर में पहली बार निकली निशान यात्रा संग सिगड़ी निशान यात्रा

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** खाटू श्याम मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय 59वें श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन श्याम निशान और सिगड़ी निशान यात्रा से शहर का वातावरण दिनभर श्याममय बना रहा। श्याम निशान यात्रा में पहली बार शामिल सिगड़ी निशान यात्रा शहर वासियों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस यात्रा में एक हजार से अधिक महिला और पुरुषों के साथ बच्चों की टोली भी शामिल थी। जबकि 21 महिला और पुरुष सिगड़ी निशान लेकर चल रहे थे। इस दौरान पुलिस के महिला और पुरुष जवान भी विधि व्यवस्था और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए निशान शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। खाटू श्याम बिहारी मंदिर से निकली निशान सह सिगड़ी शोभायात्रा गोला रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर से आरम्भ हो कर मारवाड़ी बाजार, स्टेशन रोड, रामबाबू चौक, पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड, चीनी मिल, नीम गली चौक, गोला रोड होते हुए पुनः मंदिर में पहुंच समाप्त हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों की बारिश कर निशान यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। जबकि मारवाड़ी बाजार में युगुलकिशोर पोद्दार, स्टेशन रोड में ओम पालीवाल, पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड में आनंद खेमका, राजेश अग्रवाल, रवि सिंघानिया आदि ने निशान यात्रा में शामिल लोगों के लिए ठंडा पानी, शर्बत व आम के जूस की व्यवस्था की थी। यात्रा में शामिल सूरजगढ़ से आये निशान लिए लोग बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वही श्याम बाबा भी सजे धजे रथ पर सवार थे। जुलूस का नेतृत्व सुनील अग्रवाल, निर्मल केडिया, नयन सर्राफ, दीपू मोदी, विजय मोर आदि कर रहे थे। इस दौरान सदर एसडीएम दिलीप कुमार, सदर एसडीपीओ व एएसपी संजय कुमार पांडेय विधि व्यवस्था की खुद निगरानी करने में जुटे थे। शोभायात्रा में मेयर अनिता राम, समाजसेवी मनोज जायसवाल व राहुल कुमार भी प्रमुख रूप से शामिल थे। शोभायात्रा समाप्त होने के बाद भजन गायिका राजस्थान अलवर की जस्सी सैनी, सूरजगढ़ के संजय सेन, योगेश शर्मा व कानपुर के श्रेष्ठ दीक्षित आदि कलाकारों ने शाम 5 बजे से भजन का कार्यक्रम शुरू किया। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी भोला अग्रवाल ने बताया कि भजन का कार्यक्रम सुबह 5 बजे समाप्त होगा। खाटू श्याम महोत्सव का समापन 30 मार्च को महाभण्डारे के साथ होगा। इस दिन फूलों की होली के साथ इत्र वर्षा, चंग धमाल भी होगा, कलाकारों की टोली भक्ति गीतों संग भाव नृत्य भी प्रस्तुत करेंगे।



# आईएएस बनना चाहती है ट्रक ड्राइवर की बेटी मौसम

## 485 अंक ला कर हासिल किया राज्य में 6ठा स्थान, बढ़ाया जिले का मान

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के आदर्श राजकीय हाई स्कूल कांचा की छात्रा मौसम कुमारी ने मैट्रिक में 97 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में छठा रैंक प्राप्त कर बढ़ाई क्षेत्र का मान। मौसम कुमारी को वर्ष 2026 के मैट्रिक परीक्षा में कुल 485 अंक मिला है। जिससे घर, स्कूल एवं ग्रामीणों में खुशी बनी है। मौसम के पिता देव नारायण राय कोलकत्ता में ट्रक ड्राइवर का काम करते है। और माता सीता देवी गृहणी है। पिता ड्रायवरी कर मौसम को पढ़ाते है। मौसम तीन भाई बहन में सबसे बड़ी है। मौसम कहती है की मैं आगे पढ़कर कअर बनना चाहती हूँ। उसने बताई की स्वाध्याय और स्कूल टीचर की प्रेरणा से कड़ी मेहनत कर इस सफलता को पाई है। मौसम की सफलता पर घर, स्कूल और ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मौसम की सफलता पर उसकी माता ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई है। उसके दादा राम बाबू राय, बीईओ डॉ प्रभात रंजन, स्कूल के एचएम राज कुमार झा, किरानी अमर कुमार, मुखिया रंजीत कुमार, पूर्व मुखिया रमाकांत राय, डा अरविंद राय, उपेंद्र राय सहित ग्रामीणों और शिक्षकों ने बधाई दी है।


बेटी का मुंह मीठा कराते परिजन।

## पिता का साया उठ जाने के बावजूद नहीं मानी हार, हासिल किया छठा स्थान

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र स्थित बेगमपुर निवासी मिल्लत एकेडमी के छात्र शमशीर अख्तर ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मैट्रिक परीक्षा में 485 अंक ला कर राज्य स्तर पर छठा स्थान हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रौशन किया है। पिता का साया सिर पर से उठ जाने के बावजूद अपने लगन और कठिन परिश्रम के दम पर विधवा माँ के अरमानों को जिंदा रखा है। शमशीर की माँ तरन्नुम प्रवीन एक आँगनबारी मे काम करती है। उधर शमशीर की इस सफलता से मिल्लत परिसर में भी जश्न का माहौल है। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने शमशीर को माला पहना कर और मिठाई खिला कर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



## 481 अंक हासिल कर टॉप टेन में शामिल अभिमन्यु ने किया क्षेत्र को गौरवान्वित

**मोरवा (एनएसबी)।** जिले के मोरवा प्रखंड स्थित सारंगपुर पूर्वी पंचायत के लाल अभिमन्यु कुमार ने बिहार बोर्ड की परीक्षा में टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर संपूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। उच्च विद्यालय सारंगपुर के छात्र अभिमन्यु को हालिया संपन्न बिहार बोर्ड की परीक्षा में 481 से अधिक प्राप्तांक प्राप्त हुए हैं। सारंगपुर पूर्वी निवासी शिव कुमार राय के पुत्र अभिमन्यु की इस उपलब्धि से सारंगपुर पूर्वी पंचायत सहित संपूर्ण क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अभिमन्यु कुमार भविष्य में यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर देश की सेवा करना चाहता है। अपनी सफलता का श्रेय, वह अपने माता-पिता, अपनी कड़ी मेहनत एवं अपने शिक्षकों को देता है। ग्रामीण परिवेश में गृहस्थ माता-पिता की संतान अभिमन्यु की सफलता पर मोरवा विधायक रणविजय साहू, पूर्व विधायक विद्यासागर निषाद, प्रखंड प्रमुख सान्या नेहा, बीस सूत्री अध्यक्ष सर्वेंद्रु कुमार शरण, अधिवक्ता बलराम राय, उपप्रमुख स्मिता शर्मा, अवधेश कुमार शर्मा, मुखिया कृष्ण देव राय, सारंगपुर पश्चिम के मुखिया सुनील कुमार राय, पंचायत समिति सदस्य विश्व मोहन राय, सरपंच नवीन कुमार राय, पैक्स अध्यक्ष विवेकानंद राय, पूर्व मुखिया मनोज कुमार राय, अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद राय, जदयू कार्यकर्ता विक्रांत कुमार राय, देवराज राय, प्रोफेसर रूपकांत राय, राम जन्म राय, प्रो जगदीश राय, प्रधानाध्यापक राजाराम सहनी, पूर्व प्रधानाध्यापक पंडित सुरेश झा, रणजीत कुमार झा, प्रकाश कुमार राय, संजय कुमार राय, आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी है।



## डॉक्टर बनना चाहती है बिहार में 8वां स्थान हासिल करने वाली सायना प्रवीण, 7 घंटे पढ़ाई और ऑनलाइन तैयारी से पाई सफलता

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की दशमी का रिजल्ट रविवार को जारी हुआ, जिसमें दलसिंहसराय शहर के वार्ड संख्या 6 की छात्रा सायना प्रवीण ने बिहार में आठवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सायना की इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल और पूरे शहर में खुशी का माहौल है। परिणाम घोषित होते ही उसे बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्कूल के शिक्षक और प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र सिन्हा सायना के घर पहुंचे और उसे सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उधर सायना ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई और अनुशासन को दिया। उसने बताया कि वह रोजाना करीब सात घंटे पढ़ाई करती थी। कठिन विषयों को समझने के लिए उसने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और यूट्यूब का भी सहारा लिया, जिससे पढ़ाई में काफी मदद मिली।\ मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाली सायना के माता जीनत प्रवीण और पिता आफताब आलम ने उसकी पढ़ाई में हर संभव सहयोग किया। वहीं, उसकी बड़ी बहन जोया प्रवीण ने भी खासकर साइंस विषय में उसकी काफी मदद की और कठिन टॉपिक्स को सरल तरीके से समझाया। सायना ने कहा कि माता-पिता और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही उसकी सफलता की सबसे बड़ी वजह है। शिक्षकों के अनुसार, वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है और हर विषय में उसकी मजबूत पकड़ रही है। उसकी मेहनत और लगन अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। भविष्य को लेकर सायना का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। उसकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही दिशा में किया गया प्रयास किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकता है।



## मजदूर की बेटी ने 487 अंक ला कर हासिल किया 4था स्थान

**विभूतिपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के जेपीएनस उच्च विद्यालय की छात्रा और नाश्ता पर काम करने वाले मजदूर की पुत्री ज्योति कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 487 अंक लाकर बिहार टॉपर की सूची में चौथा स्थान लाकर परिवार, समाज और गांव का नाम रोशन किया है। गांव में ही एक चाय नाश्ते की दुकान में तथा खेतों में मजदूरी करने वाले प्रदीप राय एवं गृहणी मां रिंकू देवी की बेटी ज्योति तीन भाई-बहन में सबसे छोटी है। ज्योति बताती है कि, परिवार की गरीबी के कारण जेपीएनस उच्च विद्यालय नरहन के शिक्षकों के मार्गदर्शन, सेल्फ स्टडी, ऑनलाइन और निजी संस्थान से ट्यूशन लेकर पढ़ाई की। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। वही जेपीएनस उच्च विद्यालय नरहन के वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार दास ने विद्यालय के सभी शिक्षकों की ओर से बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। मजदूर की बेटी के इस सफलता पर विधायक सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कॉ. अजय कुमार, प्रधानाध्यापक कुमारी किरण, ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए ज्योति को पाग, शॉल आदि से सम्मानित किया। इसी क्रम में अजीत कुमार , बाबू प्रसाद शर्मा, कुमारी रजनी, अनमोल कुमार, दिनेश चंद्र, मुकेश कुमार, सहित सभी शिक्षकों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, व समाजसेवियों ने भी उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।



## लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा उपरांत अभिभावक-शिक्षक बैठक सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल में 16 मार्च से 19 मार्च 2026 तक आयोजित वार्षिक परीक्षा में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके उपरांत दिनांक 29 मार्च 2026 को आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक में अभिभावकों को छात्र-छात्राओं की प्रगति एवं परीक्षा परिणाम की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच उपयोगी विचार विमर्श हुआ। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार झा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों के संयुक्त सहयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि, आगामी 2 अप्रैल (गुरुवार), 2026 से नई ऊर्जा, उन्नत सोच एवं नवीन शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नये सत्र (2026-27) का आरंभ होने जा रहा है। जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं नैतिक शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जायेगा। श्री झा ने बताया कि, नये सत्र में संस्कृत को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सत्र उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ हीं, अभिभावकों से भी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और उनकी पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की गई है। बैठक के बाद विद्यालय के चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर ने कहा कि, शिक्षकों तथा अभिभावकों के संयुक्त व सतत प्रयास से हीं बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। अभिभावकों को निश्चित रूप से अपने बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, अनुशासन, संगति, इत्यादि चीजों पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि बच्चों का निरंतर विकास जारी रहे। मौके पर संध्या सुमन, चंचल झा, शिल्पी कुमारी, स्मृति कुमारी, आँचल कुमारी, बुलबुल सिंह, विकाश कुमार दीपक, आदित्य कुमार, हिमांशु रंजन इत्यादि मौजूद थे।


बैठक में शामिल शिक्षक व अभिभावक।

### लगातार 5वीं बार पूसा प्रखंड सचिव बने अमित

**पूसा (एनएसबी)।** भाकपा-माले का 9वां प्रखंड सम्मेलन प्रखंड के मोरसंड पंचायत के गोखुला में रविवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन में बतौर पर्यवेक्षक भाकपा-माले जिला स्थायी समिति सदस्य दिनेश कुमार मौजूद थे। सम्मेलन की शुरूआत झंडोत्तोलन करके की गई। माले जिला कमिटी सदस्य सह वरिष्ठ नेता किशोर कुमार राय ने झंडोत्तोलन के पश्चात प्रखंड सम्मेलन का उद्घाटन किया। माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रतिनिधियों के समक्ष विगत सम्मेलन से अब तक की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

## भाकपा माले सिरसिया शाखा की बैठक संपन्न

**ताजपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सिरसिया वार्ड 13 में भाकपा माले सिरसिया शाखा की बैठक शाखा सचिव राजेश कुमार सहनी की अध्यक्षता, प्रखंड कमिटी सदस्य जीतेंद्र सहनी के पर्यवेक्षण एवं प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह की आतिथ्य में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राशन-गैस की किल्लत तथा किसानों-मजदूरों की बदहाल स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को अभियान चलाकर लाभ दिलाने का निर्णय समेत 18-19 मार्च को कल्याणपुर के वीरसिंहपुर में आयोजित भाकपा माले का समस्तीपुर जिला सम्मेलन एवं 16-17-18 मई को दरभंगा प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले भाकपा माले के राज्य सम्मेलन की सफलता हेतु प्रचार-प्रसार करने, कोष संग्रह करने, बकाया सदस्यता शुल्क संग्रह करने, पार्टी एवं पार्टी पत्रिका लोकयुद्ध का नया सदस्यता बनाने का निर्णय लिया गया।

## आरएल महतो कॉलेज में उत्साह के साथ शुरू हुआ नया शैक्षणिक सत्र

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** स्थानीय आर एल महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में डीएलएड सत्र 2025-27 का शुभारम्भ एक भव्य स्वागत समारोह के साथ किया गया। संस्थान के निदेशक प्रशांत पंकज एवं प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान परिवार की ओर से गुलाब का फूल भेंट कर नव नामांकित सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया। तत्पश्चात समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक श्री पंकज ने अपने संबोधन में कहा कि डीएलएड केवल एक पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसके माध्यम से प्रशिक्षु देश के भविष्य निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। वहीं प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है और एक अच्छे शिक्षक का निर्माण ही इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को नियमित अध्ययन, व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने पर जोर देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान हसन राजा अंसारी द्वारा दो वर्षीय डीएलएड पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने पाठ्यक्रम की संरचना, प्रशिक्षण पद्धति, परीक्षा प्रणाली एवं शिक्षण कार्य की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया, जिससे नए प्रशिक्षुओं को पाठ्यक्रम की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सकी। वहीं डीएलएड द्वितीय वर्ष की छात्रा सालेहा परवीन ने महाविद्यालय में बिताए अपने प्रथम वर्ष के अनुभवों को साझा किया। इस बीच प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया। इस क्रम में महाविद्यालय में नव नामांकित प्रशिक्षुओं के बीच सम सामायिक विषयों पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सर्वाधिक प्रश्नों का सही उत्तर देकर विजेता रहे कुणाल कुमार एवं कोमल कुमारी को मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर की उपाधि के साथ मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान कुमारी आकांक्षा एवं शेफाली दीक्षिता के निर्देशन में महाविद्यालय की वरीय छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निर्मल कुमार चंचल ने किया, जबकि स्वागत डीएलएड विभागाध्यक्ष मो. इमामुद्दीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर डॉ. नीलेश कुमार, मनोज कुमार, पल्लव पारस, रूपक कौशल, रश्मि रोजी, श्वेता कर्ण, किरण चौधरी, इत्यादि के अलावा प्रशिक्षु छात्र छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।


सत्रारंभ समारोह में शामिल छात्र प्राध्यापक।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकताओं के द्वारा किया गया एकदिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के चपरिया स्कूल के परिसर में भाजपा कार्यकताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन रविवार को किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर बचोल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेश रंजन यादव जिला महामंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव




सुबोध चौधरी, चंद्रवीर यादव, राजकिशोर मिश्र बुलेट, मुकेश कुमार पासवान सहित कई लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया. उपस्थित लोगों के द्वारा पंडित दीनदयाल के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुई. कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यकताओं को प्रशिक्षित की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्रजीत यादव जबकि संचालन भाजपा के जिला प्रवक्ता राज किशोर मिश्र बुलेट ने किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पार्टी की विचारधारा पर आधारित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई. इस मौके पर पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर बचोल ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है. यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है. जिसमें सबसे अहम भूमिका डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की है. उनकी विचारधारा पर चलकर ही पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरते हुए लगातार आगे बढ़ रही है. सभी कार्यकताओं से पूरी निष्ठा के साथ संगठन कार्य में लग जाने और पूरी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अपने-अपने दायित्व का निर्माण करने का आवाहन किया. कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रशांत ठाकुर, सुशील सहनी सहीत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे!

### डलोखर पंचायत की पूर्व मुखिया विमला देवी का निधन

**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की डलोखर पंचायत की पूर्व मुखिया विमला देवी का निधन रविवार को हो गया। वे 67 वर्ष की थी। वह राजद के वरिष्ठ नेता सह पैक्स अध्यक्ष रामदेव यादव की पत्नी थी। वह 2015 से 2020 तक मुखिया रही थी। उनका निधन इलाज के दौरान हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र शिव शंकर यादव, ओमशंकर यादव, जीवन यादव, सुरेश यादव व मनीष याद सहित बड़ा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका राजनीतिक सफर भी बेदागदार रहा है। उनके निधन पर बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रो. उमाकांत यादव, पूर्व उप-प्रमुख मनोज कुमार यादव, राम चंद्र ठाकुर, मुखिया वीणा देवी, मुखिया प्रतिनिधि राम चंद्र यादव, जिला परिषद सदस्य ललिता देवी, विष्णु देव भंडारी, विजय कुमार राय,राम कुमार राय, रामखेलावन यादव, ध्यानी यादव, हांजी मुहम्मद मजहरुल हक, राजद रामाशीष पासवान, झमेली महरा, भोगेन्द्र यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम कुमार यादव, हरिश्चन्द्र यादव आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल, जाँच में जुटी पुलिस

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना के विद्यापतिनगर- मदुदावाद मुख्य पथ के एनएच 122 बी के बढ़ौना मुसहरी के निकट शनिवार की देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक जख़्मी हो गया और उसमें एक महिला की मौत हो गई। बताया गया है कि एक ही बाइक से दो युवक एक महिला के साथ मदुदावाद की ओर से केवल स्थान से मेला देखकर लौटने के क्रम में विद्यापतिनगर की तरफ आ रहा था। तभी किसी वाहन से बढ़ौना मुसहरी के पास ठोकर लग गई। जिसमें महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है और दो घायल युवक को पुलिस उपचार के लिए सीएससी लाया है। मृत महिला की पहचान बछ्वाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा लक्ष्मण टोल निवासी संजीव पासवान की पत्नी शांति देवी उम्र 25 साल बताया गया है। वही दूसरा जख्मी युवक दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के भटगामा निवासी अजय पासवान बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया की सड़क हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वही जख्मी का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा हैं। घटना का कारण भी स्पष्ट नहीं हुआ है। आगे की कारवाई की जा रही है।

### जनगणना में मातृभाषा मैथिली लिख कर मिथिला और मैथिली को करें मजबूत : प्रो. प्रेम

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कोर्ट कैम्पस में अधिवक्ता डॉ परमानंद लाभ की अध्यक्षता में रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् की जिला स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रांची से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संस्थापक डॉ धनाकर ठाकुर ने कहा कि, मिथिला और मैथिली का केंद्र हैं समस्तीपुर। यहां सभी वर्गो में मिथिला और मैथिली के प्रति बहुत अधिक



जागरूकता हैं। भविष्य में जब कभी मिथिला राज्य का स्थापना होगी तो राजधानी समस्तीपुर से बेगुसराय के बीच में स्थापित किया जाएगा। यहां के लोग बहुत उत्साहित और कर्मठ हैं। बैठक में विशिष्ट अतिथि मिथिला शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक प्रो. पी.के. झा प्रेम ने कहा कि, आगामी जनगणना में हम सभी मिथिलावासी अपने मातृभाषा के रूप में मैथिली लिखें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ लाभ ने सभी मिथिला वासियों से आग्रह किया है कि, हम सभी जाति धर्म से ऊपर उठकर मिथिला के सम्पूर्ण विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् और आदर्श मिथिला पार्टी का सहयोग करें। ताकि मिथिला राज्य की स्थापना की जाय और मिथिला का सम्यक विकास हो सके। आदर्श मिथिला पार्टी की ओर से समस्तीपुर विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे प्रेमजीत झा ने कहा कि, एक दिन हम सभी निश्चित रूप से कामयाब होंगे। हम स्थानीय स्तर पर मिथिला के लोगों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। बैठक के दौरान संगठन के संस्थापक डॉ धनाकर ठाकुर ने परिषद् के समर्पित समाजसेवी अशोक कुमार वर्मा को जिला अध्यक्ष तथा पार्टी के जिला अध्यक्ष के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी अर्जून प्रसाद सिंह को मनोनीत किया। नव मनोनीत अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने इस वर्ष मई के अंत तक परिषद् का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन समस्तीपुर जिला में आयोजित करने का घोषणा की। इस अवसर पर डॉ. आर.के. दिवाकर, राम नारायण पोद्दार, रत्नेश कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने किया सोलह कार्टून विदेशी शराब बरामद, एक धंधेबाज गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** थाना के साहिट पंचायत के राजा चौक के निकट वार्ड 10 से शनिवार की संध्या पुलिस ने छापेमारी कर सोलह कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है। और छापेमारी कर दिनेश पासवान के पुत्र धंधेबाज बिट्टू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है की पुलिस जो गुप्त सूचना मिली की वार्ड दस में बिट्टू कुमार के घर के निकट अवैध विदेशी शराब रखा हुआ है। जिसे धंधेबाज हटाने के फिराक में है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष के निर्देश पर थाना के सहायक अवर निरीक्षक राकेश कुमार, थाना की पुलिस सुकेश कुमार और जिन्नात प्रवीण के साथ पहुंचे। तबतक शाम की गस्ती टीम भी पहुँच गई थी। पुलिस को देखते ही धंधेबाजी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। जानकारी लेने पर भागने वाले का नाम दिनेश पासवान के पुत्र बिट्टू कुमार बताया गया साथ ही उक्त जगहों पर छापेमारी करने पर सोलह कार्टून विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसमे से प्रति कार्टून में 180 एमएल के 48 बोतल यानी कुल सोलह कार्टून में 768 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसपर मोकांबो रिजर्व प्रीमियम व्हिस्की फॉर सेल इन अरुणाचल प्रदेश ओनली लिखा हुआ है। जिसे जप्त कर थाना लाया और भागने वाले बिट्टू कुमार को बाद में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि मद्ध निषेध के सुसंगत धराओ के तहत कारवाई करते हुए गिरफ्तार धंधेबाज को कोर्ट भेजा जा रहा है।

# अमित राज ने मैट्रिक की परीक्षा में 484 अंक लाकर गांव और नगर को मान बढ़ाया

**लदनियां (एनएसबी)।** बिहार माध्यमिक बोर्ड पटना ने मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। घोषित परिणाम के अनुसार स्थानीय बाजार निवासी संजय साह व गायत्री देवी के पुत्र अमित राज को सातवीं रैंक मिली है। उन्हें इस परीक्षा में 484 अंक मिले हैं। वह हाई स्कूल महथा लदनियां में नामांकित था। उनके माता-पिता क्रमशः संजय साह व गायत्री देवी बाजार की एक झोपड़ीनुमा दुकान में झिल्ली, मुरही व कचरी बेचते हैं। छात्र अमित राज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। ये डॉक्टर बनना चाहते हैं। लोगों ने उसे बधाई दी है। शिक्षक प्रेमनाथ गोसाई, दिलीप कुमार चौधरी के कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर इस मुकाम को हासिल किया है।बधाई देने वालों में उत्कृष्ट मध्य विद्यालय महथा के प्रधानाध्यापक प्रेम नाथ गोसाई, दिलीप कुमार चौधरी, दीपनारायण साह, पैक्स अध्यक्ष चन्द्रवीर साह,सरोज कुमार यादव, राम कुमार यादव, भोगेंद्र यादव, जगदीश प्रसाद, राम अशिष पासवान, महथा लदनियां हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव आदि ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता प्रकट की है।



छात्र अमित राज।

## मैट्रिक परीक्षा में बेहतर परिणाम आने के बाद छात्र-छात्राओं में खुशी




योग्यता



प्रतिभा



आयुष



रागिनी



रफिया

**बिस्फी/एनएसबी।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में प्रखंड क्षेत्र के कई छात्र छात्राओं ने परचम लहराया है. प्रखंड क्षेत्र के नाहस खंगरैठा के प्रीति प्रियदर्शी 479, इंद्र कुमार यादव के पुत्र प्रिंस कुमार 470, सुमन कुमार झा के पुत्र कुमारी योग्यता झा, 468 प्रकाश कुमार के पुत्र आयुष कुमार 440, गनौर गांव निवासी सुशील शर्मा व नीलम देवी के पुत्री नेहा कुमारी 400, ब्रह्मदेव यादव के पुत्री रागिनी कुमारी 436 प्रतिभा कुमारी 443 जानीपुर जगवन गांव निवासी अब्दुल गफ्फार के पुत्री रफिया खातुन 421, परसौनी गांव निवासी जयप्रकाश झा के पुत्र आनंद कुमार झा 391, मीनाक्षी कुमारी 372, अंशु कुमारी 372, चपरिया गांव निवासी फैयाज अनवर के पुत्र आसमा फैयाज 383, जाकिर हुसैन के पुत्री साईका बनो 358,उच्च माध्यमिक विद्यालय औंसी बभनगामा दक्षिण की छात्रा रूपम कुमारी 451, साक्षी कुशवाहा 435, प्रिया कुमारी ने 434 और बबीता कुमारी 411, रूपन कुमारीी 451, बबीता कुमारी 411 अंक प्राप्त किया है..कहा कि मैट्रिक की पढ़ाई पूरी मेहनत से कि. उसके बाद यह सफलता मिली है. इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षक को दिया है. कहा कि जेई एडवांस्ड करना चाहती है. इस सफलता पर अभिभावकों ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामना प्रकट करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की.



नेहा

## सफल छात्र छात्राओं सहित परिजनों में खुशी व उत्साह का माहौल

**खजौली/एनएसबी।** रविवार को बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा परिणाम जानने के लिए सुबह से ही छात्र छात्राओं में उत्साह नजर आ रहा था।परिणाम जारी होते ही जहां विभिन्न साइबर कैफे पर छात्र छात्राओं की भीड़ उमर परी वहीं परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओं की परिजनों का लगातार मोबाइल लगातार बजना शुरू हो गया।जहां सफल छात्र छात्राओं सहित परिजनों में खुशी व उत्साह नजर आ रहे थे। वहीं असफल छात्र छात्राओं के बीच मायूसी छाया हुआ था। वही प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सुक्की के छात्र व सुक्की उत्तरवारी टोल निवासी महेश प्रसाद सिंह,माता कविता देवी के पुत्र चिराग कुमार को 460 अंक मिलने पर परिजन सहित ग्रामीणों ने हर्ष का माहौल हैं।छात्र चिराग कुमार ने बताया कि वह अपने इस सफलता के श्रेय अपने माता पिता सहित स्कूल के सभी गुरुजनों को देते हैं। जिन्होंने हमेशा एक हम साया बनकर लगन के साथ परीक्षा की तैयारी करने को लेकर मार्गदर्शन करते रहे। वहीं उन्होंने बताया कि आगे चलकर एक कुशल इंजीनियर बनकर देश की सेवा करूंगा।वहीं उनके सफलता पर दादा राम प्रवेश सिंह , सरोज गामी ,सतीश कुमार पासवान पूर्व जीप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह,मुखिया अशोक कुमार सिंह, पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह,सरपंच अरुण कुमार सिंह,पंसस आभा कुमारी, जदयू नेता अमरेश कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष रामबाबू सिंह, मनोज शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया हैं।



छात्र को मिठाई खिलाने।

## एक अवैध देशी कट्टा एवं तीन जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी/एनएसबी।** थानाध्यक्ष, लदनियां थाना को वाहन चेकिंग के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि एक मोटरसाईकिल पर 03 व्यक्ति सवार होकर देशी कट्टा के साथ किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से लदनियां थाना अन्तर्गत ग्राम कबिलासा से सिधपकला जाने वाली रोड से कहीं जा रहे है। उक्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार सूचना के सूचना के सत्यापन एंव आवश्यक कारवाई हेतू ग्राम-कबिलासा बजरंग चौक के पास पहुंचे तो पुलिस वाहन को देखते हीं तीनों युवक मोटरसाईकिल छोड़कर भागने लगे। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ने का प्रयास किया गया जिसमें से एक लडका पकड़ा गया तथा दो लडका भागने में सफल रहा। पकडाये व्यक्ति से नाम/पता पुछने पर अपना नाम रमन कुमार यादव बताया। भागने का कारण पुछने पर उसके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नही दिया गया। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी के क्रम में रमन कुमार यादव के कमर में बाँए तरफ खोसा हुआ 01 देशी कट्टा तथा दाहिने पैंट के पॉकेट से 03 जिंदा कारतूस एवं 01 मोबाईल बरामद हुआ।

# सरकारी रास्ते के विवाद में महिला की पीट-पीटकर हत्या, इलाके में तनाव

**जयनगर/एनएसबी।** जिले के देवधा थाना क्षेत्र अंतर्गत उसराही (सुराही) वार्ड नंबर 2 में सरकारी रास्ते पर गेट खोलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं स्थानीय लोगों में आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त है।मिली जानकारी के अनुसार, सुराही वार्ड नंबर 2 निवासी कमली देवी (उम्र 45 वर्ष), पति प्रकाश सहनी का अपने पड़ोसी के साथ लंबे समय से सरकारी रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि उक्त रास्ते पर गेट लगाने और उसे खोलने-बंद करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार कहासुनी और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो चुकी थी। शुक्रवार को यह विवाद अचानक उग्र हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान कमली देवी को बेरहमी से पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन उनकी हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर डीएसपी राघव दयाल एवं देवधा थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मधुबनी भेज दिया। साथ ही पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर घटना की विस्तृत जानकारी जुटाई और आरोपियों की पहचान करने में जुट गई।पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रामेश्वर सहनी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस जघन्य घटना में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मृतका कमली देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके परिवार में पुत्र शिवजी सहनी (उम्र 30 वर्ष), उमेश कुमार (उम्र 25 वर्ष, अविवाहित) तथा पुत्री रुकमनी कुमारी (उम्र 20 वर्ष, अविवाहित) शामिल हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का कहना है कि मामूली विवाद ने उनकी खुशहाल जिंदगी को उजाड़ दिया।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा इस रास्ते के विवाद का स्थायी समाधान कर दिया गया होता, तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं होती। लोगों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ ऐसे विवादों के त्वरित निपटारे की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि छोटे-छोटे विवाद, यदि समय पर नहीं सुलझाए जाएं, तो वे किस तरह भयावह रूप ले सकते हैं।

## 103 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध,45 हजार 373 एलपीजी गैस का स्टॉक

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मधुबनी जिले में 29. मार्च तक 45 हजार 373 एलपीजी गैस सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध है। अब तक कुल बुकिंग 28 मार्च तक 3 लाख 93 हजार 836 है। जिले में एलपीजी गैस वितरण सामान्य ढ़ंग से हो रही है। जिले के विभिन्न कंपनियों के सभी एलपीजी वितरकों के द्वारा होम डिलीवरी के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी एवं गोदाम पर अनावश्यक भीड़ लगाने से बचने की आवश्यकता है।प्रशासन द्वारा गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक गैस की आपूर्ति करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है।सभी उपभोक्ताओं को अफवाह पर ध्यान देने की आवश्यकता नही है। अनावश्यक गैस एजेंसियों पर भीड़ नही लगाए एवं अपनी बारी का प्रतीक्षा करते हुए होम डिलीवरी से गैस प्राप्त करें। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा गुगल लिंक एवं विभिन्न सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर आदि से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है एवं कृत कार्रवाई को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया जा रहा है।



### पेट्रोल - डीजल की कमी को लेकर वाहन मालिकों की भाग दौड़ लगी रही

**लदनियां/एनएसबी।** लदनियां प्रखंड क्षेत्र में आज तीसरे दिन भी पेट्रोल - डीजल की कमी को लेकर वाहन मालिकों की भाग दौड़ लगी रही। शनिवार को की दोपहर पांच बजे तक कमतौलिया पेट्रोलियम पंप बंद था। वहीं लदनियां,लक्ष्मिनिया पेट्रोल पंप पर पेट्रोल तो है परंतु तीन सै से अधिक का पेट्रोल नहीं मिल रहा है। अधिकांश पेट्रोल पंप संचालक का कहना है प्रयाप्त मात्रा में पेट्रोल आपूर्ति नहीं होने के कारण एक ओर जहां पेट्रोल उपलब्ध नहीं हो रहा है, वहीं सोशल मीडिया पर वायरल पेट्रोल एवं गैस किल्लत की संभावना के कारण लोगों में अधिक से अधिक पेट्रोल की मांग के कारण पेट्रोल पंप पर भीड़ अधिक बढ़ने के कारण भी स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गया है। कुछ पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि तेल टैंकर समय पर नहीं पहुंचने के कारण भी स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रहा है।

# हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी के विधायक माधव आनंद ने रविवार को जिला सदर अस्पताल, मधुबनी का औचक निरीक्षण किये! निरीक्षण के क्रम में विधायक माधव आनंद ने अस्पताल परिसर के निरीक्षण करते हुए कई वार्डो का जायजा भी लिए! विधायक माधव आनंद ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीज को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लिए! माधव आनंद ने स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट विजिट, ब्लड बैंक का निरीक्षण, दवाई स्टॉक की जांच तथा प्रसूति विभाग का निरीक्षण किया!, ताकि मरीजों को बेहतर और समयबद्ध सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। विधायक माधव आनंद ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा कि जिले से आए हुए मरीज को किसी भी प्रकार का कठिनाई न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग तत्परता से अपनी जिम्मेवारी निर्वहन करें! उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा आम रोगियों को मिलने वाली दवाइयां और बेहतर उपचार अनिवार्य तौर पर लोगों को उपलब्ध हो! सरकार के द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाएं आम लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए! उन्होंने कहा कि

पारदर्शिता, गुणवत्ता और तत्परता के साथ हर आज जिला सदर अस्पताल, मधुबनी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट विजिट, ब्लड बैंक का निरीक्षण, दवाई स्टॉक की जांच तथा प्रसूति विभाग का निरीक्षण किया गया, ताकि मरीजों को बेहतर और समयबद्ध सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। विधायक ने कहा कि

पारदर्शिता, गुणवत्ता और तत्परता के साथ हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। विधायक माधव आनंद के साथ मधुबनी के मेयर अरुण राय भी उपस्थित थे! विधायक माधव आनंद ने मधुबनी जिला अतिथि गृह में रविवार को क्षेत्र से पधारे सम्मानित नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। विधायक माधव आनंद ने कहा कि जनता की हर समस्या का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

विधायक माधव आनंद ने गोवा पोखर, वार्ड संख्या-32, भौआरा में मो० अब्दुल्ला जी के आवास पर अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। सभी की हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता है। भविष्य में भी किसी भी कार्य या परेशानी को लेकर बेझिझक संपर्क करें, हम सदैव आपके साथ हैं। विधायक माधव आनंद के द्वारा मधुबनी में किया जा रहे कार्यो की प्रशंसा आम लोगों के जुबान पर काफी तेजी से बढ़ रही है माधव आनंद ने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक समय देकर आम लोगों की समस्याओं को निदान करने में जुटे हुए हैं!





सदर अस्पताल मधुबनी का निरीक्षण करते विधायक माधव आनंद।

# पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, मौके से एक शराब कारोबारी गिरफ्तार

## विदेशी बोतलों में नकली शराब भरकर बाजार में खपाने की चल रही थी तैयारी



फोटो 1 ( फैक्ट्री से बरामद शराब व सामान के साथ गिरफ्तार एक कारोबारी।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** पूर्ण शराबबंदी प्रदेश में भारी सख्ती के बावजूद शराब माफियाओं के गोरखधंधे का पदार्फाश हुआ है। कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर में एक बंद मकान के अंदर नकली विदेशी शराब बनाने का बड़ा खेल चल रहा था, जहां बोतलों में जहर घोलकर बाजार में उतारने की साजिश रची जा रही थी। उत्पाद विभाग की टीम ने मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक मकान में संचालित किए जा रहे नकली शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया।

उत्पाद विभाग की टीम द्वारा की गई छापामारी के दौरान मकान में चल रही नकली शराब फैक्ट्री से अलग अलग ब्रांड के विदेशी शराब की बोतलों में भरी जा रही नकली शराब बरामद की गई। साथ ही भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण, खाली बोतलें, ढक्कन और रैपर भी जब्त किए गए है। वही उत्पाद विभाग की टीम ने मौके से सरैया थाना क्षेत्र निवासी संतोष कुमार द्विवेदी नामक एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है, ताकि इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके और इसमें शामिल अन्य शराब माफियाओं तक पहुंचा जा सके।

विभगीय अधिकारी की मानें तो यह पूरा सेटअप किसी प्रोफेशनल गैंग की तरफ इशारा करता है जो लंबे समय से असली विदेशी शराब की बोतलों में नकली शराब की पैकिंग कर शराब की तस्करी को अंजाम दे रहा था। मिली जानकारी के अनुसार विभगीय अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके के एक मकान के भीतर मिनी शराब फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना मिलते ही टीम ने बिना देर किए छापेमारी की और मौके पर जो नजारा सामने आया, उसने सभी को चौंका दिया। विभगीय अधिकारियों का कहना है कि एक संगठित गिरोह इस खतरनाक काम को अंजाम देते हुए बड़े पैमाने पर नकली शराब तैयार कर उसे बाजार में खपाने की फिराक में था। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो यह जहरीली शराब कई जिंदगियों पर भारी पड़ सकती थी। फिलहाल पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम पूरे मामले की तह तक पहुंचने में जुटी है। इस खुलासे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि ऐसे गैरकानूनी धंधों पर अब और सख्ती से लगाम कसी जाएगी।

# पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह के माध्यम से वर्तमान और पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं ने अपने अनुभव साझा कर हुए रोमांचित



फोटो 3 ( समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि व कॉलेज के अधिकारीगण।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नगर के गन्नीपुर स्थित एस के जे लॉ कॉलेज के सेमिनार हॉल में रविवार को कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र एसोसिएशन द्वारा भव्य पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ श्रीकृष्ण सिंह एवं एल पी शाही की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र रहे पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सह बिहार राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार, कॉलेज के अध्यक्ष एस के मिश्रा, सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा, निदेशक सह एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष जयंत कुमार, प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक सह एलुमनी एसोसिएशन के सचिव डॉ एस पी चौधरी, प्रशासक सह एलुमनी सदस्य डॉ रत्नेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की विधिवत शुरूआत की। मौके पर अन्य अतिथियों व न्यायिक अधिकारियों में मुकेश कुमार, तौसीफुल हक अंसारी, अभिराज ठाकुर, आरती कुमारी एवं रेखा रश्मि, उपेन्द्र कुमार, मुजफ्फरपुर डीबीए अध्यक्ष रामकृष्ण ठाकुर, एडवोकेट एसोसिएशन सचिव उमेश सिंह, अजय नारायण सिन्हा तथा बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट सदस्य डॉ हरेंद्र कुमार की उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर किया गया। निदेशक सह एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष जयंत कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की प्रगति एवं विकास पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री एस के मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्ववर्ती छात्र संगठन का सक्रिय रहना एवं समय-समय पर महाविद्यालय प्रबंधन को सुझाव देना संस्थान के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा ने महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान वर्तमान में उत्कृष्ट विधिक शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिससे छात्र-छात्राएँ न्यायिक सेवा, विधि परामर्श एवं उच्च स्तर के अधिवक्ता के रूप में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजय कुमार ने अपने संस्मरण साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि परिश्रम एवं समर्पण से वे भी जीवन में ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर अन्य पूर्ववर्ती छात्रों व न्यायिक अधिकारियों ने भी अपने कॉलेज जीवन के अनुभव साझा किए। एलुमनी एसोसिएशन के सचिव डॉ एस पी चौधरी ने सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत संस्था द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी, जिसमें जरूरतमंदों को सिलाई मशीन, व्हीलचेयर, वाशिंग मशीन, इन्वर्टर एवं बैटरी आदि प्रदान किए जाने का उल्लेख किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान जरुरतमंद डीग्री कॉलेज, कुढ़नी को इन्वर्टर एवं बैटरी तथा जरूरतमंद बच्चों को बैग एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच संचालन कॉलेज की छात्रा आशी तिवारी एवं छात्र अभिनय चौधरी ने किया। मुख्य कार्यक्रम का संचालन प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम पूर्ववर्ती छात्रों और वर्तमान छात्रों के बीच संवाद, प्रेरणा एवं सहयोग का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

# 4-5 अप्रैल को आयोजित भाकपा-माले के 11वें जिला सम्मेलन की सफलता के लिए जिला कमिटी की हुई बैठक



माले जिला कमिटी की बैठक में शामिल पार्टी के राज्य सचिव व ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाकपा-माले के 11वें मुजफ्फरपुर जिला सम्मेलन की तैयारी के लिए पार्टी जिला कमिटी की बैठक रविवार को दिवान रोड स्थित किरणश्री भवन में आयोजित हुई। बैठक में माले राज्य सचिव का. कुणाल और पॉलिट ब्यूरो सदस्य व ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी भी उपस्थित रहे।बैठक में को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि सम्मेलन ऐसे चुनौतीपूर्ण दौर में हो रहा है जब बिहार पर यूपी की तरह बुलडोजर राज थोप दिया गया है। विधानसभा चुनाव के बाद सरकार ने पहला फरमान जारी किया कि गांव से शहर तक गरीबों व दलितों की झोपड़ियों, फुटपाथ दुकानदारों व कामकाजी लोगों की गुमटियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया जाएगा। स्मार्ट सिटी व सौन्दर्यीकरण के नाम पर गरीबों को उजाड़ने का सिलसिला तो पहले से भी जारी था। जब गरीबों, महिलाओं व दुकानदारों के द्वारा विरोध किया जा रहा है तो उनपर पुलिसिया कहर जारी है।

उन्होंने बिहार में अपराधियों का तांडव, गरीबों के साथ जुल्म अत्याचार आदि की चर्चा करते हुए कहा कि इस स्थिति में सरकार सुशासन और विकास का गीत गाने में मस्त है। अब नीतीश को हटाकर भाजपा बिहार में अपना मुख्यमंत्री थोप रही है। लेकिन भाजपा के बुलडोजर राज के खिलाफ गरीबों, मजदूर -किसानों, महिलाओं, छात्र-नौजवानों और आमलोगों का प्रतिरोध भी बढ़ रहा है। माले राज्य सचिव ने खाड़ी देशों के बीच चल रहे युद्ध की चर्चा करते हुए इस मामले में भारत सरकार की भूमिका पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ईरान पर हमले के कारण देश-दुनिया में त्राहिमाम मचा हुआ है। महंगाई तेजी से बढ़ रही है। लेकिन विश्वगुरू बने प्रधानमंत्री अमेरिका इजराईल की गुलामी करने में जुटे हैं। उन्होंने बंगाल, केरल, तमिलनाडु सहित कई राज्यों में चुनाव की घोषणा की चर्चा करते हुए कहा कि सभी जगह बिहार की तरह ही लाखों लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काट देने का महाखेल जारी है। फिर सभी राज्यों में भाजपा सांप्रदायिक विभाजन और जहर फैलाने जुटी हुई है। ऐसे विषम और चुनौतीपूर्ण दौर में भाकपा-माले का जिला सम्मेलन और उसके बाद 16-17 व 18 मई 2026 को दरभंगा में राज्य सम्मेलन आयोजित है। हमसब को निश्चित ही भाजपा के बुलडोजर राज और मोदी सरकार की अमेरिकापरस्ती के खिलाफ शहर से गांव तक आंदोलन और प्रतिरोध तेज करने के लिए दिन रात जुटना होगा। सभी स्तर पर संगठन को और मजबूत करना होगा। महिला संगठन ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शहर से गांव तक महिलाओं व छात्राओं पर बर्बर यौन हिंसा और हत्या जारी है।

# शहर से काम निपटा कर घर लौट रहे दो मजदूरों को अपराधियों ने कपरपुरा रेलवे गुमटी के पास गोली मारी, हालत गंभीर व इलाके में दहशत



घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस टीम और ग्रामीण।


**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** कांटी थाना क्षेत्र के कपरपुरा रेलवे गुमटी के समीप बारमत पुर लीची बगान के सामने शनिवार की रात अपराधियों ने साइकिल सवार दो मजदूरों को गोली मार दी। इस हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूर की पुकार सुनकर दौड़े स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर खून से लथपथ दोनों घायलों को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों मजदूरों की हालत नाजुक बनी हुई है।

बताया गया है कि देर रात सुनसान इलाके का फायदा उठाकर पहले से घात लगाए अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार सिरसिया निवासी राजकिशोर भगत उर्फ लालू (40) और शाहबाजपुर निवासी अनिल पटेल (45) साइकिल से शहर से अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों ने कुल पांच राउंड फायरिंग की। इसमें राजकिशोर भगत को सीने और पेट में तीन गोलियां लगी हैं, जबकि अनिल पटेल को दो गोलियां लगी हैं। गोली लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और खून से लथपथ हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

राहगीरों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल दोनों युवकों को तुरंत बैरिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि लूटपाट के दौरान अपराधियों ने अपने को पहचान लिए जाने के डर से दोनों युवकों को गोली मार दी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही कांटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष रविकांत पाठक ने बताया कि घायलों का बयान दर्ज कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी लूट के विरोध में हुई या हत्या की नीयत से, लेकिन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कांटी के विधायक व पूर्व मंत्री अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी लेने के बाद फिर अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। विधायक अजीत कुमार ने बताया कि कपरपुरा रेलवे गुमटी के बंद रहने के कारण यह इलाका काफी सुनसान हो गया है, जिसका फायदा उठाकर अपराधी इस तरह की घटना को अंजाम देने लगे हैं। उन्होंने प्रशासन से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग की। वही देर रात बैरिया स्थित अस्पताल पहुंची डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने घायलों व उनके परिजनों से बातचीत कर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस टीम जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी। फिलहाल, पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कपरपुरा गुमटी बंद हो जाने के कारण लोग लीची बगान वाले सुनसान रास्ते से आने जाने लगे हैं। वहीं अपराधी इस इस सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर अपराध की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है, इस मामले में प्रशासन को त्वरित करवाई करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### मैट्रिक परीक्षा में औराई की सादिया सामी 482 अंक लाकर बनी जिला टॉप



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा रविवार को घोषित मैट्रिक (10वीं) परीक्षा 2026 के परिणाम में प्रखंड क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा सादिया सामी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में 9वाँ तथा जिले में टॉप स्थान प्राप्त किया है। सादिया सामी ने कुल 500 में से 482 अंक (96.4 प्रतिशत) हासिल कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे औराई प्रखंड व मुजफ्फरपुर जिले का नाम रोशन किया है। रोल कोड 51891 एवं रोल नंबर 2600068 वाली सादिया सामी उच्च विद्यालय औराई उर्दू, की छात्रा हैं। खास बात यह रही कि सादिया सामी ने अपनी पढ़ाई गाँव के घर पर रहकर ही की और सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत व लगन से यह बड़ी सफलता हासिल की है। सादिया की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी उसे बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों के अनुसार, सादिया सामी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उनके पिता समी अहमद एवं माता प्रवीण खातून इस उपलब्धि से अत्यंत खुश हैं। उनकी माता सरकारी विद्यालय में शिक्षिका हैं। सादिया सामी दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटी हैं और अपनी मेहनत व लगन से पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। गांव के समाजसेवी मो राजा ने बताया वह बचपन से पढ़ने में काफी तेज तर्रार थी और उसकी सफलता पर पूरे गांव में खुशी की लहर है।

### अगलगी में घर समेत मवेशी ट्रैक्टर और अनाज जलकर राख, झुलसकर बच्चा घायल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के कांटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बकटपुर पंचायत में शनिवार को भगवान सहनी के घर में खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें विकराल रूप धारण करते हुए घर सहित घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गए। इस हादसे में एक बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया गया है कि इस घटना में गाय समेत अन्य मवेशियों की जलकर मौत हो गई। वहीं, खेतों में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर, थ्रेसर मशीन, अनाज और अन्य कीमती सामान भी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी। वहीं, इस घटना को लेकर पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना रहा।

### साप्ताहिक चैरिटेबल क्लिनिक में 84 रोगियों के स्वास्थ्य जांच कर दी गई उचित डॉक्टरी सलाह

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के आमगोला रोड स्थित सुख शान्ति भवन में ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग एवं रोटरी आम्रपाली द्वारा संचालित साप्ताहिक चैरिटेबल क्लिनिक में रविवार को 84 रोगियों के स्वास्थ्य जांच कर उचित चिकित्सा परामर्श दिया गया। साथ हीं जरुरतमंदों के बीच दवा वितरण किया गया। आँख, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ बीएल सिंघानिया, जेनरल फिजिशियन डॉ नवीन कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि प्रिया, चर्म एवं यौन रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार, आयुर्वेद डॉ ललन तिवारी एवं होम्योपैथीक डॉ फनीश चंद्र ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम के संचालन में रोटरी आम्रपाली के सचिव नवीन त्रिवेदी, वयोश्रेष्ठ समाजसेवी एच एल गुप्ता, बीके महेश, बीके सीता, बीके सीमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




### बूथस्तर पर गूँजी 'मन की बात' प्रधानमंत्री के संबोधन ने भरा कार्यकताओं में उत्साह

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात' का 132वाँ एपिसोड रविवार को मुजफ्फरपुर नगर विधानसभा (94) के विभिन्न बूथों पर सुना गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और स्थानीय कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। प्रधानमंत्री का यह संबोधन कार्यकताओं के लिए ऊजार्वान और गतिशीलता प्रदान करने वाला रहा। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि मोदी जी के शब्द न केवल देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं, बल्कि हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित भी करते हैं। आज का एपिसोड मुख्य रूप से भविष्य की चुनौतियों और समाधानों पर केंद्रित था, जिसमें जल शक्ति के महत्व और अमृत सरोवरों के रखरखाव पर जोरदिया गया। भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा के बढ़ते कदम की जानकारी दी गई। वहीं वर्तमान वैश्विक युद्ध संकट के बीच शांति और भारत की कूटनीतिक भूमिका पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने और पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की शक्ति देता है। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों के साथ-साथ नगर विधानसभा प्रभारी मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक झा, जिला मीडिया प्रभारी रंजन ओझा, प्रमुख भाजपा नेता, कर्मठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।



### अग्निपीड़ितों से मिले विश्वकर्मा समाज के नेतागण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सकरा प्रखंड के रामपुर मनी पंचायत के मझौली पचदही गांव में पिछले दिन देर रात्रि इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से आग लगने की हुई घटना में मिट्ठू ठाकुर सहित कई परिवारों के घर व संपत्ति जल जाने की हुई घटना के प्रभावित परिवारों की सुधि लेने विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हेम नारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में कई लोग अग्नि पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी परिवारिक स्थिति का जायजा लिया। साथ हीं समाज के लोगों ने इस आपदा में हुई क्षति को लेकर प्रभावितों को सांत्वना देते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को राशन, बर्तन, कपड़ा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि वे समाज की ओर से भी हर संभव मदद और सहयोग के लिए उनके साथ खड़े हैं।



### केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए यूजीसी कानून के खिलाफ आंदोलन का लिया निर्णय

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** गायघाट सामाजिक मंच रजि की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को प्रखंड कार्यालय गायघाट में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में मंच ने सर्वसम्मति से आगामी 10 अप्रैल को केंद्र सरकार के द्वारा जारी किए गए "यूजीसी'कानून के खिलाफ महा धरना आंदोलन गायघाट प्रखंड मुख्यालय पर करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि इस धरना के माध्यम से केंद्र सरकार को आगाह किया जाएगा कि सरकार अविलंब इस कानून को वापस ले। क्योंकि यह कानून समाज को तोड़ने का काम करेगा न कि जोड़ने का। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रदेश प्रवक्ता रंजन कुमार, अरुण कुमार सिंह, राममूर्ति ठाकुर, जयदेव प्रसाद सिंह, पप्पू सिंह, मुकेश महतो, सुजीत कुमार शर्मा, अमरेश राय, घनश्याम सिंह के साथ साथ प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय किसान महाकुंभ में मुजफ्फरपुर की बेटी-बहू डॉ. मिंटू शर्मा बढ़ाएंगी मुजफ्फरपुर जिले का मान

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले की बेटी और बहू डॉ. मिंटू शर्मा आगामी 30 एवं 31 मार्च को आईआईटी दिल्ली परिसर में आयोजित राष्ट्रीय किसान महाकुंभ में मुजफ्फरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतिष्ठित मंच पर वे अपने नवाचारों और कृषि मॉडल के माध्यम से जिले का मान बढ़ाएंगी। डॉ. मिंटू शर्मा ने सीमित संसाधनों के बावजूद जैविक खेती को अपनाकर एक सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने गन्ने के रस और गुड़ को बाजार तक पहुंचाने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने का सराहनीय कार्य किया है। विशेष रूप से बूढ़ी गंडक नदी के जल का उपयोग कर सिंघाड़ा (पानी फल) की खेती के मॉडल पर उनका कार्य किसानों, खासकर महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बन रहा है। उनके प्रयासों से जिले की कई महिलाएं कृषि से जुड़कर अपनी आय के नए स्रोत विकसित कर रही हैं। डॉ. शर्मा ह्लहर घर में हाइब्रिड लीची और आम का पेड़ह्व लगाने के अभियान के जरिए भी लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हैं, जिससे घरेलू स्तर पर भी आय बढ़ाने के अवसर सृजित हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर ही नहीं, बल्कि असम के गुवाहाटी क्षेत्र में भी वे महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई हैं। वहां पहाड़ी क्षेत्रों की मिट्टी में खेती के नए तरीकों पर काम कर उन्होंने कई महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है। राष्ट्रीय किसान महाकुंभ में डॉ. मिंटू शर्मा देशभर के वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगी। साथ ही वे मुजफ्फरपुर के प्रसिद्ध उत्पाद—शाही लीची, मालभोग आम, लंगड़ा आम, मखाना तथा सिंघाड़ा—को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में भी अपनी प्रस्तुति देंगी।



डॉ. मिंटू शर्मा।

### सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य : बाल श्रम व बाल दुव्यापार के खिलाफ विशेष अभियान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बाल दुव्यापार, बाल श्रम एवं मानव तस्करी के खिलाफ जिले में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सह विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के नोडल पदाधिकारी मो. नजीब अनवर के निर्देशन में विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के साथ मिलकर यह अनूठी पहल की जा रही है। इसी क्रम में बाल श्रम एवं बाल दुव्यापार पर पूर्ण अंकुश लगाने को लेकर सीनियर डीएसपी सह नोडल पदाधिकारी मो. नजीब अनवर एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के केंद्रीय व स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके समुचित विकास को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। वरीय पुलिस उपाधीक्षक मो. नजीब अनवर ने कहा कि बाल दुव्यापार और बाल श्रम गंभीर अपराध हैं और इन्हें जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि इस तरह की किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। बैठक के दौरान एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के केंद्रीय प्रबंधक राकेश कुमार ने जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस पहल के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, अभियान एवं निगरानी को और मजबूत किया जाएगा, ताकि बच्चों का सुरक्षित बचपन और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

डुमरा स्थित हवाई अड्डा मैदान में केवीएम के करियर फेयर एवं एजुकेशन एक्सपो का भव्य आयोजन

# पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश एवं डीएम रिची पाण्डेय ने किया छात्रों का मार्गदर्शन

नव संदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** जिला मुख्यालय डुमरा स्थित हवाई अड्डा मैदान में रविवार को केवीएम सीतामढ़ी द्वारा करियर फेयर एवं एजुकेशन एक्सपो का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केवीएम के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश एवं जिला पदाधिकारी रिची पांडेय की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में सही मार्गदर्शन और सटीक जानकारी ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। जिला पदाधिकारी ने भी छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा उपलब्ध अवसरों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समय के साथ बदलते अवसरों को पहचानकर आगे बढ़ने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम आपदा सीतामढ़ी सुकेश कुमार पांडेय, जिला कल्याण पदाधिकारी सम्राट चंद्र राजकुमार, अमलेन्द्र सिंह (डीआरसीसी), विपिन प्रकाश (कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग), अनुतोष (डीएसपी गृह रक्षावाहिनी), प्रोफेसर आशीष सर (एसआईटी), डॉ. अरुण कुशवाहा (एसबीआई चीफ मैनेजर), डॉ. सुनील मधुप, पंकज रमन (निदेशक, गुरुकुल डिग्री कॉलेज सीतामढ़ी) सहित अन्य अतिथियों ने अपने अनुभव एवं ज्ञान साझा करते हुए छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री, जिलाधिकारी व अन्य गणमान्य अतिथि।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों एवं नई शिक्षा प्रणाली के प्रति जागरूक करना था। फेयर में विभिन्न शिक्षा संस्थानों एवं विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग के साथ-साथ तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। यह आयोजन छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुआ और उन्हें अपने भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। केवीएम सीतामढ़ी की इस पहल की सभी उपस्थित जनों ने सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भाग्यनारायण, रामनिवास, सत्येन्द्र, मौसमी रानी, ओम प्रकाश सिंह, रवीश, अशोक, प्रभाकर, विजय, अर्चना, श्रवण सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बैरगनिया थाना क्षेत्र से जब्त 1405 लीटर अवैध शराब का किया गया विनष्टीकरण



शराब विनष्टीकरण के मौके पर उपस्थित प्रभारी सीओ, प्रभारी थानाध्यक्ष व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से जब्त की गई कुल 1405 लीटर अवैध शराब का रविवार को थाना परिसर में विधिवत विनष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई प्रभारी अंचल अधिकारी (सीओ) पल्लवी कुमारी की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।

प्रभारी थानाध्यक्ष बंटी कुमार ने बताया कि बीते दिनों पुलिस द्वारा चलाए गए सघन छापेमारी अभियान के दौरान कुल 14 अलग-अलग कांडों में अवैध शराब जब्त की गई थी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इन सभी जब्त शराब को नष्ट करने की प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने बताया कि विनष्टीकरण के लिए थाना परिसर में एक बड़ा गड्ढा खोदा गया, जिसमें शराब की बोतलों एवं पाउच को जेसीबी मशीन तथा अन्य तरीकों की सहायता से नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शिता बनाए रखी गई।

थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि नष्ट की गई शराब में देसी एवं विदेशी दोनों प्रकार की अवैध शराब शामिल थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शराब कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्ती और छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस प्रशासन ने यह भी संकेत दिया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रहे और नशा मुक्त समाज की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।

## मदरसा बोर्ड का निर्देश : सभी अनुदानित मदरसों में लागू हो मिड-डे मील योजना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए राज्य के सभी अनुदानित मदरसों को मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) योजना से जोड़ने का आदेश दिया गया है।

मदरसा बोर्ड के सचिव अब्दुस सलाम अंसारी ने इस संबंध में निदेशक, मध्यान्ह भोजन योजना, बिहार को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

जारी पत्र में कहा गया है कि बोर्ड से संबद्ध कई अनुदानित मदरसे अभी तक मिड-डे मील योजना का लाभ नहीं उठा रहे हैं, जबकि यह योजना सभी शिक्षण संस्थानों के लिए अनिवार्य है। इस पर गंभीरता जताते हुए सचिव ने निर्देश दिया है कि ऐसे सभी मदरसों को तत्काल इस योजना से जोड़ा जाए, ताकि वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पोषणयुक्त भोजन मिल सके।

सचिव अंसारी ने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य छात्रों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना और विद्यालयों में उनकी उपस्थिति बढ़ाना है। ऐसे में किसी भी मदरसे का इससे वंचित रहना उचित नहीं है।

उन्होंने बताया कि राज्य के 1942 अनुदानित मदरसों की सूची उपलब्ध कराई गई है और सभी को योजना के अंतर्गत लाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

सीतामढ़ी जिले में वर्तमान में 1128 कोटि के मदरसों में मिड-डे मील संचालित है, जबकि 609 एवं 205 कोटि के कुछ मदरसों में ही यह योजना लागू है। सचिव ने स्पष्ट किया कि अप्रैल माह से हर हाल में जिले के सभी मदरसों में मिड-डे मील योजना शुरू कर दी जानी चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी की कही बातों को अभियान के तहत घर घर पहुंचाएंगे : प्रभात मालाकार



मन की बात कार्यक्रम में शामिल प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक आकाशवाणी कार्यक्रम मन की बात का 132 वां एपिसोड नगर विधानसभा के वार्ड नंबर 17 के बूथ नंबर 124-125 स्थित भाजपा नेता रंजीत कुमार साहू के आवास पर भाजपा नेताओं ने सुना। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह संस्करण काफी उर्जान्वित, गतिशिलता प्रदान करने वाला और प्रेरक रहा। यह एपिसोड जल सरोवर, सोलर उर्जा एवं वैश्विक युद्ध संकट पर केंद्रित रहा। साथ ही प्रधानमंत्री ने खाने के तेल मे 10 प्रतिशत कटौती और एक पेङ मां के नाम के कार्यक्रम को निरंतर जारी रखने का देशवासियों से आव्हान किया। प्रभात ने कहा कि प्रधानमंत्री की आज की सभी बातों को एक अभियान के रूप में लेकर वे घर घर पहुंचाने का काम करेंगे। मन की बात कार्यक्रम के दौरान मौके पर गरीबनाथ नगर मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह, जिला सह कोषाध्यक्ष साकेत शुभम, प्रणव भूषण मोनी, आशुतोष शर्मा, राकेश तिवारी, आनंद राठौर, अनुमान चंद्रवंशी, उदयशंकर सिंह नन्हे, शाहनवाज आलम, भोलू सागर, रमेश रत्नाकर, राकेश साहू, चंदन श्रीवास्तव, विवेक गौरव, रौशन कुमार आदि उपस्थित थे।

## शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह को भव्य बनाने की तैयारी, मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि बनाने का संकल्प

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति, मुजफ्फरपुर द्वारा वर्ष 2026 में शहीद बैकुंठ शुक्ल के शहादत दिवस (14 मई) एवं जन्मदिवस (15 मई) पर दो दिवसीय भव्य समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। समिति ने इस आयोजन को पूर्व वर्षों की तुलना में और अधिक व्यापक एवं आकर्षक बनाने का संकल्प लिया है।

समिति के अनुसार वर्ष 2025 में भी जिला प्रशासन के सहयोग से दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था, जिसकी अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता अजय नारायण ने की थी। कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा, केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण निषाद, सांसद वीणा देवी,

**अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति का कहना है कि वे किसी भी स्थिति में मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में शामिल कराने का प्रयास करेंगे, भले ही वे भविष्य में किसी अन्य पद पर हों।**

आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल ठाकुर, तत्कालीन विधायक विजेंद्र चौधरी, केदार गुप्ता, पूर्व नगर विकास मंत्री सुरेश कुमार शर्मा सहित विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

समिति के संस्थापक सचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण शुक्ला ने बताया कि उस दौरान सांसदों द्वारा शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मारक गोलंबर पार्क के सौंदर्यीकरण, फाउंटेन की मरम्मत एवं गोलंबर के चारों ओर भव्य गेट निर्माण का आश्वासन दिया गया था। इस संदर्भ में समिति ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि यदि इस दिशा में जिला प्रशासन को कोई प्रस्ताव या पत्र दिया गया है, तो उसे सार्वजनिक किया जाए, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके।

वर्ष 2026 के समारोह को लेकर समिति ने विशेष रूप से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का संकल्प लिया है। समिति का कहना है कि वे किसी भी स्थिति में मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में शामिल कराने का प्रयास करेंगे, भले ही वे भविष्य में किसी अन्य पद पर हों। इसके साथ ही समिति द्वारा अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल बस स्टैंड एवं स्मारक स्थल गोलंबर पार्क के सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन, फाउंटेन मरम्मत तथा अन्य आवश्यक कार्यों को समारोह से पूर्व पूर्ण कराने की मांग की गई है। इस संबंध में 28 मार्च 2025 को जिला समाहर्ता से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा गया, जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र जिला समन्वय समिति की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया है।

समिति ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से भी इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है, ताकि अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल की स्मृति को और अधिक सम्मान एवं व्यापकता मिल सके।

# सीतामढ़ी में 108 बरुओं का हुआ निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुनौरा धाम स्थित सीता प्रेक्षा गृह में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मर्षि सेना सीतामढ़ी के तत्वावधान में 108 बरुआ का निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन पुनौरा धाम मंदिर के महंत कौशल किशोर दास, उनके शिष्य रामकुमार दास, ब्रह्मर्षि सेना के मार्गदर्शक गुरुदेव प्रसाद, राधेश्याम सिंह, उपेंद्र चौधरी, संयोजक डॉ. राजीव कुमार काजू एवं अध्यक्ष अवनीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

महंत कौशल किशोर दास ने कहा कि माता सीता के आशीर्वाद से ही ब्रह्मर्षि सेना के कार्यकर्ता इतने बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करते हैं, जो समाज एवं राष्ट्रहित के लिए समर्पित है। मुख्य आचार्य डॉ. अजय कुमार एवं उनकी टोली ने वैदिक विधि से उपनयन संस्कार संपन्न कराते हुए गायत्री मंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उपनयन 16 संस्कारों में एक महत्वपूर्ण एवं पवित्र संस्कार है, जो ज्ञान और आत्मबल को बढ़ाता है।



दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते महंत, ब्रह्मर्षि सेना के पदाधिकारी व अन्य।

अध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग से यह आयोजन सफल हो पाया। वहीं वरीय अधिवक्ता राम हृदय उर्फ मोहन जी एवं सहसंयोजक महंत मनमोहन कौशिक ने गायत्री मंत्र को प्रत्येक सनातनी के लिए गुरु मंत्र बताते हुए इसे श्रद्धा और शुद्धता के साथ धारण करने की बात कही।



सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह में उपस्थित बरुआ, उनके परिजन व अन्य।

संयोजक डॉ. राजीव कुमार काजू ने कहा कि उपनयन संस्कार बालक को तब दिया जाना चाहिए जब वह इसके महत्व को समझने योग्य हो। कार्यकारी अध्यक्ष गौतम काश्यप, सचिव आग्नेय कुमार एवं कोषाध्यक्ष रजनीश चौधरी ने बताया कि जिले सहित पड़ोसी देश नेपाल से आए लगभग 108 बरुआ का सामूहिक उपनयन संस्कार संगठन के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अपव्यय को रोकने और समाज में संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम है।

इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष पति नारायण सिंह, डॉ. मधु सिंह, डॉ. जीके सिंह, डॉ. बसंत कुमार सिंह, डॉ. केसी शर्मा, नगर विधायक सुनील कुमार पिंटू, वार्ड पार्षद अंशुल प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी बरुआ को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम के तहत बरुआ का मुंडन सीता कुंड में स्नान के उपरांत कराया गया। सभी के लिए फलाहार एवं चूड़ा-दही की व्यवस्था की गई थी। इसके पश्चात माता सीता के गर्भगृह में दर्शन कराया गया तथा महंत द्वारा जप-झोला एवं माला भेंट की गई।

# एमजीसीयू में उमंग 2026 का समापन खेल प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव 'उमंग 302026' का भव्य समापन शुक्रवार को बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। 21 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित इस महोत्सव में छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए खेल प्रतिभा का उत्ष्ट प्रदर्शन कियास कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा कि ष्व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास हेतु पढ़ाई के साथ-साथ खेल अत्यंत आवश्यक हैं।



फोटोरू शील्ड के साथ प्रतिभागी।

खेल टीम भावना, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं, जो छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करता है।ष्प्रो शिरीष मिश्रा (खेल बोर्ड उपाध्यक्ष) बोले, ष्खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करते हैं, बल्कि मानसिक अनुशासन व सहनशक्ति भी सिखाते हैं। इन्हें जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।ष्प्रो प्रसून दत्त सिंह (मुख्य कुलानुशासक) ने कहा, ष्खिलाड़ी अनुशासित जीवन जीते हैं व समाज के लिए मजबूत भविष्य गढ़ते हैं। खेल हार-जीत से सीख सिखाते हैं।ष्छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो आर्तत्राण पाल ने कहा, ष्खेल केवल शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, सहनशक्ति और सामूहिक सहयोग का सर्वोत्ष्ट माध्यम हैं।

प्रो रणजीत चौधरी (बुद्ध परिसर निदेशक) का ओधनरू ष्स्वास्थ्य ही सच्ची समृद्धि की कुंजी है। प्रो सपना सुगंधा ने प्रेरित किया, ष खेल विशेषकर महिलाओं को आत्मविश्वास व सशक्तिकरण प्रदान करते हैं। अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाए। कार्यक्रम का शुभारंभ 21 फरवरी को कुलपति एवं सांसद राधा मोहन सिंह द्वारा गांधी भवन खेल मैदान में किया गया था।

इस दौरान विभिन्न व्यक्तिगत एवं समूह खेलों जैसे क्रिकेट, कबड्डी, वलीबल, बैडमिंटन, पिट्ठू, शतरंज, कैरम, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस एवं भाला फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 871 प्रतिभागियों ने भाग लिया।व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में छात्रों के बीच 100 मीटर दौड़ में संजली कुमारी (लड़की) एवं कमलेश कुमार गिरी (लड़का), 200 मीटर में मुस्कान सिंह (लड़की) एवं विशाल प्रताप सिंह (लड़का), शट पुट में ईशु परासर (लड़की) एवं कमलेश कुमार गिरी (लड़का) तथा भाला फेंक में मुस्कान कुमारी (लड़की) एवं सूरज भान (लड़का) विजेता रहे। बैडमिंटन सिंगल्स में मनीषा कुमारी (लड़की) एवं प्रताप यादव (लड़का), टेबल टेनिस सिंगल्स में मनीषा कुमारी (लड़की) एवं शशांक रौशन (लड़का), शतरंज में कल्याण गुरुवे तथा कैरम में अंकित कुमार मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कियास महिला वर्ग में भाला फेंक में ड़ आशा मीना प्रथम, ड़ मधु पटेल द्वितीय स्थान पर रहीं।

बैडमिंटन एकल में ड. गरिमा तिवारी विजेता रहीं, जबकि ड़ बबीता मिश्रा एवं ड़ श्वेता क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस एकल में प्रो सपना सुगंधा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ड़ बबीता मिश्रा उपविजेता रहीं।पुरुष कर्मचारी वर्ग में भाला फेंक में प्रो आनंद प्रकाश विजेता बने, जबकि ड़ श्याम नंदन एवं ड़ सुनील दीपक घोडके क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। बैडमिंटन एकल में ड़ बुद्धि प्रकाश जैन प्रथम, ड. कुंदन किशोर राजक द्वितीय एवं आशीष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। टेबल टेनिस एकल में ड़ अतुल भार्गव विजेता रहे, जबकि प्रो अजय कुमार गुप्ता एवं ड़ सुनील कुमार सिंह ने क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया।डबल्स मुकाबलों में बैडमिंटन महिला वर्ग में शेफालिका मिश्रा एवं ड. गरिमा तिवारी की जोड़ी विजेता रही, जबकि पुरुष वर्ग में ड़ नीलाभ श्रीवास्तव एवं उमेश पात्रा की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मिक्स्ड डबल्स में ड. गरिमा तिवारी एवं ड़ पवन कुमार विजेता रहेस महिला वर्ग में 'ब्ला बलि ब्लू' टीम विजेता रही, जिसकी कप्तानी ड़ श्वेता ने की तथा टीम में प्रो सपना सुगंधा, ड. गरिमा तिवारी एवं ड़ श्वेता सिंह शामिल रहीं। 'रा रि रेड' टीम उपविजेता रही। वहीं पुरुष वर्ग में नन-टीचिंगध्प्रशासनिक टीम ने जीत दर्ज की, जिसमें श्री सुहर्ष कुमार (कप्तान), श्री दिनेश हुडा एवं श्री विवेक कुमार शामिल रहे, जबकि फैकल्टी टीम उपविजेता रहीस इस आयोजन के सफलता में प्रो सपना सुगंधा, ड़ उमेश पात्रा, ड़ अरविंद शर्मा, ड़ राकेश पाण-डे, ड़ उपमेश तलवार, ड़ सुनील दीपक घोडके व जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा का योगदान अहम रहा। मंच संचालन ड़ उमेश पात्रा ने किया। बड़ी संख्या में संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी उपस्थि थे।

## जब एमएसएमई बढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा : राधामोहन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** टाउन हल मैदान में 26 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय चंपारण एक्सपो-2026 कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 31.1 प्रतिशत और निर्यात में 48.58 प्रतिशत योगदान देता है तथा 7.47 करोड़ से अधिक इकाइयों के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि महिलाओं और युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। भारत सरकार की योजनाएं जैसे 'पीएम विश्वकर्मा योजना' और 'आत्मनिर्भर भारत कोष' इस क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राधा मोहन सिंह ने यह भी स्वीकार किया कि एमएसएमई क्षेत्र के सामने वित्तीय संसाधनों की कमी, डिजिटल तकनीक अपनाने और मार्केटिंग जैसी चुनौतियां मौजूद हैं।


चंपारण एक्सपो-2026 में बोलते राधा मोहन।

इनसे निपटने के लिए उन्होंने क्लस्टर आधारित विकास और 'जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट' प्रमाणन को अपनाने पर जोर दिया।उन्होंने कहा, जब एमएसएमई बढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा, और सभी से इस क्षेत्र को आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर, उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद और चौंबर अफ कमर्स के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बसवारी में फंदा से लटकते मिला युवक का शव

**रक्सौल(एनएसबी)।** प्रखंड के पनटोका पंचायत अंतर्गत भरतमही गांव के सरेह स्थित बसवारी में रविवार सुबह एक युवक का शव बसवारी के एक बास के पेड़ से लटकता मिला।घटना की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान एकडेरवा ग्राम निवासी पुनदेव दास के पुत्र जय दास के रूप में की गई है। घटना सरेह स्थित बसवारी की बताई जा रही है, जहां युवक ने कथित तौर पर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।जानकारी के अनुसार, सुबह जब कुछ ग्रामीण दैनिक क्रिया के लिए बसवारी की ओर गए, तो उन्होंने एक युवक को बांस के पेड़ से फंदे के सहारे लटका देखा। यह श्य देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, जिससे माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलने पर हरैया थाना अध्यक्ष किशन कुमार पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की भीड़ को नियंत्रित करते हुए शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। इसके साथ ही घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई।प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई साजिश अथवा अन्य कारण है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## मैट्रिक परीक्षा में यशवीर कुमार ने लहराया परचम

**मोतिहारी(एन एस बी)।** सदर प्रखंड अंतर्गत पटपरिया गांव के होनहार छात्र यशवीर कुमार ने मेट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यशवीर कुमार, जिनका अनुक्रमांक 2600139 तथा रोल कोड 55326 है, ने कुल 459 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।यशवीर के पिता सरोज कुमार ठाकुर और माता सुमन देवी ने बेटे की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन का यह परिणाम है। ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने भी यशवीर को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि यशवीर शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा नियमित अध्ययन को दिया है।इस सफलता से पटपरिया गांव सहित पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।


यशवीर कुमार।

## घोड़ासहन में दो पोखरों का होगा जीर्णोद्धार, अडिटोरियम सह पुस्तकालय भी बनेगा

**मोतिहारी(एन एस बी)।** घोड़ासहन प्रखंड में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (छठच्ब्ब्स्) के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार एवं पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के जिलाधिकारी ने रविवार को विभिन्न विकास कार्यो का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पोस्ट अफिस के समीप स्थित पोखरा एवं शशि भूषण दास मठ परिसर में स्थित दूसरे पोखरा का जायजा लिया गया। अधिकारि,यों ने दोनों पोखरों के व्यापक जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही घोड़ासहन बाजार के मध्य प्रस्तावित अडिटोरियम सह पुस्तकालय निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया।बताया गया कि पोस्ट अफिस के पास स्थित 150ञ्150 फीट के पोखरा के जीर्णोद्धार के लिए 32 लाख रुपये, जबकि शशि भूषण दास मठ परिसर में 250ञ्250 फीट के पोखरा के लिए 48 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार किया गया है। दोनों परियोजनाएं छठच्ब्ब्स् के ब्ै फंड से पूरी की जाएंगी।


निरीक्षण करते अधिकारी।

योजनाओं के तहत पोखरों की सफाई, जलकुंभी हटाने, मिट्टी की खुदाई, तटबंध निर्माण, पेवर ब्लक बिछाने, सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने, कमन सैनिटेशन सेंटर बनाने, वृक्षारोपण और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नेडेफ टैंक निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा, घोड़ासहन बाजार में बनने वाला अडिटोरियम सह पुस्तकालय स्थानीय युवाओं और विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। अडिटोरियम में सांसतिक कार्यक्रम, सामुदायिक आयोजन और सरकारी बैठकों का आयोजन किया जा सकेगा, वहीं पुस्तकालय छात्रों को अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करेगा। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए निविदा प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए, ताकि जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ हो सके। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ढाका, डीआरडीए के अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी घोड़ासहन सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** थानाक्षेत्र के सिसवा खरार वाड 14 से चोरी की बाइक के साथ शनिवार को पुलिस ने विक्की कुमार पिता फुलेना राय को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जप्त गाड़ी पर गलत नंबर प्लेट लगा था।जिसे जांचोपरांत गलत पाया गया।उक्त गाड़ी के संबंध में गोपालगंज नगर थाना में चोरी का मामला दर्ज है।गहन पूछताछ में बताया कि सिसवा खघ्रार गांव के ही एक व्यक्ति से से गाड़ी को खरीदा है।पुलिस अब बाइक विक्रेता को ढूंढ रही है।पुलिस गिरफ्तारी को लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया।

### इंगलिश विजय नगर में दौड़ प्रतियोगिता

**पहाड़पुर।** प्रखंड के इंगलिश विजय नगर में रविवार को चम्पारण स्पोर्ट्स एकेडमी के बैनर तले दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें बक्सर, सिवान, गोपालगंज, बेतिया, मोतिहारी व मुजफ्फरपुर सहित कई जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक राजन तिवारी ने किया। 3000 मीटर दौड़ में सचिन यादव (बक्सर) प्रथम, सत्यम भारती (पटना) द्वितीय व विवेक कुमार (सुगौली) तृतीय रहे। 1000 मीटर में आंचल यादव (गोपालगंज) ने पहला स्थान प्राप्त किया।अंत में विजेताओं को मेडल व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने और बाद में शादी से इनकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां के अनुसार, गांव का ही छोटू कुमार, जो सुभाष पासवान का पुत्र है, पिछले लगभग दो वर्षों से उनकी नाबालिग बेटी से चोरी-छिपे बातचीत कर रहा था। जब परिवार को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने बेटी की शादी किसी अन्य स्थान पर तय कर दी थी। इसी बीच, आरोप है कि छोटू कुमार लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तत्काल स्थानीय थाना को सूचित किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्रियता दिखाई। कुछ दिन बाद आरोपी छोटू कुमार लड़की को लेकर वापस लौटा। इसके बाद गांव स्तर पर पंचायती के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया। दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिशें हुईं, लेकिन बात नहीं बन सकी।।बताया जा रहा है कि आरोपी ने लड़की से शादी करने से साफ इनकार कर दिया, जिससे मामला और उलझ गया। इसके बाद आरोपी लड़की को थाना के पास छोड़कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह उनके संज्ञान में है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिलखुश डीएम बनना चाहता है पूरे राज्य में हासिल किया 8वां स्थान

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी सिसवा वार्ड संख्या 13 निवासी सतेन्द्र शाह के पुत्र दिलखुश कुमार ने 483 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में 8वां स्थान हासिल करते हुए टप 10 में अपनी जगह बनाई है। ग्रामीण परिवेश से आने वाले दिलखुश शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। अपनी सफलता पर उन्होंने बताया कि उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाकर प् अधिकारी बनना है।परिवार और शिक्षकों का मिला पूरा सहयोग दिलखुश ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षक ओमप्रकाश कुमार तथा अपने माता-पिता को दिया। उनके पिता सतेन्द्र शाह एक व्यवसायी हैं, जबकि माता सुमन देवी गृहिणी हैं। परिवार में शुरू से ही पढ़ाई-लिखाई का सकारात्मक माहौल रहा। उनके बाबा जीतन शाह और चाचा संतोष गुप्ता ने भी उन्हें निरंतर प्रेरित किया। मां ने भी पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिया।सिविल सर्विसेज में जाने का लक्ष्य दिलखुश ने बताया कि उनका लक्ष्य सिविल सर्विसेज में जाना है और इसके लिए वे आगे पूरी मेहनत और लगन के साथ तैयारी करेंगे। उनका मानना है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, सही दिशा में निरंतर प्रयास किया जाए और मजबूत इरादा रखा जाए, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने अन्य छात्र-छात्राओं को भी अपने करियर को लेकर स्पष्ट सोच रखने और लगातार मेहनत करने की सलाह दी। दिलखुश की इस उपलब्धि पर गोविंज विधायक राजू तिवारी, पूर्व विधायक राजन तिवारी, सिसवा बाजार के प्रधान शिक्षक ओमप्रकाश कुमार सहित स्थानीय गणमान्य लोगोंएकबाल पासवान, संतोष कुमार, अमरेन्द्र कुमार, ध्रूप कुशवाहा, पुण्यदेव सिंह, मुखिया नसीम अहमद, प्रभूनाथ दूबे, ध्रूप चौरसिया, अवधेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजेश गुप्ता, माधव महतो समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।


परिजन के साथ दिलखुश।

### विशाल कुमार बने प्रखंड टपर

**पीपराकोठी।** क्षेत्र में मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों की उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। पंडितपुर निवासी रोहित साह के पुत्र विशाल कुमार ने 467 अंक प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। उच्च माध्यमिक विद्यालय टिकैता गोविंदपुर की शिक्षिका शाहिना महजबीन के पुत्र आयन अफजल ने 443 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, बेलवतिया निवासी चंद्रशेखर आजाद के पुत्र वरुण विजय ने 428 अंक और किशुनपुर निवासी बृजनंदन कुमार के पुत्र दिलखुश कुमार ने 422 अंक हासिल किए। मठिया निवासी विजय प्रसाद यादव के पुत्र अनिल कुमार और बेलवतिया निवासी विश्वकर्मा कुमार के पुत्र किशन कुमार ने 418-418 अंक प्राप्त कर उत्ष्ट प्रदर्शन किया। मधुछपरा निवासी रामभरोश कुमार के पुत्र प्रिंस कुमार ने 413 अंक प्राप्त किए। मथुरापुर निवासी अनिरुद्ध कुमार यादव की पुत्री राजनंदनी कुमारी ने 410 अंक, मधुछपरा निवासी सुनील कुमार के पुत्र बंटी कुमार ने 409 अंक और बलथरवा निवासी महेश राय के पुत्र रजनीश कुमार ने 408 अंक प्राप्त किए। चाँदसरैया निवासी पृथ्वीनाथ कुमार की पुत्री कोमल कुमारी ने 407 अंक हासिल किए। मधुछपरा निवासी सुनील कुमार की पुत्री बबली कुमारी और पंडितपुर निवासी रामशीष महतो के पुत्र विजय कुमार ने 405-405 अंक प्राप्त किए। बलथरवा निवासी संजय कुमार यादव के पुत्र आदित्य कुमार ने 404 अंक प्राप्त किए। मठिया निवासी राजकिशोर सिंह की पुत्री संजना कुमारी और बंगारी निवासी मनोज कुमार पाठक एवं मनीषा पाठक की पुत्री अंशिका कुमारी ने 403-403 अंक हासिल किए। मीनाबाजार निवासी रंजन कुमार गुप्ता के पुत्र आलोक कुमार गुप्ता ने 368 अंक तथा बलथरवा निवासी राजू शर्मा की पुत्री खुशी कुमारी ने 366 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। छात्र-छात्राओं की इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अभिभावकों ने बच्चों की कड़ी मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बताया, जबकि शिक्षकों ने इसे अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम बताया है।

### फेनहारा प्रखंड के शोएब आलम 94.8 प्रतिशत निहारिका कुमारी ने 93.8 प्रतिशत लाया

**फेनहारा(एन एस बी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें फेनहारा प्रखंड क्षेत्र के गोबिंदबारा ग्राम निवासी मो मोलाजिम का पुत्र मो शोएब आलम ने 474 अंक प्राप्त किया हाजी फरजंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र हैं और दूसरा रत्नवा ग्राम निवासी रमेश तिवारी के पुत्री निहारिका कुमारी ने 469 अंक प्राप्त किया वो उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल चुनमुनिया बजार कालूपाकर की छात्रा हैं उनके पिता रमेश कुमार तिवारी ने फेनहारा बजार पर छोटा सा स्टेशनरी का दुकान किये है और उनकी माता रंजू देवी गृहणी है पिता रमेश तिवारी ने कहा हमे पूर्ण विश्वास था कि हमारी पुत्री 450 से ज्यादा अंक प्राप्त करेगी वो शुरू से ही पढ़ने में बहुत ही अच्छा रही है वही माता रंजू देवी ने बताया हमारी बेटी आगे जितना पढ़ेगी उतना पढ़ाने का काम करेंगे।

### बिहार अगिशमन सेवा का जागरूकता अभियान

**मोतिहारी(एन एस बी)।** बिहार अगिशमन सेवा द्वारा शहर के विभिन्न जगहों पर अगि सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को आग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति सचेत करना और बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में ष्ॅम्‌ ैम्त्टम्‌ ज्व्‌ ै।टम्ष्‌ स्लोगन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अगिशमन सेवा का प्रमुख लक्ष्य लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।इस दौरान अगि सुरक्षा जन जागरूकता-सह-मकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। मौके पर मौजूद सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी जय जय राम मंडल ने मकड्रिल के माध्यम से लोगों को बताया कि आग लगने पर घबराने के बजाय सूझबूझ से कैसे कार्य करना चाहिए। साथ ही गैस सिलेंडर, शर्ट सर्किट और अन्य संभावित खतरों से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम में एक जुट हो, अगि सुरक्षित भारत को प्रज्ज्वलित करें नारे के साथ लोगों से अपील की गई कि वे जागरूक बनें और दूसरों को भी सुरक्षा के प्रति प्रेरित करें। अधिकारियों ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और सतर्कता से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।जनता की सहायता के लिए विभाग ने 06252-232911 और 7485805980-81 संपर्क नंबर जारी किए हैं, ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद उपलब्ध कराई जा सके। यह पहल समाज में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कदम है।मौके पर अगि शमन विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



जागरूकता अभियान करते सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने मारी बाजी 460 अंक लाकर बढ़ाया विद्यालय का मान, छात्रों की सफलता पर जनप्रतिनिधियों ने जताया हर्ष

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद बनमा ईटहरी प्रखंड के अलग-अलग गांव से बच्चों ने अच्चे मार्क्स लाकर परिवार सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रखंड में सबसे अच्छे अंक लाने वाले उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय परसबन्नी के छात्र प्रियनगर गांव निवासी



रंजीत कुमार सिन्हा के पुत्र सत्यम् कुमार सिन्हा ने 460 अंक लाकर प्रखंड में परच्चम लहराया। जबकि उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय महारस के छात्रा स्वर्गीय मनीष कुमार उर्फ मनोज के पुत्री राखी कुमारी ने 453 अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। तो वहीं उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय ईटहरी के छात्र रविन यादव के पुत्र सौरव कुमार ने 451 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों के साथ विद्यालय का मान बढ़ाया। इन छात्रों की सफलता पर स्थानीय ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने धन्यवाद ज्ञापन किया है। लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव, पुर्व प्रमुख रमेश चंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, सोहन सिंह, नीरज कुमार निराला, रामकुमार पासवान, देवनन्दन यादव, डा बालकिशोर सिंह सहित अन्य ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया है। कहा है कि पंचायत स्तर पर माध्यमिक विद्यालय खुलने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिमा निखरने लगी है। छात्रों की सफलता ही विद्यालय की पठन पाठन को दशार्ता है। सफल छात्रों के विद्यालय के शिक्षक भी धन्यवाद के पात्र हैं जो उच्छी शिक्षा प्रदान कर छात्रों के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

### सोनवर्षा प्रखंड के प्रिंस व नवनीत राज ने टॉप टेन में जगह बनाकर क्षेत्र का नाम किया रौशन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बघैल एवं रखौता ग्राम के मैट्रिक के घोषित रिजल्ट में दो छात्रों ने जिले मे टॉप टेन में जगह बनाकर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जिससे क्षेत्र में हर्ष है। उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खुजुराहा के दो छात्र खजुराहा पंचायत के बघैल गांव निवासी प्रभाष यादव एवं रूबी देवी के पुत्र प्रिंस कुमार ने 473 एवं रखौता गांव निवासी कुमोद कुमार



यादव एवं रूबी देवी के पुत्र नवनीत राज ने 470 अंक प्राप्त कर जिला के टॉंप टेन में जगह बनाया है।उनके अभिभावकों ने बताया की दोनों ही बचपन से ही मेधावी रहे है। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु एवं अभिभावकों को दिया है। उनकी सफलता पर सुभाष पंजियार, मुखिया प्रमिला देवी, समाजसेवी अशोक यादव, उप प्रमुख रूबी देवी,राजद नेता चंदन यादव, मिट्ठू रजक, सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### काशनगर थाना भवन निर्माण की मांग को लेकर समाजसेवी मिले उपमुख्यमंत्री से, काशनगर पंचायत के पूर्व मुखिया के भाई सुबोध कुमार मिले

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत काशनगर थाना भवन निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चैधरी से मिलकर काशनगर थाना भवन बनाने की मांग किया। काशनगर के पूर्व मुखिया डॉ. शैलेंद्र प्रसाद मेहता के भाई सुबोध कुमार रंजन ने थाना भवन के अभाव को लेकर पुलिस प्रशासन



को कार्य संचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों को भी परेशानी हो रही है। उन्होंने जल्द से जल्द थाना भवन निर्माण कराने की मांग की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद अन्य गणमान्य लोगों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई।

### टेली-लॉ जागरूकता कैम्प का सफल आयोजन।

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सिटानाबाद उत्तरी, कुमेदान टोला गाँव में आज सीएससी भीएलइ रूपक शर्मा के केंद्र पर टेली-लॉ जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीएससी के जिला प्रबंधक रूपेश रंजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान



जिला प्रबंधक रूपेश रंजन ने टेली-लॉ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आसानी से निःशुल्क या सस्ती दरों पर कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों को टेली-लॉ सेवा का लाभ उठाने, इसके उपयोग की प्रक्रिया तथा इसके महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस सेवा का अधिक से अधिक उपयोग करें और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस जागरूकता कैम्प में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी सहायता को सुलभ बनाना एवं लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

### जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

**सहरसा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें संस्करण को सहरसा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने अपने साथियों के साथ सुना।प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण संवाद में देश की सामूहिक शक्ति, जनभागीदारी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पुनः सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज के उन अनसुने नायकों की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा कीं, जो बिना किसी अपेक्षा के राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।इस संस्करण में विशेष रूप से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण,



स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन, युवा नवाचार, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक एकजुटता जैसे विषयों पर बल दिया गया। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर ह्लवोकल फॉर लोकलह्व को अपनाएँ, प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएँ तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।

### विद्यापति चेतना समिति सहरसा की बैठक आयोजित

**सहरसा (एनएसबी)।** अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन को लेकर भवानी नगर स्थित चंद्रमुखी निवास में विद्यापति चेतना समिति सहरसा की बैठक रविवार को सम्पन्न हुआ जिसमें निर्णय लिया गया कि स्मारिका के लिए विद्वानों से आलेख आमंत्रित किया जाय। विद्यापति चेतना समिति सहरसा के राधाकांत ठाकुर फेकन बाबु के अध्यक्षता एवं परमेश्वर राय के संचालन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रेनवो रिसोर्ट में आयोजित मैथिली सम्मेलन में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से विद्वान को आमंत्रित किया जाएगा। निर्णय के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए जाने माने कलाकारों के अलावे स्थानीय नवोदित कलाकार को अपनी कला के लिए बुलाया जाएगा जिसे समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सदस्यों ने



कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन में मैथिली भाषा को सरकार की ओर से मिला सम्मान तथा मिथिला संस्कृति की महत्व पर संरक्षक सदस्य जयराम झा ने प्रकाश डाला जाएगा। बैठक में विभुति भुषण झा को मिथिला रत्न से सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर सचिव ललित नारायण मिश्र, विन्ध्येश्वरी प्रसाद, मधेपुरा से राजकुमार, नरेश, प्रणव, सहरसा से तरुण झा, डा संजय वशिष्ठ, विभुति भुषण झा आदि उपस्थित थे।

# दो दिवसीय अजब रंगीला गजब रंगीला श्री खाटू श्याम महोत्सव का शुभारंभ

## निशान शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान लेकर हुए शामिल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** श्री खाटू श्याम भक्त मंडल के द्वारा आयोजित दो दिवसीय अजब रंगीला गजब रंगीला श्री खाटू श्याम महोत्सव का शुभारंभ रविवार को बड़े ही धूमधाम के साथ हुआ। कार्यक्रम का आगाज भव्य निशान यात्रा के साथ हुआ। निशान यात्रा श्री निवास भीमसरिया धर्मशाला से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची।सुबह आयोजित निशान यात्रा में लगभग हजारों की संख्या में महिलाएँ एवं पुरूष भक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित निशान शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में ह्लहारे का सहारा, बाबा श्याम हमाराह्ल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि आज दोपहर 2 बजे से भजनों की अमृत वर्षा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम की शुरूआत भजन गायक रवि शर्मा द्वारा गणेश वंदना से हुई। इसके उपरांत दरभंगा से आए अक्षय बरोलिया द्वारा भजनों की प्रस्तुति ने माहौल श्याममय कर दिया । दिल्ली से आए बंटी सोनिया तिलकधारी द्वारा कृष्ण राधिका की एक से बढ़कर एक झाँकी की प्रस्तुति दी।इसके उपरांत दिल्ली से पधारी किशोरी कनिष्का भी अपनी प्रस्तुति से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया इसके पश्चात कोलकाता से आए हुए दीपक करिश्मा द्वारा भजनों की आकर्षक प्रस्तुति दी। यह दो दिवसीय आयोजन 30 मार्च को भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ जारी रहेगा। आयोजन स्थल श्री बड़ी दुर्गा स्थान प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया है, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हों और श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक विनोद अग्रवाल, युगल भीमसरिया, जयप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष श्रवण खेतान चीकू, उपाध्यक्ष गोपाल दहलान, दीपक पंसारी, सचिव आदित्य मित्तल सोनू, कोषाध्यक्ष रमेश भीमसरिया, राज अग्रवाल ,सह सचिव,रोहित तुलस्यान, सौरभ दहलान गुड्डू, राजेश दारुका, राजेश पचेऱयिा, राजेश यादुका, टिंकू खेतान, रितेश तुलस्यान, मंटू भीमसरिया, विनोद बागड़िया, राजेश परसारामपुरिया, श्रवण सलामपुरिया, राजू जोशी, संजय मसकरा पिंकू, कृष्ण कुमार सुरेका ,कन्हैया सुरेका, ओमप्रकाश शर्मा, विकाश पचेऱयिा, चंदन डीडवानिया, माखन भीमसरिया, नीतेश अग्रवाल टिल्लू, श्रवण मित्तल, संजीव संघई, दीपक सुरेका, विष्णु दहलान, बिनोद परसारामपुरिया, विकास पचेऱयिा कुबेर तुलस्यान, श्याम सिरोहीवाल, विपुल दहलान, प्रीतम उदयपुरिया, आनन्द अग्रवाल, पंकज कुमार साह, रवि शर्मा, मनीष पचेऱयिा, विकास खेतान,नितेश दहलान, रमेश अग्रवाल एवं सहयोगी संस्था चाकर श्याम के नन्हें मुन्ने सदस्यों द्वारा शीतल जल एवं चाय की उत्तम व्यवस्था कर सभी सदस्यों का सहयोग रहा।



शोभायात्रा में झाँकी की प्रस्तुति 1





कालाकार

# चिल्ड्रेन स्कूल्स एसोसिएशन, कोशी रेंज, 32वीं मेधा परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**महिषी विधायक गौतम कृष्ण व टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डायरेक्टर रजनीश रंजन ने बच्चों को किया प्रोत्साहित**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** चिल्ड्रेन स्कूल्स एसोसिएशन, कोशी रेंज, सहरसा द्वारा रविवार को 32वीं मेधा परीक्षा के सफल छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता बैजनाथ कुमार ने किया, जबकि व्यवस्था एवं सहयोग में रजनी कुमारी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन के साथ हुआ। जिसमें प्रमंडलीय अध्यक्ष, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव एवं उपस्थित मुख्य अतिथियों ने सहभागिता निभाई।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महिषी विधानसभा के विधायक डॉ.गौतम कृष्ण,चिल्ड्रेन स्कूल्स एसोसिएशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष राम सुंदर साहा, फाउन्डर कम डायरेक्टर ईस्ट एंड वेस्ट डॉ.रजनीश रंजन,जिला परिषद सहरसा के उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार यादव तथा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का सम्मान संगठन के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वर संगीतालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने वातावरण को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। साथ ही सत्यम कुमार द्वारा वाद्ययंत्र के साथ संगीत प्रस्तुति देकर इस आयोजन मे अहम भूमिका निभाया। इसके पश्चात उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया,जबकि सचिव रमेश कुमार ने मेधा परीक्षा का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज मनोहर, प्रमंडलीय अध्यक्ष राम सुंदर साहा, डॉ.रजनीश रंजन, उपाध्यक्ष जिला परिषद धीरेन्द्र कुमार यादव, विधायक डॉ.गौतम कृष्ण सहित सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, प्रतिभा सम्मान एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया तथा इस प्रकार के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान करना रहा। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंडाल के बाहर एवं भीतर आगंतुकों के स्वागत हेतु विशेष व्यवस्था की गई थी।जिससे कार्यक्रम अनुशासित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में सचिव रमेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा अध्यक्ष मनोज मनोहर द्वारा कार्यक्रम के औपचारिक समापन की घोषणा की गई।चिल्ड्रेन स्कूल्स एसोसिएशन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।





उद्घाटन मौके पर विधायक व अन्य।

## 4 वर्षीय बच्ची को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली, सिर में लगी गोली

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा गांव में रविवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने एक चार वर्षीय बच्ची को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली बच्ची के सिर में लगी थी। जिससे वे बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। जिन्हें आनन फानन में स्थानीय नया बाजार स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है।सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह 9 बजे सौर बाजार थाना अध्यक्ष को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में एक चार वर्षीय बच्ची को गोली मारकर घायल कर दिया गया है। घटना की सूचना के बाद एसपी हिमांशु के निर्देश पर उनके नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। जहां फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फिर डॉग स्क्वायड की टीम और डीआईयू की टीम के साथ एसआईटी टीम का गठन किया गया था। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात अपराधियों को चिन्हित कर किए जाने का प्रयास किए जा रहे थे। बच्ची फिलहाल इलाजरत है। पीड़ित बच्ची के परिजन में अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी थी। हालांकि जल्द ही घटना का उद्भेदन कर लेने और सभी आरोपी की भी गिरफ्तारी कर लेने की बात पुलिस पदाधिकारी बता रहे थे।



# 66वें वार्षिक महाधिवेशन के अंतर्गत बिहार राज्य भगैत महासम्मेलन सह विष्णु यज्ञ का भव्य शुभारंभ

**कलश यात्रा में लगभग 700 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय भगैत भारत महासभा, कोशी अंचल के तत्वावधान में आयोजित 66वें वार्षिक महाधिवेशन के अंतर्गत बिहार राज्य भगैत महासम्मेलन सह विष्णु यज्ञ का भव्य शुभारंभ रविवार से किया गया। इस अवसर पर विधायक ई आई पी गुप्ता एवं महापौर बैन प्रिया सहित अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।यह आयोजन 29 से 31 मार्च तक नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बटराहा वार्ड संख्या 36 स्थित टीओपी 02 के समीप श्री श्री 108 बजरंग बली मंदिर एवं मुशहरु बाबा समाधि प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय महासम्मेलन के दौरान 72 घंटे तक निरंतर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। देश-विदेश, विशेषकर भारत एवं नेपाल से आए संत-महात्मा, विद्वान एवं भगैत मंडलियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई है। महासम्मेलन के प्रथम दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 700 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर मारूफगंज रोड, लहटन चैधरी कॉलेज, पीएनबी गली, महावीर चैक, कपड़ा पट्टी, दहलान चैक होते हुए शंकर चैक मंदिर पहुंची, जहां पोखर से जल भरने के उपरांत पुनः निर्धारित मार्गों से यज्ञ स्थल लौटी। यज्ञ स्थल पर स्थापित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के समक्ष कलश स्थापित कर प्रसाद ग्रहण किया गया। ज्ञात हो कि इस महासम्मेलन का विधिवत शुभारंभ 27 फरवरी को धर्म यज्ञ ध्वजा स्थापना के साथ किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य धार्मिक संवाद, लोक कल्याण एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात, आवास, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की व्यापक व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा एवं प्रबंधन के भी समुचित इंतजाम किए गए हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष विमल किशोर उर्फ बम यादव, कृष्णदेव यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सिंकू सिन्हा, रामनंदन कुमार, जब्बार, उपाध्यक्ष रमेश कुमार रमन, अरुण यादव, रामसागर शर्मा, बीरेंद्र पोद्दार, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार, रामविलास, खिड़कन यादव, सूचना पदाधिकारी नरेश कुमार, बालेश्वर यादव, सचिव कमल यादव, शिवकांत शर्मा, बिन्देश्वरी यादव, विद्यानंद यादव सहित अभिभावक मंडल एवं समिति के कई सदस्य सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।



कलश यात्रा में शामिल 700 से अधिक महिलाएं।

## सोनवर्षा के फर्स्ट कॉन्सेप्ट क्लासेज के छात्र कृष्णा ने राज्य के टॉप 15 में बनाया जगह

**सीमावर्ती क्षेत्र माली गांव निवासी हैं कृष्ण क्षेत्र में खुशी का माहौल।**

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत फर्स्ट कॉंनसेप्ट क्लासेज के मेधावी कृष्णा कुमार ने मैट्रिक की परिक्षा में 95 फीसद अंक प्राप्त कर पूरे राज्य के टॉंप 15 में अपना जगह बना कर अपने गांव सहित क्षेत्र में अपना नाम रौशन किया है। जिससे गुरु व अभिभावकोंका निश्चित रूप से मान बढाया है। सीमावर्ती माली गांव निवासी संजय कुमार भगत एवं पूजा देवी के सुपूत्र कृष्णा कुमार ने मैट्रिक की परिक्षा में 475 अंक प्राप्त किया है।कृष्णा की सफलता पर उसके घर, गांव एवं उसके कोचिंग संस्थान में हर्ष व्याप्त है। इस मामले को लेकर संस्थान के निदेशक कृष्णा ने बताया की उनके संस्थान से एक दर्जन से ज्यादा छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाया है। जिसमे प्रशांत कुमार ने 445,विरेन्द्र कुमार 431,मेहीं नंदन कुमार 427,सोना कुमार 422,आनंद कुमार 416,सोनू कुमार 414 एवं राम कुमार का परिक्षा परिणाम 4 सौ से ज्यादा है।



## टैगोर पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर बच्चों ने बिखेरी अपनी प्रतिभाएं

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मंत्रमुग्ध किया**

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर में स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल ने अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। 28 मार्च 2026 को शनिवार को आयोजित वार्षिक उत्सव में स्कूल के निर्देशक सह आयोजक शिक्षाविद् प्रमोद कुमार भगत के नेतृत्व में कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि



एम.एस. खजुरी के प्राचार्य संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद भगत (एम.बी.बी.एस.,बी.एम.सी.एच) एवं डॉ. आयुष केशरी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चे, अभिभावक और स्कूल परिवार के सदस्य उपस्थित हुए। मुख्य अतिथियों ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. आनंद भगत ने स्कूल प्रबंधन को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन को दिशा प्रदान करती है। उन्होंने शिक्षा के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं डॉ. आयुष केशरी ने निर्देशक प्रमोद कुमार भगत की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में स्कूल के सैकड़ों पूर्व छात्र आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जो संस्थान की सफलता का प्रमाण है। स्कूल निर्देशक प्रमोद कुमार भगत ने अपने संबोधन में कहा, ह्लमेरी सर्वोच्च प्राथमिकता बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार देना है। इससे वे स्वयं अपना भविष्य गढ़ सकें और देश का नाम रोशन करें।ह्व सभी गणमान्य अतिथियों को पाग-चादर भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शिक्षा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने पंडाल में बैठे सैकड़ों अभिभावकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, गान और नाटक जैसे कार्यक्रमों ने उत्सव को और रंगीन बना दिया। निर्देशक प्रमोद कुमार भगत के निर्देशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के सैकड़ों जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, शिक्षक, अभिभावक, पत्रकार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन स्कूल की प्रगति और बच्चों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन था।

### कॉमर्स कॉलेज में स्नातक का छात्र शिवम मारी गोली, विरोधियों ने जान से मारने की नीयत से किया हमला।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बैजनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तीरी पेट्रोल पंप के समीप दिनदहाड़े एक छात्र पर फायरिंग की गई। इस हमले में 23 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल, सहरसा में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर और स्थिर बताई जा रही है। घायल छात्र की पहचान बैजनाथपुर पंचायत के सबेला वार्ड 05 निवासी फूल चंद्र यादव के पुत्र शिवम कुमार श्रवण के रूप में हुई है। शिवम मधेपुरा स्थित कॉमर्स कॉलेज में स्नातक का छात्र है। बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई जब शिवम खेत से काम कर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाश मौके पर पहुंचे और शिवम को घेरकर उस पर गोली चला दी। एक गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब तक मौके पर पहुंचते, तब तक हमलावर हथियार लहराते हुए फरार हो चुके थे। घायल शिवम ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि घटना के पीछे पुराना आपसी विवाद है। उसी रंजिश में विरोधियों ने उसे जान से मारने की नीयत से इस हमले को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही बैजनाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अमित रंजन ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी रंजिश का प्रतीत होता है। पुलिस ने घायल का बयान दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है पुलिस का कहना है कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# मैट्रिक परीक्षा में कृति कुमारी का जिले में 5वां तो अंशु कुमारी का रहा छठा स्थान, परिजनों में हर्ष

**वीरपुर / किशनपुर (एनएसबी) ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में बसंतपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत स्थित बाहुअरवा वार्ड 15 निवासी महादेव मेहता एवं नीलम देवी की सुपुत्री कृति कुमारी ने 476 अंक (95.2 प्रतिशत) प्राप्त कर सुपौल जिले में पाँचवाँ स्थान हासिल किया है। कृति प्रोजेक्ट ललित नारायण उच्च विद्यालय की छात्रा रही है। कृति के पिता किसान हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद कृति ने गांव में रहकर ही कठिन परिश्रम और लगन के साथ पढ़ाई की और यह सफलता प्राप्त की। उनकी उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। कृति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य आगे बीपीएससी की तैयारी कर एसडीएम बनना है, ताकि समाज की सेवा कर सकें। उनके पिता महादेव मेहता ने कहा कि कृति की पढ़ाई में पूरा सहयोग दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश मेहता ने बताया कि कृति एक अनुशासित और मेहनती छात्रा रही है। उसकी इस सफलता ने विद्यालय के साथ-साथ जिले का भी नाम रोशन किया है। किशनपुर - संवाददाता के अनुसार उतक्रमित हाई स्कूल नरही की छात्रा अंशु कुमारी ने बिहार बोर्ड की परीक्षा में 460 अंक लाकर प्रथम श्रेणी मे जिले में छठा स्थान प्राप्त की है । इनके लिए उनके पिता संतोष कुमार चौधरी व माता के अलावे काफी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए आगे भी बेहतर करने की उम्मीद जताया है । अंशु ने इस सफलता का श्रय गुरुजन व माता पिता को दिया है । बता दें कि अंशु नरही वार्ड तीन निवासी संतोष कुमार चौधरी की पुत्री है ।



परीक्षा में सफल छात्रा कृति व अंशु ।

# चार दिवसीय अखिल भारतीय भ्रमणशील धर्म यज्ञ भगैत प्रारंभ


मूर्ति निर्माण कराते मंडली के सदस्य ।

**पिपरा (सुपौल)।** प्रखंड क्षेत्र के थुमहा पंचायत स्थित बैलोखरा डीहबार स्थान में चार दिवसीय अखिल भारतीय भ्रमणशील धर्म यज्ञ और भगैत का ,63वां महासम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है आज भव्य कलशयात्रा के साथ भगैत यज्ञ प्रारम्भ होगी जो गुरुवार को पूणार्हुति के साथ प्रसाद वितरण के बाद सम्पन्न होगा । यज्ञाचार्य शम्भु यादव (दुगार्पुर) मालाधारी भुवनेश्वरी मंडल (बैलोखरा) के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ कार्यक्रम स्थल पर विधि-व्यवस्था की तैयारि में जुटे हुए हैं। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रधालुओं और श्रोताओं की भीड़ के मद्देनजर उनके ठहरने की सुविधा के साथ साथ भोजन पानी की व्यवस्था की जा रही है। यज्ञ शुभारंभ होने से पहले भाडी. संख्या में कुंवारी कन्याएं और महिलाओं के द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी जो गांव का भ्रमण कर यज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे जिसके बाद विधी पूर्वक यज्ञ प्रारम्भ होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रचार प्रसार कर धर्म प्रेमियों को यज्ञ में शामिल होने का आवाह्न किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपौल जेल की कैदी का इलाज के दौरान मौत, परिजनो ने सड़क जाम कर न्याय की रखी मांगा

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले में एक कैदी की इलाज के दौरान मौत के बाद मामला गरमा गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार, दफा 302 में सजा काट रहे



कैदी सुबोध कुमार सादा (पिता- महेंद्र सदा), निवासी पथरा दक्षिण वार्ड नंबर 2 की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें सदर अस्पताल सुपौल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सुपौल के जेल अधीक्षक ने फोन पर बताया कि कैदी की तबीयत खराब होने के कारण उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने शहर के महावीर चौक को जाम कर दिया और प्रशासन से न्याय की मांग करने लगे। परिजनों का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है और उनके पास कफन तक खरीदने के पैसे नहीं हैं। वहीं सदर एसडीओ के मौके पर पहुंचने के बाद परिजनों को समझा बुझाकर उचित आश्वासन देकर जाम को हटाया गया एवं शहर में फिर से परिचालन व्यवस्था प्रारंभ की गई । अभुआर के मिथुन कुमार झा ने बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान से हुआ उत्तीर्ण, परिजनों में हर्ष

### अभुआर के मिथुन कुमार झा ने बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान से हुआ उत्तीर्ण, परिजनों में हर्ष


परीक्षा में सफल छात्र मिथुन कुमार झा

**सुपौल (एनएसबी) ।** किशनपुर प्रखंड के अभुआर वार्ड 4 निवासी मुकेश कुमार झा के पुत्र मिथुन कुमार झा ने मैट्रिक परीक्षा में 364 अंक लकार प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुए है । वही इस सफलता को लेकर परिजनों में खुशी का माहौल है । बता दे की मिथुन आदर्श उत्क्रमित उच्च विद्यालय करहैया के छात्र हैं । मिथुन कुमार झा ने सफलता का श्रेय को पिता मुकेश झा एवं माता गुड्डी देवी सहित गुरुजन दो दी है । पिता मुकेश झा ने कहा कि मिथुन पढ़ने में काफी लग्नशील था मुझे पूर्ण विश्वास था कि उनका रिजल्ट बेहतर आएगा जो सच साबित हुआ।

### मैट्रिक परीक्षा में बिहार में छठा स्थान प्राप्त किया राजदीप

**राघोपुर (सुपौल)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा रविवार को घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में राघोपुर प्रखंड के हुसैनावाद गांव के छात्र राजदीप कुमार ने 485 अंक (97 प्रतिशत) प्राप्त कर पूरे बिहार में छठा स्थान हासिल किया है। साथ ही उन्होंने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजदीप, रेणु देवी और बीरेंद्र मंडल के पुत्र हैं, जिनका परिवार आर्थिक रूप से साधारण है। राजदीप के पिता गांव में साइकिल की छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। चार भाइयों में तीसरे स्थान पर आने वाले राजदीप बचपन से ही मेधावी रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसैनावाद में हुई, जिसके बाद उन्होंने खूबलाल उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रामबिशनपुर से मैट्रिक की परीक्षा दी। राजदीप ने बताया कि उनके विद्यालय में शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। कई विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं थे, यहां तक कि विज्ञान के शिक्षक और प्रयोगशाला का भी अभाव था। ऐसे कठिन हालात में उन्होंने गांव के एक कोचिंग संस्थान की मदद से अपनी पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने यह सफलता हासिल की है। आगे चलकर राजदीप इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हैं । उनकी इस सफलता से पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।


सफल छात्र राजदीप कुमार

### महावीर जयंती के अवसर पर विद्वत गोष्ठी का होगा आयोजन : संजय कुमार

**वैशाली (एनएसबी)।** आगामी 31 मार्च को वैशाली के ऐतिहासिक प्राकृत जैन शास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान बासोकुण्ड वैशाली में महावीर जयंती के अवसर पर "वर्तमान को वर्तमान की आवश्यकता" विषयक एक दिवसीय विद्वत गोष्ठी का आयोजन होगा। उक्त बात की जानकारी सेमिनार प्रभारी संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया की विद्वत गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सतीश चंद्र जैन एससीजे महामंत्री भगवान महावीर स्मारक समिति वैशाली एवं विशिष्ट अतिथि विनय कुमार अपर निदेशक संग्रहालय निदेशालय कला संस्कृति विभाग पटना की होगी। इस अवसर पर श्री शंकर सुमन अपर निदेशक संग्रहालय निदेशालय कला एवं संस्कृति विभाग दरभंगा, श्री शिवकुमार मिश्र पूर्व निदेशक प्राकृत जैन शास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान वैशाली, तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर वीर चंद्र जैन सहायक प्राध्यापक जैन दर्शन और प्राकृतिक विभाग एम एम संस्कृत विद्यापीठ मधुबनी, विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर डॉक्टर रीना जैन सहायक आचार्य दर्शन विभाग सरस्वती आदर्श संस्कृत महाविद्यालय बेगूसराय, रंगनाथ सिंह पूर्व प्राचार्य जिला स्कूल गया की गरिमामय उपस्थित होगी।

# कुश्ती प्रतियोगिता : तीसरे दिन पहलवानों ने दिखाया दमखम, अंजली व जूही ने की जीत


कुस्ती में विजेता रहे अंजलि व जूही ।

**वीरपुर ( सुपौल)।** रामनवमी के अवसर पर सार्वजनिक चैती दुर्गा मंदिर, समदा गढ़-शिवनगर परिसर में आयोजित दंगल कुश्ती प्रतियोगिता के तीसरे एवं अंतिम दिन रविवार को महिला पहलवानों ने अपने दम-खम का शानदार प्रदर्शन किया।

पहले राउंड में बिहार के गया जिले की अंजली और पटना की अनीता चौधरी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अंजली ने जीत हासिल की। वहीं दूसरे राउंड में अंजली का मुकाबला उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की जूही से हुआ, जिसमें जूही विजय रहीं। महिला पहलवानों के मुकाबले को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया और भारी भीड़ उमड़ी। पूरे दिन चले इस आयोजन में क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। दंगल में मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल से आए नामी पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दांव-पेच दिखाते हुए अपनी ताकत, फुर्ती और तकनीक का बेहतरीन परिचय दिया। कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जहां जीत-हार का फैसला अंतिम क्षणों में हुआ। हर मुकाबले के दौरान दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट और नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफल रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महिला पहलवानों के विशेष मुकाबलों को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलता है और युवाओं को प्रेरणा मिलती है। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष बिनोद यादव, कोषाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सहित नितेश कुमार यादव, पवन कुमार यादव, मनीष प्रकाश मनी, विजेंद्र यादव, आशीष कुमार यादव, जितेंद्र यादव, राम प्रसाद यादव, अकमल हुसैन, दिनेश दिनकर, शम्भु यादव, मिथिलेश कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# सुपौल में गैस एजेंसियों और खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

**सुपौल (एनएसबी) ।** जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, ताकि उपभोक्ताओं को सुचारू एवं पारदर्शी सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। इसी क्रम में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, राघोपुर द्वारा गणपति गैस एजेंसी, सिमराही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडरों के स्टॉक, वितरण रजिस्टर, उपभोक्ताओं को आपूर्ति की स्थिति एवं सुरक्षा मानकों की जांच की गई। संबंधित संचालक को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हो। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, निर्मली द्वारा कैलाश एचपी गैस एजेंसी, निर्मली का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में स्टॉक पंजी, वितरण प्रक्रिया एवं मूल्य सूची का अवलोकन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने एजेंसी संचालक को पारदर्शिता बनाए रखने एवं निर्धारित दर पर ही गैस वितरण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शुभलक्ष्मी स्वीट्स कॉर्नर, लोहियानगर चौक का भी निरीक्षण किया गया, जहां साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। प्रतिष्ठान संचालक को स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने एवं उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु इस प्रकार के निरीक्षण अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।


जांच पड़ताल करते पदाधिकारी ।

**जाली दस्तावेज से बालिग को किशोर घोषित कराने का आरोप**

# सुपौल में इंटर पास अभियुक्त ने बनवाया फर्जी प्रमाण पत्र, शिकायत से खुला राज

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र में जाली दस्तावेज के आधार पर एक बालिग अभियुक्त को किशोर घोषित कराने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में बेलही, वार्ड नंबर-10, शिवपुरी निवासी पंकज कुमार राउत ने किशनपुर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

आवेदन में पंकज कुमार राउत ने आरोप लगाया है कि एक सख्श ने छोटे भाई को बचाने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय को गुमराह किया। बताया गया है कि किशनपुर थाना कांड संख्या-45/2024 में धारा 295, 295(ए), 153(ए), 290 एवं 34 भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में कुल 8 नामजद अभियुक्त शामिल था।

शिकायत के अनुसार, जिसे को किशोर साबित करने के लिए पहले मध्य विद्यालय कमलदाहा से निर्गत एक विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र किशोर न्याय परिषद, सुपौल में प्रस्तुत किया गया, जिसमें उसकी नजन्म तिथि 01 फरवरी 2007 अंकित थी। हालांकि, 16 जनवरी 2024 को उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने परिषद में उपस्थित होकर स्पष्ट किया था कि इसका उस विद्यालय में कभी नामांकन ही नहीं हुआ था। इसके बाद आरोप है कि अभियुक्त के भाई ने पुनः एक अन्य विद्यालय थरबिट्टा पुनर्वास से कथित रूप से फर्जी विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र बनवाकर परिषद में प्रस्तुत किया। इसी आधार पर किशोर न्याय परिषद ने 25 अप्रैल 2025 को आरोपी को किशोर घोषित कर दिया। आवेदन में आगे कहा गया है कि वास्तविकता इसके विपरीत है। आरोपी वर्ष 2019 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल हुआ था और प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ था, जिसमें उसकी जन्म तिथि 06 अक्टूबर 2003 अंकित है। इसके अतिरिक्त उसके आधार कार्ड में भी यही जन्म तिथि दर्ज है। इस आधार पर आवेदक का दावा है कि वह पूरी तरह बालिग है, जिसे फर्जी दस्तावेजों के जरिए नाबालिग साबित किया गया। पंकज कुमार राउत ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी का भाई आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और उसके विरुद्ध पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें धोखाधड़ी, मारपीट, महिलाओं से संबंधित अपराध और पोक्सो एक्ट के तहत भी मामले शामिल हैं। साथ ही, पुनर्वास पदाधिकारी और अमीन के साथ गैरकानूनी कृत्यों को लेकर भी न्यायालय में वाद लंबित रहने की बात कही गई है। आवेदक के अनुसार, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरोपी को किशोर न्याय परिषद से जमानत मिल गई, जिससे वह कानून के दायरे से बचकर बाहर आ गया। इससे समाज में अशांति फैलने की आशंका जताई गई है। इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए आवेदक ने थानाध्यक्ष से मांग की है कि प्रस्तुत तथ्यों और संलग्न दस्तावेजों की जांच कर कूट रचना (फजीर्वाड़ा) और न्यायालय को गुमराह करने के आरोप में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस आवेदन की प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तथा प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय परिषद, सुपौल को भी भेजी गई है, ताकि मामले में उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इधर, किशनपुर थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार का कहना है कि प्राप्त आवेदन के आलोक में जांच शुरू कर दी गई।




**राज्य स्तरीय भगैत महासम्मेलन का हुआ**

# न्याय व धर्म के प्रतीक है बाबा धर्मराज : डॉ. अमन

**सुपौल (एनएसबी)।** सदर प्रखंड अंतर्गत लौकहा पंचायत में अखिल भारतीय लोकगाथा भगैत महासभा के तत्वावधान में 62 वां वार्षिक अधिवेशन सह राज्य स्तरीय भगैत महासम्मेलन का विधिवत आगाज बाबा धर्मराज की जय घोष के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महासभा प्रवक्ता डॉ. अमन कुमार ने कहा कि भगैत मानवता की असली पाठशाला है। मानवता इंसान का सबसे बड़ा धर्म है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं बल्कि सत्य, प्रेम, न्याय और कर्तव्य पर आधारित जीवनशैली है। जो मनुष्य को मानव बने रहने में मदद करती है। आध्यात्मिक विकास से मनुष्य को आंतरिक शांति, असीम आनंद, आत्म ज्ञान और जीवन के वास्तिवक उद्देश्य की समझ मिलती है। डॉ. कुमार ने कहा कि गिरे हुए को उठाना, भूखे को रोटी देना, प्यासे को पानी देना, पिछड़े हुए को आगे बढ़ने का अवसर देना और सभी जीव-जन्तु के प्रति दया, न्याय व करूणा बनाए रखना धर्म है। जीवन के अंत मृत्यु को याद रखते हुए निडर होकर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश बाबा धर्मराज के गाथाओं से मिलती है। धर्म का उद्देश्य विभाजन नहीं बल्कि एकता व भाईचारा का प्रचार करना है। कहा कि भगैत भारतीय संस्कृति और सभ्यता की सर्वोत्तम प्रहरी है। लोकगाथा भगैत समाज की किसी वर्ग, धर्म, जाति या व्यक्ति विशेष से संबंधित नहीं है बल्कि सम्पूर्ण समाज की धरोहर है। यज्ञ स्थल से 108 बालिकाओं के द्वारा कलश यात्रा लौकहा, कजहा, अमहा के विभिन्न मार्गों में निकाली गई। जिसमें सैकड़ों ग्रामीण, महासभा सदस्य व पदाधिकारी सहित धर्मराज भक्त शामिल हुए। सम्मेलन में वार्षिक सभापति घिनाय यादव, मालाधारी रामचन्द्र यादव, जिला परिषद् सदस्य गोदावरी देवी, रामनाथ मंडल, पैक्स अध्यक्ष फुलेन्द्र यादव, उप सभापति अनंत प्रसाद यादव, रघुनन्दन यादव, परमेश्वरी यादव, लक्ष्मी यादव, गोपाल प्रसाद यादव, अच्छेलाल यादव, नारायण यादव, रामखेलावन यादव, खट्टर यादव, वासुदेव मंडल, भूखो यादव, महेन्द्र यादव, राधेश्याम पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, राजेश यादव, अमहा मुखिया रामनाथ यादव, संतोष चौधरी, सुरेश यादव, बलराम यादव, नीरज कुमार, आनंद बिहारी यादव, राज कुमार साह, सिकेन्द्र यादव, चन्दन यादव, जय प्रकाश यादव, रविन्द्र यादव, महेन्द्र प्रसाद मंडल, रामनाथ पांडेय, राजेन्द्र यादव, चंदेश्वरी यादव आदि उपस्थित थे।



कलश यात्रा में शामिल लोग

## संक्षिप्त खबरें

### किराना दुकान में गल्ला तोड़कर चोरों ने उड़ाए दो हजार रुपए नकद

**बेलदौर।** बालेश्वर शाह की 46 वर्षीया पत्नी किरण देवी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर दुकान में चोरी की शिकायत की है। महिला आवेदन में जिक्र किया है कि शनिवार की देर रात्रि उसकी किराना दुकान से चोरों ने दरवाजा तोड़कर गल्ले में रखे करीब दो हजार रुपयो चोरी कर लिए। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। म्छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### एक माह पूर्व भटकी 65 वर्षीय वृद्ध महिला को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**बेलदौर।** कुर्बन गांव निवासी विट्ठल ठाकुर की 65 वर्षीया पत्नी बिजली देवी करीब एक माह पहले भटककर कैमूर पहुंच गयी थी। कुछिला थाने की पुलिस गश्ती के दौरान बीते शुक्रवार को अपने साथ थाने ले गयी। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका घर बेलदौर थाना क्षेत्र के कुर्बन गांव में पड़ता है। तब उक्त थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार से बातचीत की। इसके बाद कुछिला थाने के पीटीसी राजू कुमार मंडल, महिला सिपाही संगीता कुमारी के साथ बेलदौर थाने पहुंचकर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने परिजनों को जानकारी देकर महिला को उन्हें सौंप दिया। परिजनों ने कहा कि एक माह पहले यूपी के बाराबनखी रेलवे स्टेशन से भटक गई थी।

### रामचंदा स्थित शुभ लगन रिसोर्ट में हनुमान जन्मोत्सव दो अप्रैल को

**खगड़िया।** त्रिकालदर्शी संत देवराहा बाबा शिवनाथ दास के सान्निध्य में 02 अप्रैल को रामचंदा स्थित शुभ लगन रिसोर्ट में हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें खगड़िया जिले के अलावा बिहार के अन्य जिले यथा आरा, मधेपुरा, सहरसा, भागलपुर, पटना, समस्तीपुर, सुपौल तथा मुजफ्फरपुर से भक्तजन भाग लेंगे। समारोह की सफलता के लिए जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। तैयारियों को लेकर विशेष बैठक की गई, जिसमें उपस्थित भक्त मंडली के सदस्यों में प्रमुख थे समाज सेवी डॉ. अरविन्द वर्मा, डॉ. लाल बिहारी गुप्ता, ध्रुव कुमार, प्रहलाद कुमार, ललित सिंह, मुन्ना कुमार, दिनेश गुप्ता, गौतम यादव, पप्पू कुमार तथा संजीव कुमार आदि। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह में मनोकामना शिवमन्दिर, रामचंद्रा से निकाली जाएगी। शोभा यात्रा जो शहर के विभिन्न मोहल्ले से गुजरता हुआ आयोजन स्थल शुभ लग्न रिसोर्ट में समापन होगा, बाबा शिवनाथ दास महाराज का प्रवचन, हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा।

### कबड्डी टूर्नामेंट का नप सभापति ने किया शुभारंभ खिलाड़ियों और ग्रामीणों में दिखा उत्साह

**गोगरी।** प्रखंड अंतर्गत मैरा पंचायत में चैती दुर्गा मेला पर आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ नगर सभापति अर्चना कुमारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक विकास के साथ-साथ सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर अविनाश कुमार, विनय सिंह, किरण कुमार मधुकर, वार्ड सदस्य कृष्णनंदन कुमार, अनीता देवी, अंशु कुमार, नंदित कुमार, सूरज कुमार, भरत कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में कमेंटेटर की भूमिका ललन कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में रोहित कुमार मौजूद रहे। उद्घाटन मैच परबत्ता और मारर टीम के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग मैच का आनंद लेने पहुंचे।

# सइयां मिले लरकइयां... पर झूमे लोग



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं लोक गायिका कल्पना पटवारी।

**राजकीय चैती दुर्गा मेला के अवसर पर आयोजित भव्य देवी जागरण में शामिल हुईं लोक गायिका कल्पना पटवारी**

**पसराहा (एनएसबी)।** महद्दीपुर राजकीय चैती दुर्गा मेला के अवसर पर आयोजित भव्य देवी जागरण में शनिवार की रात लोक गायिका कल्पना पटवारी ने अपनी सुरीली आवाज से समां बांध दिया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान मेला परिसर हजारों दर्शकों की भीड़ भरा रहा। इसके पहले जागरण का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी नवीन कुमार और परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने गायिका कल्पना पटवारी को स्मृति चिह्न, अंग वस्त्र और चुनरी भेंट किया। मंच संभालते ही कल्पना पटवारी ने मां दुर्गा की स्तुति में जय काली, जय दुर्गा माइया जैसे भक्ति गीतों से कार्यक्रम की दिव्य शुरुआत की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इसके बाद उन्होंने अपनी लोकप्रिय भोजपुरी गीतों की श्रृंखला पेश की, जिसमें बम बम बोल रहा है काशी और सइयां मिले लरकइयां जैसे गीतों पर दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हीं कलाकार पांचवी कक्षा की छात्रा अवनी सिंह रही, जिसने बम बम बोल रहा है काशी गीत पर अत्यंत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह की खूब तालियां बटोरीं। अवनी की प्रतिभा से प्रभावित होकर जिलाधिकारी और विधायक ने उसे शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक महोत्सव ने मेले की रौनक में चार चांद लगा दिए।

## नन्ही अवनी को डीएम और विधायक ने किया सम्मानित

**पसराहा (एनएसबी)।** महद्दीपुर में आयोजित राजकीय चैती दुर्गा मेला भव्य देवी जागरण की रात उस समय यादगार बन गई, जब नौ वर्षीया बच्ची के नृत्य ने पूरे जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुजफ्फरपुर में पढ़ाई कर रही और मूल रूप से नवगछिया के कदवा काशिमपुर की निवासी अवनी सिंह अपने मामा राहुल कुशवाहा के घर आई थी। लोक गायिका कल्पना पटवारी की सुरीली आवाज सुनकर खुद को रोक नहीं पाई। जैसे ही बम बम बोल रहा है काशी के स्वर गूंजे, पांचवीं कक्षा की छात्रा अवनी सीधे मंच पर जा पहुंची और अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन शुरू कर दिया। अवनी का मनमोहक नृत्य देख वहां मौजूद जिलाधिकारी नवीन कुमार और परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य सहित हजारों की भीड़ तालियां बजाने लगे। बच्ची की कला से प्रभावित होकर अतिथियों ने उसे शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। स्वयं गायिका कल्पना पटवारी भी उसकी प्रस्तुति देख भावविभोर हो गईं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अवनी के पिता रमेश कुमार और माता रिमझिम सिंह की इस होनहार पुत्री ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में आयोजित डांस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर बिहार का नाम रोशन किया है। कला, संस्कृति एवं खेल मंत्रालय भी उसे प्राइड ऑफ बिहार पुरस्कार से नवाजा जा चुका है।

# नगर परिषद का 148 .35 करोड़ का बजट पारित

नवसंदेश ब्यूरो

**विकास के साथ जनकल्याण पर बड़ा फोकस : अर्चना**



खगड़िया नगर परिषद की बैठक में मौजूद सभापति अर्चना कुमारी व अन्य।

**प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए दो करोड़ रुपये का किया गया प्रावधान**

**गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए सहायता राशि 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार की गयी**

**खगड़िया।** नगर परिषद खगड़िया ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 148.35 करोड़) का अब तक का सबसे बड़ा बजट पारित किया है। नगर सभापति अर्चना कुमारी के नेतृत्व में तैयार इस बजट में शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ ही सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण की योजनाओं को भी प्राथमिकता दी गई है।

इस बजट को खगड़िया के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस बार बजट को पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न मदों में विभाजित किया गया है। सबसे अधिक जोर शहर के आधारभूत ढांचे के विकास पर दिया गया है। वार्डों में आरसीसी गली निर्माण के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये तथा आरसीसी नाली निर्माण के लिए करीब 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त सड़क एवं गली जीर्णोद्धार के लिए 3 करोड़ रुपये और नाला एवं नाली के पुनर्निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि नगर परिषद शहर की पुरानी समस्याओं जैसे जलजमाव, खराब सड़कें और नालियों की स्थिति को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की योजना बना रही है। शहर के सामाजिक और सामुदायिक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सामुदायिक भवन एवं अन्य सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए लगभग सात करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं पार्क, घाट, सार्वजनिक स्थल एवं शहरी सौंदर्यीकरण के लिए भी अलग-अलग मदों में राशि रखी गई है, जिससे शहर को व्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप देने की दिशा में काम किया जाएगा।

स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को इस बजट में विशेष महत्व दिया गया है। इसके तहत कचरा प्रबंधन एवं अपशिष्ट नियंत्रण के लिए करीब 9 करोड़ रुपये तथा कचरा निस्तारण हेतु भूमि खरीद के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सफाई उपकरण, मशीन, ट्रैक्टर, डस्टबिन आदि की खरीद के लिए भी पर्याप्त राशि निर्धारित की गई है। इससे शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। शहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए लगभग दो करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही जल निकासी, विद्युत व्यवस्था, मरम्मत एवं रखरखाव से जुड़े कार्यों के लिए भी बजट रखा गया है, ताकि शहरी सेवाओं को बेहतर बनाया जा सके।

इस बजट की सबसे खास बात सामाजिक सुरक्षा पर दिया गया विशेष जोर है। नगर परिषद ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों के लिए सहायता राशि को 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया है। यह निर्णय आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत भरा साबित होगा। साथ ही पहली बार नगर परिषद स्तर पर अग्नि एवं प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। इससे आपदा की स्थिति में पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत मिल सकेगी।

बजट में गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता, पशु आश्रय, सार्वजनिक शौचालय, वेंडर जोन, पार्किंग, बस स्टैंड, आवास निर्माण तथा स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि नगर परिषद शहर के हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार कर रही है।

नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि यह बजट खगड़िया के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि परिषद का लक्ष्य है कि विकास कार्यों के साथ-साथ समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को भी सीधा लाभ मिले। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने इस बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इसमें विकास और जनकल्याण का संतुलन दिखाई देता है। लोगों का मानना है कि यदि योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हुआ तो आने वाले समय में खगड़िया बेहतर, स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के रूप में उभर सकता है। लगभग 150 करोड़ रुपये का यह बजट न केवल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा और मानवीय दृष्टिकोण को भी नई मजबूती प्रदान करता है। यह बजट खगड़िया को एक शहर की ओर ले जाने का प्रयास है, जहां विकास के साथ-साथ हर नागरिक की जरूरतों का भी ध्यान रखा जाए।

# युवाओं की डिजिटल निर्भरता चिंताजनक



**अभाविप की बैठक में छात्र-युवा और राष्ट्र पर गहन मंथन**

खगड़िया (**एनएसबी**)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार की तीन दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी परिषद बैठक संपन्न हुई। इसमें शिक्षा सुधार, छात्र हित और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। परिषद ने वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कई नए अभियानों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बैठक में युवाओं की बढ़ती डिजिटल निर्भरता पर चिंता जताई। इसी संदर्भ में स्क्रीन टाइम से एक्टिविटी टाइम अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन से बाहर निकालकर खेलकूद, सामाजिक गतिविधियों, पुस्तक पठन और रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है। परिषद का मानना है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल रहा है, जिसे संतुलित करने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण होगी। इसके अलावा छात्रावास सर्वेक्षण अभियान पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष विनीत लाल इस अभियान के तहत बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रावासों का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेंगे। रिपोर्ट में स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन, पुस्तकालय और अध्ययन के अनुकूल वातावरण जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति दर्ज होगी। परिषद ने स्पष्ट किया कि छात्र हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी प्रदेश मंत्री सुमित सिंह ने बैठक में वंदेमातरम् के 150वें वर्ष पर विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई।

# राख हुए भविष्य की तस्वीर कोई नहीं ले सकता



**खगड़िया (एनएसबी)।** हिन्दी भाषा साहित्य परिषद खगड़िया की बैठक सह कवि गोष्ठी परिषद कार्यालय क्रांति भवन, कृष्णा नगर में हुई। अध्यक्षता जीडी कालेज के प्रो. राम कुमार झा ने की जबकि संचालन शंकरानंद ने किया।

कवि गोष्ठी की शुरुआत वेदांत विवेक की इंसानियत शीर्षक कविता से हुई। वेदांत ने कहा कि नेकी का प्रचार जो, जग में ढोल बजाए/मन भीतर पाषाण सा, करुणा कहां बसाए। शिवम मिश्रा ने कहा - हम चलेंगे जहां ले चलेगी हवा/क्या खबर है कहां ले चलेगी हवा। शंकरानंद ने युद्ध शीर्षक समसामयिक कविता में कहा -न जाने कितने बीज न जाने कितने स्वप्न, न जाने कितनी लालसा, राख होती है युद्ध के बीच ,युद्ध की तस्वीर खींचने वाला इसकी तस्वीर नहीं ले पाता। राख हुए भविष्य की तस्वीर कोई नहीं ले सकता। रामकृष्ण आनंद ने कहा - आपके मुस्कुराने के बाद मुंह फेर के जाने के बाद जो बच गया है वो मैं हूं। डॉ. अनिल ठाकुर ने कहा - प्रकृति की गोद में जब भी ठहर जाता हूं मैं हर एक चिंता से जैसे उभर जाता हूं मैं। कंचन नंदन हर्ष ने कहा - वसंत अब बस तेरा नाम ऋतुराज है। ऋतुराज सा ताज कहां है। अमन आर्यन, ललिता कुमारी के बाद रवि शास्त्री ने कहा - ऐ मां मेरी यादों को दिल में बसा लेना। बदनाम न हों आंसूओं, आंचल में छिपा लेना। धन्यवाद ज्ञापन संध्या किंकर ने किया।

# एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का किया आयोजन

बेलदौर (**एनएसबी**)। नगर पंचायत क्षेत्र स्थित एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार, नगर पंचायत की चेयरमैन ममता कुमारी, एसआई अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, बेला नवाद पंचायत के मुखिया गौरीशंकर शर्मा, पूर्व सरपंच शशि शर्मा, सेवानिवृत शिक्षक जयप्रकाश शर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के विकास कुमार, उप चेयरमैन प्रतिनिधि सूरज कुमार और बीजेपी नेता रंजन कुमार राज ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ ने कहा कि कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। विकास का मूल मंत्र और सफलता की कुंजी है। इसके बिना जीवन दिशाहीन और अधूरा है। यह न केवल ज्ञान और कौशल प्रदान करती है बल्कि आत्मनिर्भरता अच्छे आचरण और सही निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करती है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन इस इमारत की तरह है जिसकी कोई नींव ना हो जो उसे अंधकार से उजाले की ओर ले जाती है। मौके पर समाजसेवी ऋषभ कुमार, विद्यालय के डायरेक्टर संजीत कुमार बंटी, शिक्षक सिंपी कुमारी, बबली कुमारी आदि मौजूद थे।

# कोठिया चैती दुर्गा मेला में दंगल बना आकर्षण का केंद्र

**श्रद्धालुओं ने नम आंखों से दी माता को विदाई**

**खगड़िया (एनएसबी)।** वार्ड संख्या 01 स्थित कोठिया में आयोजित दो दिवसीय श्रीश्री 108 आदि शक्ति माता चैती दुर्गा पूजा एवं मेला संपन्न हो गया। मेले के दौरान दिन में पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता और रात्रि में भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा, जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री और गंगौर थाना प्रभारी श्यामसुंदर पासवान ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता मेला समिति एवं युवा एकता जन कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार यादव ने जबकि संचालन उपाध्यक्ष डॉ. मंटू यादव ने किया। मुख्य अतिथियों ने महिला पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। दंगल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए महिला और पुरुष पहलवानों ने अपने दमखम कौशल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। अपने संबोधन में अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने दंगल को खगड़िया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत बताते हुए कहा कि यह परंपरा युवाओं में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का संचार करती है। उन्होंने युवाओं से कुश्ती के क्षेत्र में आगे बढ़कर जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का आह्वान किया। वहीं, आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने लोगों से समाज में शांति, सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में जदयू जिला उपाध्यक्ष सुबोध यादव, निर्मला कुमारी, जिला महासचिव राजीव रंजन, जयप्रकाश मौर्य, जदयू नेत्री वंदना भारती, समिति के सचिव धर्म कुमार, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार, डॉ. मनोज यादव, पुजारी उदय झा सहित कई लोग उपस्थित रहे। रविवार को लोगों ने नम आंखों से माता को विदाई दी जिससे पूरा वातावरण भावुक हो उठा।

# आहा नाचो-नाचो में प्रथम रही आंशी, मिली साइकिल



**द्वितीय स्थान पर आंचल कुमारी और तृतीय स्थान पर रागिनी कुमारी का चयन निर्णायक मंडली ने किया**

**गोगरी (एनएसबी)।** चैती दुर्गा मेला समिति के रंग मंच पर आहा नाचो- नाचो का आयोजन किया गया। उद्घाटन मेला के अध्यक्ष अजय कुमार निषाद, मंत्री मनोज कुमार तांती, उपकोषाध्यक्ष अनिल कुमार साह ने संयुक्त रूप से किया।

नगर परिषद के वार्ड नं 32 स्थित श्री सार्वजनिक चैती दुर्गा मेला समिति के रंग मंच पर बेस्ट अवार्ड प्रतियोगिता 2026 आहा नाचो-नाचो के 26वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम आंशी कुमारी, द्वितीय आंचल कुमारी व तृतीय रागिनी कुमारी का चयन निर्णायक मंडली के सदस्य राजीव कुमार राजू, कुमुद प्रसाद साहू एवं अनिल कुमार साह ने किया। प्रथम स्थान पर रही अंशी कुमारी को एक साईकिल वहीं द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही क्रमशः आंचल कुमारी और रागिनी कुमारी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शेष बचे प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं गिफ्ट हैंपर से नवाजा गया। वहीं दर्शकों के लिए आयोजित कार्यक्रम पब्लिक मस्ती में जज साक्षी सिंह के द्वारा चयनित प्रतिभागियों को गिफ्ट हैंपर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन निर्देशक उधव कुमार ने किया। इस अवसर पर विक्रम कुमार, मो मुमताज आलम, मनीष कुमार, संजय साह, मिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक मो अशफाक उर्फ अरशद आलम, सोनू गुप्ता, श्वेता कुमारी, मीठी परी, नेहा कुमारी, साक्षी कुमारी, स्मृति रानी, खुशी कुमारी, संगीता कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, तृषा कुमारी, काव्या आर्य, सोनिका कुमारी, रिमझिम कुमारी, मौसम कुमारी, सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

# कटाव से बड़ी मां कात्यायनी स्थान को खतरा



मां कात्यायनी मंदिर के पास बागमती नदी का कटाव देखते विधायक बबलू कुमार मंडल।

**कटाव स्थल का सदर विधायक बबलू मंडल ने किया निरीक्षण**

**यहां सती की दाहिनी भुजा गिरी थी शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध है मंदिर**

**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज उत्तर माड़र के तीन गछिया टोला स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल 'बड़ी मां कात्यायनी स्थान' का सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बागमती नदी के बढ़ते कटाव से उत्पन्न खतरे का जायजा लिया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों ने विधायक को बताया कि बागमती नदी के लगातार कटाव के कारण इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के शक्तिपीठ का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यह स्थल आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। अगर समय रहते कटाव पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह पवित्र स्थल गंभीर खतरे में आ सकता है। विधायक बबलू मंडल को ग्रामीणों ने इस स्थल से जुड़ी धार्मिक मान्यता से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किंवदंती के अनुसार मां कात्यायनी की दाहिनी भुजा इसी स्थान पर गिरी थी, जिसके कारण यह क्षेत्र शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध हुआ। सिरपत बाबा ने इसी स्थान से उस अंग को निकालकर धमारा में मंदिर की स्थापना की थी। इस ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि को सुनकर विधायक ने इस स्थल के संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कटाव रोकने के लिए प्रभावी और स्थायी उपाय जल्द से जल्द किए जाएं। विधायक ने स्पष्ट कहा कि अब तक किए गए कटाव रोधी कार्य पर्याप्त नहीं हैं और इसमें और मजबूती तथा गुणवत्ता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर भी है, जिसकी सुरक्षा सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाकर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे, ताकि कटाव को स्थायी रूप से रोका जा सके। मौके पर जदयू के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष राज कुमार फोगला, जिला परिषद सदस्य सुनील चौरसिया, नरेश यादव, प्रभाष कुमार, कुलदीप कुमार, संतोष कु साह सहित सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कटाव रोधी कार्यों को शीघ्र शुरू कराने की मांग की।

## खगड़िया में 58 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**खगड़िया (एनएसबी)।** मानसी थाना, डीआईयू टीम खगड़िया एवं एसटीएफ पटना की संयुक्त कार्रवाई में जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल 50,000 रुपये के इनामी अपराधी संजय पासवान को गिरफ्तार किया गया है। मानसी थाना कांड संख्या 268/17 में वांछित अपराधकर्मी संजय पासवान को बेगूसराय जिले के तेघड़ा सें गिरफ्तार किया गया है। उसके विरूद्ध मानसी एवं अन्य थानों में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, डकैती आदि जैसे कई संगीन कांड दर्ज हैं। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त संजय पासवान मानसी थाना क्षेत्र के एकनिया गांव का रहनेवाला है। उन्होंने कहा कि अपराधी पर मानसी थाना कांड सं0-60/13 धारा-395 भादवि एवं थाना कांड सं0-116/14 धारा-395 भादवि दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। छापेमारी में मानसी थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## देश में अमन चैन बनाए रखना सरकार की पहली प्राथमिकता

# रोजगार के लिए बिहार के नौजवान को नहीं जाना पड़ेगा बाहर : सम्राट चौधरी

## जनता के साथ उपमुख्यमंत्री ने सुनी मन की बात कार्यक्रम

**मुंगेर (तारापुर)।** जिले के खैरा गांव में आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम को आम लोगों के साथ सुनने के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में अशांति का माहौल है, लेकिन हम सब शांति प्रिय लोग हैं और देश में अमन-चौन बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

दरअसल, 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर के तारापुर विधानसभा क्षेत्र के खैरा गांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने आम जनता के साथ बैठकर कार्यक्रम सुना और इसके बाद लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आने वाले पांच वर्षों में ऐसी व्यवस्था करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे राज्य के लोगों को रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत न पड़े और उन्हें अपने ही प्रदेश में काम मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने वैश्विक हालात का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों जैसे ईरान, इराक और दुबई में अशांति और हमलों की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसे समय में हम सभी को अपने देश में शांति और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत शांति की धरती है, जहां भगवान राम और गौतम बुद्ध ने मानवता को शांति का संदेश दिया।

हम सबको उसी मार्ग पर चलते हुए समाज में भाईचारा बनाए रखना है। कार्यक्रम में विधान पार्षद सदस्य लालमोहन गुप्ता, पूर्व विधायक राजीव सिंह, डीएम एसपी सहित सैकड़ो जनता मौजूद थे।मन की बात कार्यक्रम के बाद उपमुख्यमंत्री ने तारापुर सरकारी बस स्टैंड पर विभिन्न योजना का शुभारंभ करते हुए उद्घाटन किया।उपमुख्यमंत्री ने बलुआही गांव में आयोजित भंडारे का भी शुभारंभ फीता काट कर एवं प्रसाद बितरण कर किया।


तारापुर सरकारी बस स्टैंड पर विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ एवं उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।


खैरा में स्थानीय जनता के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।

## ब्रह्मपुत्र मेल से 119 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ मुंगेर का सागर गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** आरपीएफ के सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा की टीम ने जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी ट्रेन ब्रह्मपुत्र मेल से अंग्रेजी शराब की बरामी करते हुए एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब मामले की जानकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि सूचना मिली कि ब्रह्मपुत्र मेल से शराब का एक बड़ी खेप आने वाला है इसी सूचना पर आरपीएफ राजीव नयन की टीम एवं सीआईबी की टीम ने संयुक्त रूप से ट्रेन में छापामारी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के पास से काला एवं नीला रंग का दो बैग मिला। बैग की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से 119 बोतल अंग्रेजी शराब का बरामद हुआ। बरामद शराब के बारे में गिरफ्तार शराब कारोबारी सागर कुमार ने अपना जुर्म को स्वीकारते हुए कहा कि हम गरीब हैं इसलिए इस तरह का अवैध कारोबार करते हैं। इंस्पेक्टर ने कहा कि शराब मामले में गिरफ्तार सागर कुमार कासिम बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर निवासी बताए गए हैं। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर मध्य निषेध विभाग जमालपुर मुंगेर को भेजा जा रहा है।


बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

# मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन

जमालपुर (मुंगेर)। चैत्र नवरात्रि के समापन और मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूबे नजर आए। जमालपुर के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में भव्य विसर्जन शोभायात्राएं निकाली गईं। जहाँ ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

दुर्गा माता के विसर्जन के दौरान जहां जोगी बाबा दुर्गा स्थान की प्रतिमा को पहले पूरे रामपुर बस्ती मैं घुमाया गया जहां घर से बाहर निकाल कर माता की बहन मां के चरणों में अपना शीश झुकाए। वहीं विसर्जन के दौरान युवाओं एवं उत्साहित श्रद्धालु मां दुर्गे को भक्ति पूर्ण विदाई देते हुए नारे लगा रहे थे।अगले बरस तुम जल्दी आनाष के जयकारों के साथ नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। इधर विसर्जन के दौरान जमालपुर पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ताकि विसर्जन शांतिपूर्वक संपन्न हो। इसके पहले देर रात्रि दुर्गा स्थान में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए पूजा समिति की ओर से आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं के साथ श्रद्धालुओं ने भी मनोरंजन खूब लुप्त अनुशासित तरीके से उठाया। इधर विसर्जन के दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष किसान संजय सिंह, सचिव राजा कुमार, टुनटुन सिंह, अजय सिंह,विपिन सिंह,पप्पू, सन्नू,सौरभ, राहुल,गौरी साहिल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।


प्रतिमा विसर्जन के दौरान झूमते श्रद्धालु।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन

## भाजपा नगर अध्यक्ष पश्चिम के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम

**जमालपुर (मुंगेर)।** सदर बाजार स्थित वलीपुर रोड जमालपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम जमालपुर नगर अध्यक्ष पश्चिमी के शंकर कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बिहार सरकार के लालमोहन गुप्ता जी थे लालमोहन गुप्ता जी ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के श्एकात्म मानववादश् और श्अंत्योदयश् के सिद्धांतों से अवगत कराया गया। बिहार प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश ठाकुर जी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुँचाना और कार्यकर्ताओं के कौशल का विकास करना था।

भाजपा जिला मुंगेर के उपाध्यक्ष प्राण राजन विकास शंभू शरण राय एवं आनंद प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा एक संगठन ही नहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान से तैयार किया गया उनके खून से खींचा गया विश्व का सबसे बड़ा संगठन है।कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनर में भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ-साथ ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी वरिष्ठ नेताओं के चित्र प्रदर्शित किए गए थे। इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला मंत्री ष्ण कुमार सिंह,नंदन कुमार, रूपेश कुमार,अनिल कुमार, चंद्रवंशी भोला रावत,अभिनव कुमार,सोनिका कुमारी, अमन कुमार,अमन,ध्रुव कुमार,शुभम कुमार, मोनिका कुमारी, जानवी कुमारी,आंचल कुमारी,प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार,छोटू कुमार, राकेश कुमार,पवन देव झा, ड अनिल कुमार, विमल कुमार यादव, विष्णु देव मंडल, नीतू कुमारी सहित कई उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मंचासीन भाजपा नेता।

## आओ प्रतिभा दिखाएं शीर्षक पर आयोजित हुआ चित्रकला प्रतियोगिता

**जमालपुर (मुंगेर)।** नंदलाल बसु इन्स्टीटच्यूट अफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट जमालपुर के तत्वावधान मे श्आओ प्रतिभा दिखाएँ श शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता स्थानीय होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल नयागांव जमालपुर मे सम्पन्न कराई गई। प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा प्रथम से वर्ग पंचम के बच्चो ने मुख्य रूप से भाग लिया। बच्चो ने आज प्रतियोगिता मे विभिन्न विषय पर चित्र उकेरे जूनियर वर्ग के बच्चो ने कार्टून,पक्षी, प्रातिक श्य, जल,बिजली, प्रर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण श्य विषय पर चित्र बनाए। वही सीनियर वर्ग के छात्रो ने नारी सशक्तिकरण , साइबर क्राइम अवेयरनेसश, मधुबनी चित्रकला, बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ,मेरा आदर्श, धूम्रपान निषेध जैसे देश कि गंभीर समस्याओ को कागज पर उकेरकर उनके निराकरण का सराहनीय प्रयास किया। संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार चौरसिया ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चो ने अपने मन के भावो एवम कल्पनाओ को कागज पर उकेरकर समाज की समस्याओ का निराकरण किया है। उक्त प्रतियोगिता मे सफल सभी प्रतिभागियो को जुन के अंत मे पुरस्कार वितरण समारोह मे पुरस्त किया जायेगा। प्रतियोगिता का सफल आयोजन में कला संस्थान कि प्रचार्या आंशुलता , विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार चौरसिया, शिक्षक मनोरंजन कुमार , शिक्षिका शालिनी, अर्पिता, श्रुति, सरिता , बबीता , सोना कुमारी , साक्षी ,रोजी , मेघा , माही सहित अभिभावक गण उपस्थित थे।



प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चे।

# कारखाना को नेस्तनाबूत करने का षड्यंत्र कर रहे हैं अधिकारी : संघर्ष मोर्चा

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर कारखाना एवं रेल से जुड़े सवालों के विकास को लेकर वर्षो से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा की एक अति आवश्यक बैठक मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर में एनसीपी के जिला अध्यक्ष मो जाबिर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसका संचालन मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव कर रहे थे।

बैठक में मोर्चा अपने पुराने मांगों के साथ ही पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों के सामूहिक स्थानांतरण रेलवे के निर्माण कार्यो में जबरदस्त लूट खसोट स्टेशन पर महिला सुविधा का घोर अभाव पुराने हर्टिकल्चर एवं वर्तमान रेल नुकंज में पार्क निर्माण शारीरिक दक्षता की तैयारी कर रहे युवक एवं युवतियों के लिए गोल मैदान का गेट खोलने रेलवे द्वारा निविदा पर चलाए जा रहे हैं डिप्टी सीपीओ के वाहन की तय राशि का भुगतानष नहीं होना सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि केंद्र के इशारे पर यहां के पदस्थापित अधिकारी कारखाना को नेस्तनाबूत करने का षड्यंत्र कर जमालपुर को बदनाम करने पर तुले हैं पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों का सामूहिक स्थानांतरण वाहन निविदा राशि के भुगतान में बेवजह का विलंब रेलवे के निर्माण कार्यो में व्याप्त लूट खसोट इसी साजिश का एक हिस्सा है जिस पर रेलवे मुख्यालय संज्ञान नहीं लेती है तो हम मोर्चा के लोग आंदोलन का रुख अख्तियार करेगे।वहीं बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के महासचिव पप्पी कुमार उर्फ पप्पू यादव प्रवक्ता रविकांत झा सचिव पंकज यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति सहित कई अन्य नेताओं ने कहा कि यहाँ का रेल क्षेत्र लुट का सबसे बड़ा बड़ा केंद्र बन गया है रेलवे में जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं सब में दोयम दर्जे का सामान प्रयोग किया जा रहा है नेताओं ने कहा रेलवे स्टेशन पर महिला प्रतिक्षालय, शारीरिक दक्षता की तैयारी का केंद्र गोल्फ मैदान में युवक युक्तियां के लिए एक गेट हर्टिकल्चर जिसे लोग रेल निकुंज के नाम से जानते हैं उसमें पार्क का निर्माण आदि पर संज्ञान ले।

वहीं बैठक के अंत में संघर्ष मोर्चा द्वारा मांगो से संबंधित विज्ञापन रेलवे अधिकारी को सौंपने एवं 15 दिनों के अंदर सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने पर आंदोलन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसके तहत मोर्चा पुतला दहन धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम की रणनीति बनाई गई।बैठक में वरिष्ठ नेता नकुल यादव,अमिताभ कश्यप, विपिन यादव,निरज यादव, राजकुमार शर्मा, दिनेश साहू, चन्दन राउत, तेजश चन्दन साव, अशोक शर्मा, सुरेन्द्र साह, विरेंद्र दास, कुणाल यादव, सदानन्द शर्मा आदि मौजूद थे।



बैठक को संबोधित करते मोर्चा के नेता।

## संक्षिप्त खबरें

## मैट्रिक परीक्षा 2026, लखीसराय के लाल निरंजन ने राज्य में लहराया परचम

### पिता राजमिस्त्री, बेटे ने हासिल किया 7वां स्थान

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणामों में लखीसराय जिले के छात्र निरंजन कुमार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे राज्य में 7वां स्थान प्राप्त किया है। के आर के उच्च विद्यालय, लखीसराय के छात्र निरंजन ने न केवल राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, बल्कि जिले में प्रथम स्थान हासिल कर एक नई मिसाल कायम की है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पूरे जिले में खुशी और गौरव का माहौल है।निरंजन कुमार के पिता बिरजू साव, जो पेशे से एक राजमिस्त्री हैं, अपने पुत्र की इस गौरवमयी सफलता पर भावुक और प्रफुल्लित दिखे। उन्होंने इसे बेटे के कठिन परिश्रम और अटूट समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने साझा किया कि निरंजन बचपन से ही पढ़ाई के प्रति अत्यंत गंभीर रहा है और उसने बिना किसी विचलित भाव के अपने लक्ष्य की ओर नियमित मेहनत की। एक साधारण परिवार से आने के बावजूद निरंजन के संकल्प ने यह साबित कर दिया कि परिस्थितियां चाहे जो भी हों, ढ़ इच्छाशक्ति से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने के आर के मैदान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में निरंजन कुमार को अंगवस्त्रम और पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की और कहा कि सीमित संसाधनों के बीच निरंजन ने जो मुकाम हासिल किया है, वह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक बड़े प्रेरणास्रोत का कार्य करेगा। विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने मेधावी छात्र की सराहना करते हुए कहा कि निरंजन का अनुशासन और कठिन परिश्रम ही उसकी सबसे बड़ी ताकत रही है। इस सफलता की सूचना मिलते ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से निरंजन को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और हर ओर उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है।


निरंजन को सम्मानित करते जिलाधिकारी।

## विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल, लखीसराय की एक महत्वपूर्ण बैठक

**लखीसराय (एनएसबी)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल, लखीसराय की एक महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 2 अप्रैल, दिन बृहस्पतिवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।निर्धारित रूट के अनुसार, यह शोभा यात्रा बाजार समिति मैदान से प्रारंभ होगी और नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों का भ्रमण करेगी। शोभा यात्रा पुरानी बाजार, चित्तरंजन रोड और थाना चौक से गुजरते हुए पुनः मुख्य मार्ग पर आएगी। इसके पश्चात शहीद द्वार होते हुए लखीसराय रेलवे स्टेशन तक जाएगी, जहाँ इस भव्य आयोजन का विधिवत समापन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस आयोजन की रूपरेखा पर अपनी सहमति जताई। साथ ही, संगठन की ओर से सभी कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वे इस गौरवशाली यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और इस धार्मिक कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।


बैठक करते लोग।

## लखीसराय में मद्य निषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई

### शराब बेचने और पीने वाले 6 लोग गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए मद्य निषेध विभाग द्वारा शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान कुल 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें शराब विक्रेता और पीने वाले दोनों शामिल हैं। मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, पहली छापेमारी हलसी थाना क्षेत्र के बकियासुरारी में की गई, जहाँ बकियासुरारी निवासी विजय चौधरी और उमेश चौधरी को देसी शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। विजय चौधरी के पास से 3250 लीटर और उमेश चौधरी के पास से 2000 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई है। दूसरी कार्रवाई सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर में हुई, जहाँ अजय साव की पत्नी शकुना देवी को 3250 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, पीरीबाजार थाना क्षेत्र के लठिया कोड़ासी में छापेमारी कर शराब का सेवन करने के आरोप में तीन युवकों को पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों में पीरीबाजार निवासी विवेक कुमार, भगतपुर निवासी हकीम कुमार और गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर थाना अंतर्गत करसघाट निवासी संतोष सिंह शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से शराब माफियाओं और सेवन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।


गिरफ्तार धंधेबाज व पीने वाले ।

# मैट्रिक परीक्षा में नसरीन बनी भोजपुर टॉपर

## राज्य स्तर पर नसरीन को मिला पांचवा स्थान, शुभम कुमार ने सूबे में सातवां स्थान हासिल किया

नव संदेश ब्यूरो

**आरा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में पुरे बिहार में भोजपुर के सात छात्र-छात्राओं ने टॉप टेन में जगह बनाई। भोजपुर जिले के गडहनी आरडीएम हाई स्कूल की छात्रा नसरीन प्रवीण भोजपुर टॉपर बनी है। उसने पूरे बिहार में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ। नसरीन परवीन ने 486 (97.2 प्रतिशत) अंक हासिल किया।

**बिहार बोर्ड की परीक्षा में भोजपुर के छह छात्र-छात्राओं ने टॉप-10 में बनाई जगह**

**शिवशक्ति कुमार एवं रौशन कुमार को मिली आठवीं रैंक**

**अंजली कुमारी व सोनू कुमार को सूबे में दसवां स्थान मिला**



बिहार बोर्ड की परीक्षा में भोजपुर टॉपर बनी नसरीन परवीन के साथ परिजन।

वही एनपी हाईस्कूल सिकरौल के छात्र शुभम कुमार को सातवां स्थान प्राप्त हुआ। उसे 484 (96.8 प्रतिशत) अंक मिला। इसी तरह पीरो अनुमंडल अंतर्गत तरारी स्थित नव यूएमएस भकुरा के छात्र सुमित कुमार, उच्च मवि, कटरिया भोजपुर के छात्र शिवशक्ति कुमार एवं उच्च विद्यालय बिहिया के छात्र रौशन कुमार ने आठवां रैंक हासिल किया है। तीनों को 483 (96.6 प्रतिशत) अंक प्राप्त हुआ। वही एनपी हाईस्कूल सिकरौल की छात्रा अंजली कुमारी एवं हाईस्कूल जमुआंव के छात्र सोनू कुमार को सूबे में दसवां स्थान मिला। दोनों ने 481 (96.2 प्रतिशत) अंक हासिल किया।

### भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता है शिवशक्ति

**पीरो (भोजपुर)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा (मैट्रिक) 2026 में 483 अंक हासिल कर टाप टेन (8वीं रैंक) में शामिल पीरो प्रखंड के कटरियां निवासी मिंटू कुमार गुप्ता व पूनम देवी का पुत्र शिवशक्ति कुमार आगे कठिन परिश्रम व मेहनत की बूते आईएएस अधिकारी बनना चाहता है। वैसे शिवशक्ति कटरियां गांव के एक अति साधारण परिवार से आता है।

शिवभक्ति के पिता मिंटू कुमार गुपता ने गांव में ही कपड़े की छोटी सी दूकान खोल रखी है जबकि माता पूनम देवी सामान्य गृहणी है। शिवशक्ति ने सीमित साधनों के बीच गांव में रहकर ही पढाई की है। शिवशक्ति ने प्रतिदिन 8 से10 घंटे स्वाध्ययन की बदौलत यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सफलता के लिए मेहनत के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

### मैट्रिक परीक्षा में सहोदर भाईयों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**चरपोखरी (एनएसबी)।** प्रखण्ड के मदरिहाँ गॉव निवासी दो सहोदर भाईयों ने मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने परिवार के साथ पूरे प्रखण्डवासियों को गौरवान्वित किया है। पसौर पूर्वी पंचायत समिति सदस्य सुशीला देवी व शिक्षक नेता संजय कुमार सिंह के दोनों पुत्रों अमित एवं सुमित ने क्रमशः 85 और 84.50 प्रतिशत अंक हासिल कर मैट्रिक परीक्षा में परचम लहराया है। बताया जाता है कि दोनों भाईयों की पढ़ाई आरा के हरखेन कुमार जैन ज्ञान स्थली उच्च विद्यालय में किया है।

## आरंभ एकेडमी के सभी विद्यार्थियों ने मैट्रिक में डिस्टिंक्शन प्राप्त की, करण कुमार भोजपुर में तीसरे स्थान पर



**आरा (एनएसबी)।** आरंभ एकेडमी के सभी विद्यार्थियों ने आज बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डिस्टिंक्शन अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है। एकेडमी के करण कुमार को भोजपुर में कुल 475 अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला। यह परिणाम आरंभ एकेडमी की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और विद्यार्थियों पर केंद्रित शिक्षण पद्धति का प्रमाण है। करियर काउंसलर मनीष वत्स के नेतृत्व में अमित कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह तथा ऋषिकेश सूर्यवंशी सहित बिहार और भोजपुर जिले के टॉपर विद्यार्थी आज कोचिंग सेंटर में एकत्र हुए। आरंभ एकेडमी, जो विशेष रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करती है, ने इस वर्ष भी अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की है। मनीष वत्स ने कहा, यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और हमारी टीम के अथक प्रयासों का फल है।

## संक्षिप्त खबरें

### एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला में अंतर्विद्यालयी परीक्षा आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी बाली सोनवर्षा में अंतर्विद्यालयी बेस्ट 2026 परीक्षा आयोजित हुई जिसमें विद्यालय के कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 तक के कुल 1586 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह




परीक्षा तीन चरणों में आयोजित हुई जिसमें प्रथम राउंड के क्वार्टर फाइनल में कुल 1586 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। कुल 15 नंबर के परीक्षा में 472 छात्र-छात्रा क्वालीफाई हुए जिन्होंने द्वितीय राउंड के सेमीफाइनल राउंड में हिस्सा लिया। द्वितीय राउंड में कुल 38 छात्र छात्राओं ने क्वालीफाई किया जिन्होंने 15 मार्क्स की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए फाइनल राउंड में हिस्सा लिया। इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं को परस्पर कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह ने बताया कि यह परीक्षा पूरे बिहार भर में अपने आप में एक तरह का अनूठा एग्जाम है। इस परीक्षा का रिजल्ट 29 मार्च को विद्यालय सभागार में प्रकाशित किया गया। जिसमें क्लास टॉपर्स के साथ-साथ प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी वर्ग विजेता छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ब्रोंज मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही साथ स्कूल टॉपर्स का तमगा हासिल करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। संचालन उप प्राचार्य मुकेश कुमार ने किया। निर्णायक मंडल में प्राचार्य ए के घोष, वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार, शिक्षक रीता सिंह, सरिता सिंह, शीतल कुमारी, रोहित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, अमरजीत मिश्रा, शंकर दयाल सिंह, राजू कुमार, सुरेश कुमार सिंह इत्यादि शिक्षकों ने निभाई।

### माता अगर धरती है तो पिता आकाश होते हैं : कुमार अजय सिंह

**आरा (एनएसबी)।** माता धरती होती है और पिता आकाश होते हैं। यह बात स्व० रामेश्वर सिंह के स्मृति हेतमपुर भोजपुर में प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर दिए जा रहे श्रद्धांजलि सभा सह भजन संध्या के मंच पर संचालन करते वक्त भोजपुरी के



प्रति समर्पित गीतकार एवं कहानीकार कुमार अजय सिंह ने कहा। उक्त कार्यक्रम के आयोजक छोटु सिंह लोहतमिया उपाध्यक्ष कुश्ती संघ भोजपुर ने अपने पिता के याद में रखा था। जहां बिहार सहित अन्य जगहों से कलाकार, पहलवान, समाजसेवियों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि दिया। गायक देवकुमार सिंह, ने का करब राई-राई पाई-पाई जोड़के, निर्गुण को गाकर अपनी प्रस्तुति को दिया। भोजपुर जिला से प्रथम बार कुश्ती में बने बिहार केशरी चंदन पांडेय, अनु गुप्ता कैमुर को जाने माने पहलवान अरुण सिंह बक्सर, मुख्य अतिथि मौर्या होटल के प्रबंध निदेशक, श्री बीडी सिंह, भरत सिंह सहयोगी, छोटु सिंह लोहतमिया सहित लोगों के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र के कार्यक्रम को मनोज सिंह शिक्षक ने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कुमार अजय सिंह ने किया। उपस्थित लोगो में समाज सेवी विष्णु सिंह, उप महापौर प्रतिनिधी सरोज सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह जमीरा, रामकुमार सिंह, डा० अनिल कुमार सिंह, दूलौर हास्पीटल, डॉ मुकेश सिंह, बेयंत पहलवान, अंजू देवी पूर्व जिला पार्षद, धिरज सिंह युवा नेता, उदय सिंह, कृष्णा सिंह, हरेराम सिंह, रामसुंदर सिंह, मंटु सिंह बी ए एस एफ, बीरेंद्र सिंह, संजय सिंह, गुप्तेश्वर पहलवान, राजेन्द्र पहलवान, विशुनदेव पहलवान, रघुपति पहलवान। मृत्युंजय भारद्वाज, मुखिया मिथुन सिंह, मंटु सिंह, विजय सिंह सहित सैकड़ों लोग थे।

## मैट्रिक रिजल्ट में शाहपुर के मेधावियों का जलवा, क्षेत्र में खुशी का माहौल

**शाहपुर (एनएसबी)।** मैट्रिक परीक्षा के रिजल्ट में प्रखंड क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शाहपुर मिशन चर्च स्थित निर्मला शिक्षा भवन व मैथेमेटिक्स कोचिंग सेंटर के छात्र आकाश रजक ने 471 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया।



वहीं आलोक कुमार ने 470 अंक, पायल कुमारी ने 465 अंक, अमित कुमार ने 462 अंक, सोनाली कुमारी ने 457 अंक, सूर्यांश पाल ने 453 अंक, आशीष यादव ने 448 अंक, अमित कुमार ने 446 अंक तथा उपेंद्र कुमार सिंह ने 444 अंक प्राप्त किए। इधर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुआर व ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर के छात्र हिमांशु मिश्र ने 470 अंक प्राप्त किए। खुशबू राय ने 464 अंक, मनु चौधरी व चंदन साह ने 461-461 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

छात्रा कमला कुमारी ने 468 अंक प्राप्त कर प्रखंड का गौरव बढ़ाया। शांति कोचिंग सेंटर की छात्रा रेशमी कुमारी राय ने 457 अंक तथा विष्णु शंकर पाल ने 454 अंक प्राप्त किए। निदेशक पिंटू भैया, शांति कोचिंग सेंटर के संचालक सोनू गुप्ता एवं ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर करनामेपुर के संचालक लक्ष्मण यादव उर्फ मनु सर ने बधाई दी।

## एसके साइंस क्लासेस पूरे जिले में रहा दबदबा

**आरा (एनएसबी)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का परिणाम आज जारी हो के साथ ही एस के साइंस क्लासेज के संस्थापक श्रवण कुमार और शिक्षक राहुल सर, गोविंद सर ने बताया कि मैट्रिक टॉपर वेरिफिकेशन में संस्थान से 6 छात्रों का कॉल आया था और वह सभी छात्र अपने जिला में जिला टॉपर की सूची में अपना स्थान बनाने में सफल रहे। जिसमें नेहा कुमारी ने 479 अंक, संजोग कुमार राय ने 472 अंक, खुशबू कुमारी 472 अंक, राजवीर कुमार 472 अंक, राहुल कुमार 472 अंक, विकास कुमार 469 अंक ,प्रियम कुमारी 469 अंक, हर्ष कुमार 468 अंक, सुमन कुमारी 464 अंक, दीपांशु कुमार 464 अंक, आदित्य कुमार 461 अंक, गुड्डू कुमार 460 अंक, समीर कुमार 457 अंक, संकल्प कुमार 457 अंक, अरमान



कौशल 456 अंक, कृष कुमार 451 अंक, हर्ष कुमार 451, साकृति कुमारी 449 अंक, सूरज कुमार 448 अंक, अमृता कुमारी 448 अंक,रंजीत कुमार 448 अंक, प्रिंस कुमार 448 अंक,करण कुमार 447 अंक सावन कुमार 446 अंक, इसी प्रकार संस्थान से 120 से अधिक छात्रों ने 80ः से अधिक अंक लाकर जिला का नाम रोशन किया। सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संस्थान के संस्थापक सभी छात्रों को बधाई।

## स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत का गूंजा संकल्प



**आरा (एनएसबी)।** नागरी प्रचारिणी सभागार में मैक्सवेल हर्बल द्वारा सेमिनार आयोजित हुआ। स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत व आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की अभूतपूर्व भागीदारी ने इसे एक विशाल जन-आंदोलन का स्वरूप दे दिया।

मुख्य अतिथि श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर, शाहपुर विधायक राकेश ओझा तथा आध्यात्मिक गुरु डॉ. श्रीपति त्रिपाठी उपस्थित रहें। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए सूबे के श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा का आयुर्वेद ही भविष्य है। इसे हर

**हरेक व्यक्ति आयुर्वेद और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाएं : संजय टाईगर**

**मैक्सवेल हर्बल के सेमिनार ने बदली सोच**

लोगो को अपनाना चाहिए। प्रधानमंत्री का सपना है स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत, और इस दिशा में मैक्सवेल हर्बल का कार्य बेहद सराहनीय है। रविशंकर ओझा ने कहा कि वह वेद जो आयु को बढ़ाए, वही आयुर्वेद है और यही भारत की असली ताकत है। हम केवल व्यापार नहीं कर रहे, हम एक स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं। शाहपुर विधायक राकेश ओझा ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध राष्ट्र की नींव होते हैं, जिसमे मैक्सवेल हर्बल अपनी अहम भूमिका निभा रही है और इसी संकल्प के साथ रविशंकर ओझा और मैक्सवेल हर्बल भारत में आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य क्रांति को नई दिशा देने में पूरी ताकत से जुटे है। कार्यक्रम में ज्ञानती तिवारी, सत्येंद्र पांडेय, उपेन्द्र पांडेय, उमाशंकर चैधरी, देवंती देवी, रिंकू देवी, विभा राय, मनोरंजन कुमार, सुमंत कुमार साह, संतोष पांडेय, मूटन प्रसाद केशरी, ओमप्रकाश प्रसाद, सुरेश सिंह, बिनोद कुमार, सहित अन्य थे।

## रसोई गैस की होगी होम डिलेवरी अब गोदाम से नहीं होगा वितरण

**पीरो (एनएसबी)।** रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है। इसके लिए गैस एजेंसी के कार्यालय या गोदाम पर जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। एजेंसी के वेंडर हर उपभोक्ता के घर जाकर रसोई गैस की डिलेवरी देंगे। ये बातें अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने जारी प्रेस नोट में कही है। अनुमंडल पदाधिकारी के अनुसार गैस सिलेंडर की उपलब्धता और उसको घर-घर पहुंचाने को लेकर जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित एजेंसियों और कंपनियों के साथ बैठक की है और उसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि घर-घर सिलेंडर उपभोक्ताओं को पहुंचाना है।

इसके बावजूद यह पाया जा रहा है कि अनेक उपभोक्ता विशेष करके पीरो में अजय इंडेन के उपभोक्ता बार-बार यहां लाइन लगा दे रहे हैं जबकि लोगों के घर गैस सिलेंडर पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बार-बार समझाने के बाद भी उपभोक्ता गैस एजेंसी के केंद्र पर या पड़ाव मैदान में आकर के लाइन लगा दे रहे हैं जो ठीक बात नहीं है। किसी भी उपभोक्ता को कल सुबह से गैस एजेंसी या पड़ाव मैदान से गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गैस की पूर्ण उपलब्धता है। गैस की कोई कमी नहीं है।

### भीम आर्मी के बैनर तले पीरो में मनेगी अंबेडकर की जयंती

**पीरो (एनएसबी)।** भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पीरो में समारोह के साथ मनाई जाएगी। इसके लि भीम आर्मी के बिहार प्रदेश महासचिव ऋषिराज के मार्गदर्शन व पीरो प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार की देखरेख में कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है। आयोजित बैठक में पीरो, नगरी, बलुआही टोला, चैबे की छावनी, हाटपोखर, छ्वरही जंगल महाल, नगरी, बरौली, खननीकलां, हसवांडीह, बचरी, हसन बाजार, चरपोखरी, अगिआंव सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों लोगों के अलावे आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेश यादव, मनीष कुमार,अविनाश कुमार, नरेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, गुलबस, रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

## निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर आयोजित



**आरा (एनएसबी)।** शहर के विष्णु नगर जेड चैक के समीप फिजियोहील एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान 40 से अधिक मरीजों का आधुनिक तकनीक से निःशुल्क जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। वही 15 रेगुलर मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी दिया गया।

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि इस बार मरीजों को निःशुल्क फिजियोथेरेपी के साथ ब्लड प्रेशर, वजन, ब्लड टेस्ट, सीबीसी एवं ब्लड शुगर इंदिरा पैथ लैब के सौजन्य से किया गया। फिजियोहिल-एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर आरा शहर का एकमात्र स्पेशलाइज्ड इन आथोर्पेडिक एंड न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन सेंटर है। उन्होंने बताया अब अगामी 19 अप्रैल को निःशुल्क फिजियोथैरेपी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप को सफल बनाने में आभा, रेशमा एवं संगीता का सक्रीय योगदान रहा है।

**40 से अधिक मरीजो का आधुनिक तकनीक से जांच कर दिया गया परामर्श**

### विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर के कला प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी के स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षक शिक्षिका के साथ साथ छात्राएं शामिल हुई। छात्राओं को सर्विकल सेंसर वैक्सिंग का दुसरा डोज डाक्टर अदिति ब्रिंद, खुशबू कुमारी ओफ्थालमिक असिस्टेंट, सुजामपादी देवी, मुकेश कुमार,दिपक कुमार, धर्मेन्द्र कुमार स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दिया गया। साथ में स्वास्थ्य संबंधित दवा भी वितरित किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने कहा छात्राओं के स्वास्थ्य के लिए यह वैक्सीन बहुत जरूरी है। मौके पर सामाजिक विज्ञान शिक्षिका अर्चना कुमारी, अंग्रेजी शिक्षिका अर्पिता यादव, मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल रिंकल कुमारी रिंकी कुमारी, रेणु कुमारी, प्रीति कुमारी शिक्षक सुकेश कुमार, मनोज कुमार, चर्चिल टैगोर, शुभांशु शर्मा ने भी छात्राओं के बीच स्वास्थ्य संबंधित जानकारिया छात्राओं में मुख्य सुरभि कुमारी, रागिनी कुमारी, गुड़िया कुमारी, ज्योति कुमारी आदि उपस्थित थी।

### वीर कुंवर सिंह किला में आज गूंजेंगे चैता



**जगदीशपुर (एनएसबी)।** स्वाधीनता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की ऐतिहासिक धरती जगदीशपुर में आज भव्य चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। नगर पंचायत जगदीशपुर के पूर्व मुख्य पार्षद मुकेश कुमार (गुड्डू) ने मीडिया से बातचीत करते हुए कार्यक्रम की तैयारियों और रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन पूर्व मंत्री सह जगदीशपुर विधायक भगवान सिंह कुशवाहा द्वारा किया जाएगा।

## महादलितों बच्चों में बांटी पाठ्य व खाद्य सामग्री

**आरा (भोजपुर)(एनएसबी)।** स्व. रामेश्वर सिंह की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र छोटू सिंह लोहतमिया द्वारा चैराई महादलित टोला के बच्चे-बच्चियों एवं गर्भवती महिलाओं के बीच पाठ्य एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर छोटू सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से महादलित टोला के बच्चों एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच जाने के बाद अपनापन काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पिता जी सदैव हमसब को सीख देते थे कि जरूरतमंदों की मदद करने में कभी भेद-भाव मत करना। आज उन्हीं के बताए रास्तों पर चलकर काफी शकुन महशूस होता है। इस समाज के लोगों को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए कुछ किया जाए इसी प्रेरणा से मैं इनके बीच जाकर खुशी का अवसर तलाशता हूॅ। इस अवसर पर डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि छोटू सिंह लोहतमिया द्वारा पिछले कई वर्षो से अलग-अलग अवसरों पर उनके बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता है। समाज को ऐसे लोगों की कृतियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर कुंदन कुमार सिंह, अमन कुमार, सुमित पाण्डेय एवं खुशी कुमारी आदि थे।



सामग्री वितरण करते छोटु सिंह लोहतमिया।

**परोपकारी लोगों के कृत्यों से प्रेरणा ले समाज : भवेश**

### पारस हेल्थ ने बिहार में शुरू की विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं




**आरा (एनएसबी)।** पारस हेल्थ ने बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की शुरूआत की है। उक्त बातें पारस हेल्थ के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अब रोबोटिक सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और लिवर ट्रांसप्लांट जैसी जटिल और उन्नत प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की जा रही हैं। पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला अस्पताल है, जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है।

# गर्मी में खूब पानी पिएं, स्वस्थ रहने के लिए यह जरूरी



**सीवान जिले के चांडी बाजार में निःशुल्क हेल्थ कैम्प में बोले डॉ. गौरव मिश्रा**

**करीब 500 मरीजों की जांच व इलाज, स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष जोर**

**मरीजों के बीच निशुल्क दवा का भी किया गया वितरण**

**लोग बोले- ऐसे आयोजन सुदूर क्षेत्र के लिए वरदान**

**बड़हरिया (सीवान) (एनएसबी)।** पटना के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गौरव मिश्रा ने कहा कि गर्मी में खूब पानी पीने से कई रोगों से बचाव संभव है। इसलिए घर से बाहर निकलने से पहले पानी अवश्य पिएं। साथ ही, मौसमी फलों का भी सेवन करें।

डॉ. मिश्रा रविवार को बड़हरिया प्रखंड के चांडी बाजार में अर्जुन फाउंडेशन की ओर से आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प में मरीजों का इलाज करने के बाद सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक कर रहे थे। कैम्प में क्षेत्र के लोगों ने निःशुल्क इलाज कराया और पटना के आईजीआईएमएस से यहां आकर अपनी सेवा देने के लिए डॉ. गौरव मिश्रा का आभार जताया। इस शिविर में करीब 500 मरीजों की निःशुल्क जांच कर उनका इलाज किया गया तथा आवश्यक दवाओं का भी मुफ्त वितरण किया गया।

इस अवसर पर आईजीआईएमएस, पटना के गोल्ड मेडलिस्ट वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गौरव मिश्रा ने मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर उनकी समस्याओं के अनुसार उचित इलाज किया और आवश्यक परामर्श



मेडिकल कैम्प में मरीजों को परामर्श देते पटना के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गौरव मिश्रा।

दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, मूत्र एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच निःशुल्क की गई, और उनका उचित इलाज करने के बाद उन्हें आवश्यक दवा भी दी गई। इस अवसर पर डॉ. गौरव मिश्रा ने मरीजों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपाय भी विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को नशे से दूर रहने, स्वच्छता बनाए रखने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी।

शिविर में मौजूद लोगों को यूरोलॉजी से संबंधित समस्याओं के बारे में भी जागरूक किया गया और समय पर इलाज कराने के लिए प्रेरित किया गया। डॉक्टर ने बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां आगे चलकर बड़ी बीमारी का रूप ले सकती हैं, इसलिए शुरूआत में ही सावधानी बरतना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में स्थानीय लोगों ने अर्जुन फाउंडेशन के इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होते हैं, और अर्जुन फाउंडेशन ऐसे आयोजन में बड़ी भूमिका निभा रहा है। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है, और आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# एजेंट के धोखे ने छीनी नींद, कंबोडिया में जा फंसे भोजपुर जिले के दो युवक

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** रोजगार की तलाश में सात समंदर पार गए भोजपुर जिले के जगदीशपुर और सहार के दो युवक कंबोडिया की जेल में बंद हैं। परिजनों का आरोप है कि उन्हें एजेंटों ने धोखे से वहां फंसाया है। अब पीड़ित परिवार ने भारत सरकार और राज्य सरकार से अपने बेटों की सुरक्षित वतन वापसी की गुहार लगाई है। पीड़ित युवक अमरजीत कुमार के भाई सूरज कुमार ने बताया कि उनका भाई और उनके जीजा मनीष कुमार जो भोजपुर के सहार, का रहने वाले हैं. बीते 29 जनवरी को बेहतर भविष्य के सपने लेकर कंबोडिया गए थे। अरैला गांव निवासी अमरजीत के पिता हृदयानंद राम और माता प्रभावती देवी अपने लाल की सुरक्षित वापसी की राह देख रहे हैं। सूरज कुमार ने भावुक होते हुए कहा, हमें डर है कि वहां उनके साथ कुछ अनहोनी न हो



**परिजनों ने सुरक्षित वतन वापसी के लिए सरकार से लगाई गुहार**

जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से अपने पति को कंबोडिया से सुरक्षित लाने की मांग की है। महिला का आरोप है कि एजेंट के झांसे में आकर उसके पति वहां फंस गए हैं, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर 6 लाख की मांग की है। महिला ने सरकार से जल्द मदद की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुर के संदेश में हरवंश माध्यमिक उच्च विद्यालय चांदी का शैक्षणिक भ्रमण

**संदेश (एनएसबी)।** प्लस टू एस.एन. लाल उच्च विद्यालय अखगांव संदेश के छात्र-छात्राओं ने ट्यूनिंग आफ स्कूल कार्यक्रम के तहत कोईलवर प्रखंड स्थित हरवंश माध्यमिक उच्च विद्यालय चांदी का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं के दल को बस के माध्यम से रवाना किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका




प्रमिला कुमारी के द्वारा बताया गया कि ट्विनिंग ऑफ स्कूल समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूलों के बीच एक साझेदारी कार्यक्रम है। जो एक बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूल (सहयोगी) और एक सुधार की आवश्यकता वाले स्कूल (सहभागी) को जोड़ता है। यह कार्यक्रम ज्ञान, संसाधनों, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके शिक्षकों एवं छात्रों के बीच सीखने की प्रक्रिया को समृद्ध बनता है। परिभ्रमण में कक्षा 11वीं एवं नौंवी के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विद्यालय की ओर से सुमन कुमारी, संगीता कुमारी, जय श्री, वीरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, उमेश कुमार, विश्वकर्मा प्रसाद, दीपक कुमार, मोहम्मद आसिफ सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं परिभ्रमण में शामिल हुए।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**आरा(एनएसबी)।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन के पूरब साइड का अप व डाउन लाइन के बीच ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### किसना ने कंकड़बाग में एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च किया, राज्य में 16वें एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरूआत

**पटना (एनएसबी)।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार में अपने 16वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन पटना के कंकड़बाग स्थित आरके प्लाजा, मेन रोड पर किया। शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स राज कुमार राय एवं प्रगति कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस भव्य उद्घाटन के अवसर पर किसना ने विशेष उद्घाटन ऑफर की घोषणा की है जिसमें शोरूम लॉन्च के दिन डायमंड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। साथ ही, फेस्टिव सीजन के तहत ह्यअक्षय हैप्पीनेस कैंपेनह्ण के अंतर्गत ह्यद बिगेस्ट फेस्टिव ऑफरह्ण भी पेश किया गया है, जिसमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पर कई आकर्षक ऑफर्स शामिल हैं, जो ग्राहकों को त्योहारों के जश्न के साथ खरीदारी के लिए आमंत्रित करते हैं। इस ऑफर के तहत डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 40 प्रतिशत और गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, चुनिंदा खरीदारी पर 10 ग्राम और 20 ग्राम के सिल्वर कॉइन मुफ्त दिए जाएंगे, साथ ही पुराने सोने पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू का लाभ भी मिलेगा।

**पटना में घरेलू एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन तत्पर, डीएम ने अफसरों संग की हालात की समीक्षा**

# गैस की जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्ती

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, पटना के निदेश पर डोमेस्टिक एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने हेतु सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग एवं तत्पर है। घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने हेतु सेक्टर, जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों द्वारा होटलों, ढाबों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं छापामारी की जा रही है। जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडरों के अवैध उपयोग की शिकायत आने पर सख्त विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सभी पुलिस अधीक्षकों, अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति, विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, गैस कंपनियों के अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की समीक्षा की गई तथा एलपीजी गैस की उपलब्धता, बुकिंग एवं वितरण की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। पदाधिकारियों को उपभोक्ताओं की हर


राजधानी पटना में रविवार को रसोई गैस की आपूर्ति करने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में निकलते गैस वेंडर।

सुविधा का ध्यान रखने तथा ब्लैकमार्केटिंग, होर्डिंग या अधिक दाम पर बिक्री की शिकायत आने पर अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने तथा गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को रिस्पॉंसिव (उत्तरदायित्वपूर्ण) तरीके से कार्य करने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि डोमेस्टिक एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग एवं तत्पर है। उपभोक्ताओं को कोई समस्या न हो इसके लिए अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है तथा एलपीजी गैस के ब्लैकमार्केटिंग एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। अपर जिला दंडाधिकारियों एवं अन्य जिला-स्तरीय पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों/अनुमंडल-स्तरीय पदाधिकारियों तथा प्रखंड-स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा एलपीजी गैस डीलर्स एवं वितरकों के यहाँ नियमित तौर पर निरीक्षण तथा छापामारी की जा रही है। उपभोक्ताओं, माननीय जन प्रतिनिधियों तथा आम जनता से फीडबैक भी लिया जा रहा है। ब्लैकमार्केटिंग, होर्डिंग या अधिक दाम पर बिक्री की शिकायत आने पर अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने का निदेश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर स्पष्ट हो रहा है कि उपभोक्ताओं द्वारा मेरिट के आधार पर ही बुकिंग की जा रही है अर्थात अनावश्यक बुकिंग नहीं की जा रही है। लोगों में पैनिक की स्थिति नहीं है। उपभोक्तागण आवश्यकता के अनुसार ही बुकिंग करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यह अच्छी स्थिति है। अधिकारीगण उपभोक्ताओं, गैस एजेंसियों, माननीय जन प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों के साथ लगातार संपर्क एवं संवाद स्थापित कर रहे हैं और फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं के हित में एलपीजी घरेलू गैस के पारदर्शी एवं सुचारू रूप से आपूर्ति के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता का मामला प्रकाश में आने पर दोषी लोगों के विरुद्ध एस्मा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के निवारण एवं सिलेंडर की जमाखोरी की रोकथाम हेतु 28 धावा दल निरंतर सक्रिय है। इन धावा दलों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, प्रखंड आपूर्ति निरीक्षकों एवं सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के तौर पर तैनात किया गया है। ये सभी नोडल पदाधिकारी उपभोक्ताओं/नियंत्रण कक्षों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निवारण कर रहे हैं। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड स्तरों पर घरेलू एलपीजी गैस से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु गठित धावा दलों/व्यवस्था के वरीय प्रभारी पदाधिकारी के तौर पर नामित करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# बाजार में जीएसटी विभाग की छापेमारी, अधिकारियों के पहुंचते ही बंद हुई दुकानें

**शाहपुर (एनएसबी)।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग की टीम ने रविवार को शाहपुर बाजार में अचानक छापेमारी कर व्यापारियों में हड़कंप मचा दिया। विभागीय अधिकारियों की टीम सुबह बाजार पहुंची और अलग-अलग दुकानों पर जाकर कर संबंधित कागजातों की बारीकी से जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि टीम ने कपड़ा, किराना, हार्डवेयर, सोनारी दुकान समेत कई प्रकार की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जीएसटी पंजीकरण, बिक्री-खरीद के बिल, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों का अवलोकन किया। कई दुकानदारों से मौके पर ही पूछताछ भी की गई। छापेमारी की खबर आग की तरह पूरे बाजार में फैल गई। देखते ही देखते अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी और बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई व्यापारी बिना कुछ बताए ही दुकान बंद कर मौके से निकल गए। इस कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों में भय का माहौल देखा गया। कई व्यापारियों का कहना है कि उन्हें नियमों की पूरी जानकारी नहीं है। जिससे वे असमंजस में हैं।

# टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किए तीन नए फंड

**लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड, लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड और ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स फंड**

**पटना (एनएसबी)।** भारत की एक प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने आज तीन नए फंड लॉन्च किए हैं। ये फंड निवेशकों को भारत की विकास क्षमता और वैश्विक तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, साथ ही टाटा एआईए की यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स के माध्यम से जीवन बीमा सुरक्षा का लाभ भी देते हैं।

निवेशक इन फंडों और टाटा एआईए के निवेश समाधानों के बारे में अधिक जानकारी टाटा एआईए डांट कॉमपर पा सकते हैं। टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड, टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड, और टाटा एआईए ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स को इस तरह बनाया गया है ताकि निवेशक भारत की नई और आधुनिक कंपनियों और दुनिया भर में हो रही तकनीकी तरक्की से होने वाले मुनाफे का फायदा उठा सकें।

ये फंड आईएफएससी नियमों के अनुसार शासित और विनियमित हैं। टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड। टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड । टाटा एआईए ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स फंड।

एनएफओ की अवधिः 24 मार्च से 31 मार्च 2026 तक। एनएवी पर यूनिट अलॉटमेंटः 31 मार्च 2026 की आधी रात को डोमेस्टिक (भारतीय) फंड्स के लिए रूपया 10 और ग्लोबल फंड के लिए डॉलर 10 की दर से यूनिट्स जारी की जाएंगी। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी हर्षद पाटील ने कहा, नवाचार भारत और दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को नया रूप दे रहा है। टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड, टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड, टाटा एआईए ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स फंड - इन तीन नए फंड्स के लॉन्च के साथ, हम अपने पॉलिसीधारकों को इन बदलाव लाने वाले क्षेत्रों में निवेश करने का मौका दे रहे हैं, साथ ही उन्हें जीवन बीमा की सुरक्षा का लाभ भी मिलता रहेगा। निवेशकों के लिए इन अवसरों का फायदा उठाने और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने का यह बिल्कुल सही समय है।

**बोचहां प्रखंड के रुदहां में आयोजित हाट बाजार एवं पशु मेला में बवाल**

# थिएटर के स्टेज पर जमकर चले लात घूंसे

नव संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** बोचहां प्रखंड क्षेत्र के गरहा थाना अंतर्गत रुदहां में आयोजित भव्य मेला मनोरंजन के बजाय एक विवादित वीडियो को लेकर सुर्खियों में आ गया है। मेले के दौरान संचालित एक थिएटर के स्टेज पर अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आपसी विवाद के बाद महिला डांसरों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरा स्टेज जंग के मैदान में तब्दील हो गया और कलाकारों के बीच मयार्दा की सारी सीमाएं टूट गईं।

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह डांसर एक-दूसरे पर लात-घूंसे और थप्पड़ बरसा रही हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि स्टेज पर मौजूद अन्य कर्मियों और कुछ लोगों को बीच-बचाव के लिए कूदना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद मामले को शांत कराया गया, लेकिन तब तक वहां मौजूद दर्शकों ने इस पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया, जो अब तेजी से


मेला में थियेटर के मंच पर भिड़े कलाकार औऱ जंग का अखाड़ा बना मंच।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साथ हीं मेला में हुई यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि इस मेला का उद्घाटन बीते 20 मार्च को बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के द्वारा किया गया था। उद्घाटन के मौके पर कई बड़ी हस्तियों और वीआईपी चेहरों की मौजूदगी ने इस आयोजन को काफी हाई-प्रोफाइल बना दिया था। औराई के पूर्व विधायक व राज्य के पूर्व राजस्व एवं भूमिसुधार मंत्री रामसूरत राय के संरक्षण में आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे थे। लेकिन इस हिंसक झड़प ने आयोजन की गरिमा पर सवालिया निशान लगा दिया हैं। इस घटना के सामने आने के बाद अब स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब इतने बड़े पैमाने पर मेले का आयोजन किया गया और इसमें पूर्व मंत्री व विधायक जैसे कद्दावर नेता शामिल हैं, तो वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं

**डांसरों के बीच गुत्थम-गुत्थी के कारणमची रही अफरा तफरी**

**मेले में भीड़ के मद्देनजर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम को लेकर उठ रहे सवाल**

थे? थिएटर जैसे संवेदनशील स्थानों पर जहां भारी भीड़ जुटती है, वहां पुलिस बल या निजी बाउंसरों की तैनाती न होना बड़ी लापरवाही की ओर इशारा करता है। फिलहाल, मेला के दौरान हुई मारपीट की घटना का वायरल हो रहे वीडियो को लेकर स्थानीय पुलिस और मेला प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन इस शर्मनाक घटना ने मेले के प्रशासनिक प्रबंधन की पोल खोल कर रख दी है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम पर इस तरह की अराजकता को रोकने के लिए प्रशासन भविष्य में कोई कड़ा रुख अपनाएगा।

## पंचायत भवन में कार्यपालक सहायिका का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला

**छपरा कार्यालय।** सारण जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप की स्थिति हो गई जब मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बसारी पंचायत भवन में एक कार्यपालक महिला सहायक प्रियंका कुमारी का शव संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मृतका इसी पंचायत भवन में कार्य करती थी। और दिन में 2 बजे तक उसकी घरवालों से बात भी हुई है। उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है इस बात की जानकारी उसके घर वाले ने दी है। घरवालों के मुताबिक जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंची तो घर वालों ने उसकी खोज खबर लेनी शुरू की लेकिन वह कहीं नहीं मिली उसके बाद परिवार के सदस्य बसारी पंचायत भवन पहुंचे लेकिन वहां भी उन्हें कुछ नहीं मिला बाद में आज एक बार फिर वह लोग बसारी पंचायत भवन पहुंचे और खोज भी शुरू की जब उन्होंने कमरे के अंदर झाका तो प्रियंका कुमारी का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। इस भवन में उसकी स्कूटी भी खड़ी हुई मिली। इसके बाद वहां कोहराम मच गया स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मुफस्सिल थाना को दी उसके बाद थाना प्रभारी रंजीत कुमार दलबल के साथ वहां पहुंचे और अपने वरीय पदाधिकारी को भी इस बात की सूचना दी।

# आमजन में सकारात्मक सोच पैदा करता है 'मन की बात' : चौरसिया


दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कार्यक्रम का 132वां संस्करण सुना।

**पटना(एनएसबी)।** दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने रविवार को प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें संस्करण को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ आर ब्लॉक स्थित बूथ संख्या 394 पर सुना।

कैलाशपति मिश्रा मंडल में आयोजित कार्यक्रम के बाद विधायक ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रेरणादायक प्रयासों को साझा करना हम सभी के लिए उत्साहवर्धक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में जनहित कार्यों के रूप में उतारने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।